रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 57] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, मार्च 24, 2011/चैत्र 3, 1933
No. 57] NEW DELHI, THURSDAY, MARCH 24, 2011/CHAITRA 3, 1933

महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण

अधिसूचना

मुम्बई, 18 मार्च, 2011

सं. म.प्र.प्रा./53/2007-जनेप न्यास.—महापत्तन न्यास अधिनियम, 1963 (1963 का 38) की धाराओं 48, 49 तथा 50 के अधीन प्रदत्त शक्तियों के उपयोग में महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण एतद्द्वारा, जवाहरलाल नेहरू पत्तन न्यास के सितम्बर, 2006 में अनुमोदित प्रशुल्क की समीक्षा के प्रस्ताव का निस्तारण करता है जैसा कि इसके साथ संलग्न आदेश में दिया गया है ।

महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण

वाद सं. म.प्र.प्रा./53/2007-जनेप न्यास

जवाहरलाल नेहरू पत्तन न्यास .... **आवेदक**

आदेश

(18 फरवरी, 2011 को पारित)

यह मामला सितम्बर, 2006 में अनुमोदित जवाहरलाल नेहरू पत्तन न्यास (जनेप न्यास) के प्रशुल्क की समीक्षा से संबंधित है ।

2.1. जनेप न्यास के दरमानों का अंतिम संशोधन सितम्बर, 2006 में दिनांक 28 सितम्बर, 2006 के आदेश के माध्यम से किया गया था। चूंकि सितम्बर, 2006 में जनेप न्यास के शुल्क के सामान्य पुनरीक्षण के दौरान वर्ष 2006-07 का वास्तविक कंटेनर यातायात और इस प्राधिकरण द्वारा वर्ष 2006-07 हेतु अनुमानित यातायात के बीच भारी अंतर था, अतः इस प्राधिकरण ने जनेप न्यास में कंटेनर संचालन गतिविधि हेतु निर्धारित शुल्क की समीक्षा नियत समय से पूर्व करने का निर्णय किया और जनेप न्यास को पत्तन में समस्त गतिविधियों हेतु प्रशुल्क प्रस्ताव 31 मार्च, 2008 से पहले प्रस्तुत करने की सलाह दी।

2.2. जनेप न्यास द्वारा निर्धारित तिथि 31मार्च, 2008 से पूर्व प्रस्ताव प्रस्तुत करने में अभिव्यक्त की गई कठिनाइयों पर विचार करते हुए शुल्क प्रस्ताव प्रस्तुत करने हेतु नियत तिथि आगे बढ़ाकर 30 सितम्बर, 2008 कर दी गई।

2.3. तदनन्तर, जनेप न्यास ने बताया कि उसने शुल्क संशोधन प्रस्ताव तैयार कर लिया है तथा यह प्रस्ताव इस प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत किए जाने से पूर्व पत्तन के न्यासी मंडल द्वारा अनुमोदित किया जाना है। चूंकि जनेप न्यास बोर्ड की सितम्बर 2008 माह हेतु बैठक अक्टूबर, 2008 में आयोजित की जानी निर्धारित थी तथा बोर्ड की बैठक में विचार-विमर्श के दौरान आने वाले सुझावों की संभावना के दृष्टिगत जनेप न्यास ने शुल्क प्रस्ताव प्रस्तुत करने हेतु नियत तिथि 31 अक्टूबर, 2008 तक आगे बढ़ाने का अनुरोध किया। इस प्राधिकरण ने जनेप न्यास का अनुरोध स्वीकार कर लिया तथा जनेप न्यास को उसका शुल्क प्रस्ताव करने हेतु तिथि आगे बढ़ाकर 30 अक्टूबर, 2008 कर दी गई।

3. इस पृष्ठभूमि में जनेप न्यास ने अपना प्रशुल्क प्रस्ताव 29 अक्टूबर, 2008 को प्रस्तुत किया। तथापि, जनेप न्यास ने प्रस्तावित दरमान इस आधार पर प्रस्तुत नहीं किया कि चूंकि पत्तन द्वारा प्रस्तावित दरों में वृद्धि इस प्राधिकरण द्वारा स्वीकार की अथवा नहीं की जा सकती है, अतः वह प्रस्तावित दरमान महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण द्वारा निर्णय दिए जाने के पश्चात् प्रस्तुत करेगा। चूंकि मार्च 2005 का शुल्क दिशानिर्देश उपबंध 3.2.4, अन्य के साथ, उपयोक्ताओं को संशोधित प्रस्तावित शुल्क दर प्रसारित किया जाना अनुबद्ध करता है, अतः उपयोक्ताओं को प्रस्तावित दरमान के बिना अपूर्ण प्रस्ताव प्रसारित किया जाना निरर्थक माना गया। तदनुसार, हमने जनेप न्यास को अन्य चीजों के साथ, प्रस्तावित दरमान का मसौदा प्रस्तुत करने का अनुरोध किया। अनुस्मारकों के पश्चात् जनेप न्यास ने दरों का प्रस्तावित प्रारूप मान दिसम्बर, 2008 में प्रस्तुत किया।

4.1. जनेप न्यास द्वारा उसके दिनांक 29 अक्टूबर, 2008 के प्रस्ताव में प्रस्तुत किए गए प्रमुख बिंदु जो कि प्रस्ताव के साथ संलग्न दस्तावेजों में देखे जा सकते हैं, को यहां नीचे सारांकित किया गया है:

(i) वर्ष 2006-07 तथा 2007-08 का वास्तविक यातायात और वर्ष 2008-09 से 2011-12 तक के लिए प्रक्षेपित यातायात निम्नानुसार है:

वर्ष	कंटेनर यातायात (लाख टीईयूज में)	सीमेंट तथा बल्क कार्गो (लाख टन में)	जलयान	
			यातायात	कुल जीआरटी (मिलियन में)
2006-07	13.05	6.27	2430	60.95
2007-08	12.61	7.44	2712	71.37
2008-09	12.25	6.75	2515	70.25
2009-10	12.25	6.75	2486	68.16
2010-11	12.25	6.75	2535	69.68
2011-12	12.25	6.75	2603	71.98

(ii) बीओटी प्रचालकों से प्राप्त आय पर विचार नहीं किया गया है चूंकि वह शुल्क दिशानिर्देशों के अनुसार पूंजीगत व्यय के लिए निलंब खाते में अंतरित की जानी होती है।

(iii) निलंब खाते में अब तक अंतरित की गई राशि (रायल्टी/राजस्व अंश का 100%) निम्नानुसार है:

वर्ष	राशि (करोड़ रु. में)
2005-06	79.00
2006-07	190.00
2007-08	336.00
योग	**605.00**

निलंब खाते में पहले ही रखे गए रू. 605 करोड़ और उस खाते में भविष्य में होने वाली राशि से मुख्य निकर्षण तथा पूंजीगत व्यय प्रक्षेपों में सम्मिलित नहीं की गई अन्य परियोजनाओं की व्यवस्था की जाएगी।

(iv) लगभग रू.1200 करोड़ की राशि, जो भविष्य में मुख्य निकर्षण पर उपगत की जानी प्रस्तावित है, को नियोजित पूंजी पर प्राप्ति (आरओसीई) के प्रयोजन हेतु पूंजीगत व्यय नहीं माना गया है, क्योंकि वह राशि निलंब खाते में किए गए अंतरण के समक्ष समंजन हेतु अभिप्रेत है।

(v) मंत्रालय द्वारा वर्ष 2008-09 हेतु अनुमोदित वार्षिक योजना और वर्ष 2009-10, 2010-11 तथा 2011-12 हेतु प्रक्षेपों के अनुसार उपगत किया जाने वाला पूंजीगत व्यय निम्नानुसार है:

वर्ष	पूंजीगत व्यय (करोड रु. में)
2008-09	175.17
2009-10	352.02
2010-11	405.43
2011-12	389.68
योग	1322.30

(vi) महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण द्वारा संसूचितानुसार, आरओसीई 16% की दर पर तथा मुद्रास्फीति का अवयव 4.6% प्रशुल्क प्रस्ताव में विचारित किया गया है। तथापि, जनेप न्यास के न्यासियों ने बोर्ड की बैठक में मत प्रकट किया कि 4.6% का मुद्रास्फीति का अवयव चालू वर्ष में विद्यमान वास्तविक स्थितियों के अनुरूप

नहीं है और इसलिए जनेप न्यास का प्रस्ताव संसाधित करते समय महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण द्वारा उच्चतर प्रतिशत की अनुमति दी जानी चाहिए। वर्ष 2007-08 के दौरान विद्यमान औसत विनिमय दर रू. 40.27 प्रति अमेरिकी डालर को प्रशुल्क प्रस्ताव में विनिमय दर माना गया है।

(vii) महाराष्ट्र राज्य विद्युत मंडल (एमएसईबी) द्वारा पत्तन की स्थिति में एक औद्योगिक उपभोक्ता से सेवा उपभोक्ता के रुप में परिवर्तन के परिणामस्वरुप पत्तन हेतु औसत विद्युत शुल्क में वृद्धि हुई है, चूंकि औद्योगिक उपभोक्ता के लिए लागू रियायती दरें उपलब्ध नहीं है। विद्युत व्यय का अनुमान लगाने में इसका ध्यान रखा गया है।

(viii) कर्मचारियों को 1 जनवरी 2007 से देय वेतन संशोधन की बकाया राशियों, 1 जनवरी 2007 से 30 जून,2008 तक पूर्व-संशोधित मूल वेतन पर 13.5% अंतरिम अग्रिम के भुगतान हेतु प्रावधान किया गया है। जनेप न्यास में तैनात कें.औ.सु.बल कार्मिकों के वेतन भी 1 जनवरी, 2006 से संशोधित किए जाने नियत हैं। अतएव, विगत वर्षों हेतु तथा तदनंतर सामान्य वेतन वृद्धि, डीए इत्यादि हेतु वार्षिक बढ़ोतरी के लिए 25% का प्रावधान किया गया है।

(ix) वर्ष 2011-12 तक कोई नये बीओटी प्रचालनों का प्रारंभ प्रस्तावित नहीं है।

(x) कुछ सूखे थोक कार्गो जैसे सीमेंट, स्टील कॉइल्स का प्रहस्तन उथले घाट (एसडब्ल्यूबी) पर किया जाता है। किराया आधार पर रेल माउण्टेड क्वे क्रेनों (आरएमक्यूसी) के संस्थापन द्वारा एस डब्ल्यू बी को यांत्रिक बनाया जाना प्रस्तावित है। एक बार इसके यंत्रचलित होने पर, सूखे थोक कार्गो (प्रमुख रुप से सीमेंट) की उठाई-धराई की गुंजाइश और कम हो जाएगी। इसलिए सामान्य कार्गो के घाट शुल्क में कोई वृद्धि नहीं की गई है। चूंकि सीमेंट और स्टीलकॉइल्स की कीमतें मूल्य संवेदी होती है तथा अर्थव्यवस्था पर मुद्रास्फीति का प्रभाव पैदा करती हैं, अतः यह प्रस्ताव किया जाता है कि सामान्य और सूखे थोक कार्गो की दरों में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा।

(xi) एसडब्ल्यूबी में कंटेनर्स की उठाई-धराई के लिए 2009-10 से 2 नग आरएमक्यूसी रू. 510/- प्रति टीईयू की नियत दर पर किराए पर लिए जाएंगे तथा इस हेतु रु. 6.89 करोड़ प्रति वर्ष की लागत आएगी। इस संबंध में ईंधन मूल्यवृद्धि, नवीनीकरण पर बढ़ी दरों और बेहतर हाउसकीपिंग के लिए भी प्रावधान किया गया है।

(xii) सन 1989 में क्रय की गई सभी क्रेनें और तैरते यान भी प्रतिस्थापित किए जाने की आशा है। पूंजीगत व्यय प्रक्षेप तदनुसार ही किए गए हैं।

(xiii) जनेप न्यास में जलयान यातायात की बढ़ी मांग की पूर्ति हेतु अपने तथा किराए के वर्तमान तैरते यानों के बेड़े के अतिरिक्त, 2009-10 से 2 अतिरिक्त टग्स तथा पायलट लॉन्च किराए पर लेने का जनेप न्यास का विचार है।

(xiv) सम्पदा संबंधित शुल्कों के विषय में, अध्यक्ष (जनेप न्यास) की अध्यक्षता में एक समिति भूमि नीति दिशानिर्देशों के अनुसार शुल्क के निर्धारण हेतु गठित की गई

है। समिति द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने तक सम्पदा संबंधी शुल्क को वर्तमान में यथावत रहने देने का प्रस्ताव किया गया है।

इसके अतिरिक्त, सम्पदा संबंधी आय में टैंक फार्म आबंटियों को पट्टे पर दी गई भूमि से होने वाली आय का प्रमुख अंश होता है। चूंकि प्रत्येक आबंटन के लिए एक पृथक अनुबंध है, अतः शुल्क के संशोधन का कोई प्रभाव नहीं होगा। जहां तक छोड़े गए भाग का संबंध है, यह सम्पदा संबंधी आय का महत्वपूर्ण भाग नहीं है।

4.2. जनेप न्यास द्वारा प्रस्तुत लागत विवरण में वित्तीय स्थिति निम्नानुसार परिलक्षित की गई है:

क्र.सं	गतिविधि	विद्यमान दर पर परिचालन आय (करोड़ रु. में)				प्राप्ति के पश्चात शुद्ध अधिशेष/घाटा (करोड़ रु. में)				विद्यमान शुल्क दर में अपेक्षित वृद्धि*
		2009-10	2010-11	2011-12	कुल	2009-10	2010-11	2011-12	कुल	
1	कार्गो*	312.78	312.94	313.08	938.80	-41.22	-105.23	-146.06	-292.51	31.16%
2	जलयान	113.85	116.38	120.22	350.45	-49.86	-47.82	-45.71	-143.39	40.92%
3	सम्पदा	91.99	94.74	97.60	284.33	-20.64	-37.08	-61.55	-119.27	41.95%

* कार्गो गतिविधि में कंटेनर गतिविधि भी सम्मलित है।

4.3. जनेप न्यास द्वारा कंटेनर शुल्क में 18% वृद्धि तथा जलयान संबंधी शुल्क में 49% वृद्धि का प्रस्ताव किया गया है। प्रस्तावित शुल्क वृद्धि से वर्ष 2009-10 तथा 2011-12 हेतु रु. 338.85 करोड़ का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होने का अनुमान है।

5. निर्धारित परामर्शी प्रक्रिया के अनुसार, जनेप न्यास के प्रस्ताव की एक प्रति न्हावा-शेवा इंटरनेशनल कंटेनर टर्मिनल लिमिटेड (एनएसआईसीटी), गेटवे टर्मिनल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (जीटीआईपीएल), भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) तथा संबंधित उपयोक्ता संगठनों के साथ जनेप न्यास द्वारा सुझाए गए अतिरिक्त उपयोक्ताओं को भी उनकी टिप्पणियों हेतु प्रेषित की गई थी। विभिन्न उपयोक्ताओं/उपयोक्ता संगठनों से प्राप्त टिप्पणियां जनेप न्यास को उसकी टिप्पणियों हेतु अग्रसरित की गई थी। जनेप न्यास ने अपने पत्र दिनांक 19 मार्च, 2009 तथा 21 अप्रैल 2009 के माध्यम से अपनी टिप्पणियां प्रस्तुत की हैं।

6. प्रस्ताव की प्रारंभिक संवीक्षा के आधार पर, जनेप न्यास से अतिरिक्त सूचना/स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया। जनेप न्यास ने अपना उत्तर भेज दिया है। पूछे गए प्रश्नों और जनेप न्यास द्वारा दिए गए स्पष्टीकरणों को यहां नीचे तालिका में प्रस्तुत किया गया है:

क्र.सं.	उठाए गए प्रश्न	जनेप न्यास का उत्तर
(क)	<u>सामान्यः</u>	
(i).	जनेप न्यास अपने न्यासी मंडल की बैठक के कार्यवृत की प्रति	जनेप न्यास ने न्यासी मंडल की बैठक के कार्यवृत की प्रति प्रस्तुत कर दी है। मंडल ने कंटेनर प्रशुल्क में

	प्रस्तुत करे जिसमें जनेप न्यास के शुल्क दर संशोधन प्रस्ताव पर विचार किया गया था।	18% और पोत शुल्क में 49% वृद्धि हेतु जनेप न्यास का प्रस्ताव अनुमोदित किया है।
(ii).	जनेप न्यास महापत्तन न्यासों हेतु शुल्क-प्रपत्र में निर्धारित प्रारुप के प्रपत्र 1 की क्रम सं. 2,3,4 तथा 8 पर अपेक्षित विवरण में प्रस्तुत करे।	[जनेप न्यास ने बताया है कि उसके द्वारा विवरण पहले ही प्रस्ताव में दिया जा चुका है। लेकिन कोई विवरण नहीं पाया गया है।]
(iii).	वर्ष 2008-09 हेतु पत्तन के समग्र परिचालन लागत का अनुमान वर्ष 2007-08 हेतु वास्तविक लागत की तुलना में साधारणतः अधिक पाया गया है। अनुमानित वेतन एवं मजदूरी लागत, विद्युत लागत, ईंधन, तलकर्षण व्यय और मरम्मत एवं अनुरक्षण व्यय क्रमानुसार 23%, 82%, 49%, 62% और 33% अधिक हैं। जनेप न्यास अप्रैल 2008 - दिसम्बर 2008 अवधि हेतु वास्तविक यातायात और आय/व्यय समस्त गतिविधियों/उप-गतिविधियों हेतु निर्धारित प्रारूप में लागत विवरण में प्रस्तुत करें। वर्ष 2008-09 हेतु अनुमान समस्त गतिविधियों/ उप-गतिविधियों के लिए अनुवर्ती वर्षों हेतु अनुमानों में तदनुसारी परिवर्तनों के अनुसार समायोजित किए जाए।	हमारी वर्तमान पद्धति त्रयमासिक लागत पत्र तैयार करने की पद्धति नहीं है। तथापि, बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत त्रयमासिक वित्तीय प्रदर्शन पर पटल पत्र संलग्न हैं। वर्ष 2008-09 हेतु वास्तविक आंकड़े लेखा बंदी का कार्य पूर्ण होने पर प्रस्तुत किए जाएंगे। [पटल पत्र में अप्रैल 2007 से दिसम्बर 2007 और अप्रैल 2008 से दिसम्बर 2008 तक की अवधियों के अंनतिम वित्तीय परिणामों की तुलनात्मक स्थिति दर्शाई गई है]
(iv).	जनेप न्यास द्वारा प्रस्तुत प्रपत्र 7 में वर्ष 2005-06, 2006-07 और 2007-08 हेतु अनुमानों तथा वास्तविक व्यय की तुलना दी गई है। जनेप न्यास को प्रपत्र 7 में वर्ष 2008-09 हेतु भी ऐसी तुलना शामिल करनी चाहिए।	ऊपर (III) देखें।
(v).	जनेप न्यास द्वारा विभिन्न प्रचालनों/ सेवाओं हेतु रखे जाने वाले उत्पादकता स्तरों को इंगित नहीं किया गया है। जनेप न्यास को दिनांक 28 सितम्बर 2006 के पूर्व आदेश के पैरा सं. 15(xxviii)(क) द्वारा विभिन्न प्रचालनों/सेवाओं के उत्पादकता स्तर तैयार करना प्रारंभ करने की सलाह दी गई थी। जनेप न्यास को विभिन्न प्रचालनों/सेवाओं हेतु उत्पादकता का विवरण प्रस्तुत करना चाहिए। इस संबंध में 2005 के शुल्क दिशानिर्देशों का खण्ड 6.8 देखें।	जनेप न्यास के उत्पादकता स्तर की गणना अनुसीमन हेतु विभिन्न परियोजनाओं के पूर्ण होने पर उपस्करों के प्रापण और उनके के प्रचालन प्रारंभ होने के पश्चात् नए सिरे से की जाएगी।

(vi). जनेप न्यास द्वारा वर्ष 2008-09 से 2011-12 तक की अवधि के लिए मंजूर की गई (और मंजूर की जाने वाली) रियायतों, (प्राप्य रायल्टी/राजस्व हिस्सा तथा पट्टा किराया) से प्राप्ति योग्य आय के विस्तृत विवरण का ब्योरा किया जाना चाहिए।

विस्तृत विवरण प्रपत्र-9 में पहले ही दिया जा चुका है, तथापि प्रतिलिपि प्रस्तुत की जा रही है। (जनेप न्यास द्वारा प्रस्तुत निलंब (एस्क्रो) खाते का सारांश नीचे तालिकाबद्ध किया गया है:

(करोड़ रु. में)

विवरण	06-07	07-08	08-09	09-10	10-11	11-12
	वास्तविक	वास्तविक	आरई/बीई	प्रक्षेप	प्रक्षेप	प्रक्षेप
..से रायल्टी/राजस्व अंश (यथा स्थिति)						
एनएसआईसीटी	111.19	168.65	215.34	185.55	205.45	240.35
जीटीआईपीएल	72.45	160.72	168.83	208.52	219.35	224.08
बीपीसीएल	6.21	6.29	7.65	7.94	7.94	7.94
योग	189.85	335.66	391.82	402.01	432.74	472.37
अधिशेष श्रम यदि कोई है शून्य						
निजीकरण के आधार पर अधिशेष श्रम की लागत शून्य						
अधिशेष श्रम की लागत पूर्ति हेतु प्रयुक्त रायल्टी/राजस्व अंश शून्य						
निलंब खाते में अंतरण	189.85	336.00	392.00	402.00	433.00	472.00
निलंब खाते में प्रारंभिक शेष	269.00	605.00	997.00	1399	1232	1304

		निलंब खाते से पत्तन संरचना के सृजन / आधुनिकीकरण हेतु निवेश - - - 600 400 200 निलंब खाते से वित्तीय निवेश (बैंक में टीडीआर) 269 605 997 799 832 1104 निलंब खाते में अंतिम शेष 269 605 997 799 832 1104 [जनेप न्यास ने स्वीकृत रियायतों से प्राप्य पट्टा किराया का विस्तृत विवरण प्रस्तुत नहीं किया है। जनेप न्यास ने जनेप न्यास में निजी सीएफएस प्रचालकों से प्राप्त रायल्टी/राजस्व हिस्सा भी लेखाबद्ध नहीं किया है।]
(vii).	जनापूर्ति मान के संदर्भ में, जनेप न्यास का कथन है कि वह अपनी स्वीकृत संख्या शक्ति के भीतर कार्य कर रहा है। उल्लेखनीय है कि एक महापत्तन न्यास को मार्च, 2005 के शुल्क दिशानिर्देशों के खण्ड 2.6.2 में अनुबद्ध किए गए अनुसार विभिन्न प्रचालनों हेतु जनापूर्ति मान नियमित रूप से समायोजित करने चाहिए। जनेप न्यास को इस संबंध में उठाए गए कदमों का वर्णन करना चाहिए।	रिपोर्ट की जांच चल रही है तथा विचाराधीन है।

(viii).	जनेप न्यास को वर्ष 2006-07 से 2011-12 तक की अवधि में संचालित/संचालन हेतु अनुमानित अन्य कार्गों के लिए पृथक लागत विवरण प्रस्तुत करना चाहिए।	संचालित अन्य कार्गो सीमेंट है जो थोक गतिविधि में सम्मिलित है। लागत अनुमान लागत विवरण के अनुसार उपलब्ध कराए गए हैं।
(ix).	जनेप न्यास से वर्ष 2006-07 से 2011-12 तक के लिए मुख्य कंटेनर घाट और उथले घाट पर प्रहस्तित कंटेनरों हेतु पृथक लागत विवरण उपलब्ध कराने का अनुरोध है।	लागत विवरण 1 (ग) मुख्य कंटेनर घाट से संबंधित है तथा 1 (ख) उथले घाट से संबंधित है। उथले घाट पर प्रहस्तित कंटेनरों की लागत विवरण 1 (ग) में सम्मिलित है तथा मुख्य घाट और उथले घाट में पृथक्करण संभव नहीं है।
B.	<u>वित्तीय/लागत विवरण:</u>	
1.	<u>क्षमता:</u>	
(i).	जनेप न्यास ने बल्क घाट की डिजाइन की गई क्षमता 1.20 मिलियन टन और कंटेनर बर्थ की डिजाइन की गई क्षमता 15 मिलियन टन बताई है। जनेप न्यास से अनुरोध हैकि वह महापत्तन न्यासों हेतु निर्धारित शुल्क फाइलिंग प्रपत्रों के प्रपत्र 2 क के नोट 2 के अनुसार अपेक्षित डिजाइन की गई क्षमता के निर्धारण हेतु विस्तृत गणना प्रस्तुत करे। कंटेनर बर्थ की डिजाइन की गई क्षमता भी टीईयू की संख्या में अभिव्यक्त की जानी चाहिए।	जनेप न्यास ने मुख्य घाट की घाट क्षमता और उथले घाट की घाट क्षमता और यार्ड क्षमता की गणना प्रस्तुत की है। **<u>घाट क्षमता</u>** (मुख्य घाट) 1.02 मिलियन टीईयू (उथला घाट) 0.08 मिलियन टीईयू पोत गियर्स युक्त) ---------- कुल घाट क्षमता 1.10 मिलियन टीईयू ---------- [**मुख्य घाट** की क्षमता 8 नग क्वे क्रेनों तथा 70% उपयोग पर 360 दिन 16.2 फेरे प्रति घंटा प्रति क्रेन पर आधारित है। उथले घाट हेतु क्षमता की गणना प्रस्तुत नहीं की गई है] **यार्ड क्षमता**

जनेप न्यास कंटेनर यार्ड	क्षेत्रफल (वर्ग मी. में)	भू अंश (संख्या में)	भंडारण क्षमता (टीईयू में)	टिप्पणी
ग्रेवल यार्ड	96000	2688	7525	4 हाई स्टैकिंग
आयात यार्ड	69000	1584	4425	4 हाई स्टैकिंग
रीफर यार्ड	20000	184	280	2 हाई स्टैकिंग

		आईसीडी यार्ड 46000 1172 2461 2 हाई स्टैकिंग खाली कंटेनर यार्ड 31000 775 1550 2 हाई स्टैकिंग ओडीसी यार्ड 4400 85 85 1 हाई स्टैकिंग योग (1) 266400 6488 16326 निर्यात के लिए निजी यार्ड (2) 100000 1925 4041 3 हाई स्टैकिंग एसडीबी यार्ड (3) 36000 640 1920 3 हाई स्टैकिंग एसडीबी के निकट चरण-1 के तहत प्रस्तावित यार्ड (4) 65000 1250 3750 3 हाई स्टैकिंग कुल योग (1+2+3+4) 467400 10303 26037 (जनेप न्यास द्वारा प्रस्तुत की गई भंडारण क्षमता वार्षिक यार्ड क्षमता प्रतीत नहीं होती है)
(ii).	जनेप न्यास को मुख्य कंटेनर घाट और उथले घाट हेतु मानक इष्टतम क्षमता की गणना हेतु फरवरी 2008 शुल्क दिशानिर्देश में निर्धारित सूत्र और प्राचलकों का अनुसरण करते हुए पृथकतः निर्धारित और परिकलन सहित प्रस्तुत करनी चाहिए। मुख्य कंटेनर घाट और उथले घाट की क्षमता उपयोग का औचित्य ऐसी निर्धारित क्षमता के संदर्भ में सिद्ध करना चाहिए।	चूंकि ये दिशानिर्देश नई बीओटी परियोजनाओं पर लागू होंगे, अतः परिकलन नहीं किया गया है।

2.	<u>यातायातः</u>	
(i).	जनेप न्यास को पुष्टि करनी चाहिए कि क्या वर्ष 2008-09 से 2011-12 तक की अवधि हेतु यातायात प्रक्षेपण 5 वर्ष/वार्षिक योजना में प्रक्षेपों के अनुरूप हैं तथा चालू/प्रत्याशित वृद्धि संशोधित यातायात दिशानिर्देशों के खण्ड 2.5.1 में निर्धारित अनुसार है।	यातायात प्रक्षेपण वर्तमान पर्यवेक्षित रुख के अनुरूप हैं तथा अर्जन योग्य सीमाओं के भीतर हैं।
(ii).	जनेप न्यास द्वारा वर्ष 2006-07 और 2007-08 के दौरान क्रमशः लगभग 302 वाहन और 1052 वाहन संचालित किए गए हैं। वर्ष 2008-09 से 2011-12 तक के दौरान कोई वाहन यातायात प्रक्षेपण नहीं होने का कारण।	जनेप न्यास मूल रुप से एक कंटेनर टर्मिनल है। वर्ष 2006-07 तथा 2007-08 में वाहन यातायात कुल यातायात की तुलना में नगण्य है। भविष्य में कार वाहक पोतों के संचालन की कोई गुंजाइश नहीं होगी।
(iii).	(क). वर्ष 2008-09 से 2011-12 तक की अवधि के दौरान सीमेंट कार्य व्यवहार का प्रक्षेपण वर्ष 2007-08 के वास्तविक की तुलना में 9% कम दर्शाने का कारण।	जनेप न्यास मूलतः एक कंटेनर टर्मिनल है तथा प्रक्षेपित कंटेनर यातायात के अनुसार सीमेंट पोतों हेतु घाट आबंटन कम हो जाएगा। अतः कम सीमेंट कार्य व्यवाहार का अनुमान लगाया गया है।
	(ख). जनेप न्यास ने लागत विवरण में वर्ष 2010-2011 हेतु सीमेंट 6,75,000 टन प्रक्षेपित किया है। तथापि, जनेप न्यास ने अपने पत्र सं. जेएनपी/वित्त/ टीएएनपी/ 2008/113 दि. 24.11.2008 के माध्यम से वर्ष 2010-2011 हेतु सीमेंट प्रहस्तन 6,57,000 टन प्रक्षेपित किया है। जनेप न्यास को इस अंतर का कारण स्पष्ट करना चाहिए।	यह 6,75,000 टन पढ़ा जाए।
(iv).	जनेप न्यास द्वारा कुल कंटेनर यातायात का विस्तृत ब्योरा विदेश, तटीय और यानांतरण तथा आगे लादे गए, खाली और रीफर के रुप में वर्गीकृत करके प्रस्तुत किया जाना चाहिए। जैसा कि महा पत्तन न्यासों हेतु निर्धारित यातायात प्रस्तुतीकरण प्रपत्रों के प्रपत्र 2 क के अनुसार अपेक्षित है।	जनेप न्यास द्वारा प्रस्तुत अप्रैल 08 से दिस. 08 तक की अवधि के वास्तविक आंकड़े खाली, एफसीएल तथा एलसीएल के निर्यात, आयात, रेस्टो तथा यानांतरण कंटेनरों के रुप में प्रस्तुत किए गए हैं
(v).	(क). वर्ष 2008-09 के कंटेनर यातायात में अप्रैल 2008 से दिस 2008 तक की अवधि हेतु वास्तविक आंकड़ों द्वारा अद्यतन करके अनुवर्ती वर्षों हेतु अनुमानों में संगत परिवर्तन किए जा सकते हैं।	आगामी वर्षों हेतु कोई परिवर्तन अपेक्षित नहीं है।

	(ख). वर्ष 2007-08 हेतु वास्तविक कंटेनर यातायात की तुलना में वर्ष 2008-09 से 2011-12 तक के लिए कंटेनर यातायात के प्रक्षेपित परिमाण में लगभग 3% गिरावट का कारण।	वर्ष 2007-08 हेतु वास्तविक यातायात भारतीय अर्थव्यवस्था में आई सहसावृद्धि और तदनुसारी आयातनिर्यात व्यापार से उछाल से संबंधित था। आनेवाले समय में देश में विभिन्न कंटेनर सुविधाओं के प्रारंभ और पत्तन की डिजाइन की गई क्षमता को ध्यान में रखकर व्यवहार्य प्रक्षेप किए गए हैं।
	(ग). वर्ष 2008-09 से 2011-12 तक की अवधि में कंटेनर यातायात में कोई वृद्धि प्रक्षेपित नहीं किए जाने का कारण।	
(vi).	प्रपत्र2 क की क्रम संख्या V पर वर्ष 2006-07 तथा 2007-08 हेतु पोतों की वास्तविक संख्या क्रमानुसार 2430 तथा 2712 दी गई है। जनेप न्यास की प्रशासन रिपोर्ट में संगत अवधि में पोतों की संख्या क्रमानुसार 2754 तथा 3119 दी गई है।	प्रपत्र 2क में केवल कार्गो पोतों की संख्या दी गई है। प्रशासन रिपोर्ट में सांख्यिकी प्रयोजन हेतु बार्ज भी शामिल किए गए हैं जो राजस्व सृजन की दृष्टि से महत्वपूर्ण नहीं हैं ।
(vii).	(क). वर्ष 2007-08 की अवधि में पोतों की वास्तविक संख्या की तुलना में वर्ष 2008-09 से 2011-12 तक की अवधि हेतु पोतों की संख्या के प्रक्षेप में गिरावट।	प्रक्षेप में पोतों की संख्या में कमी जेएनपीसीटी तथा एनएसआईसीटी के प्रक्षेपित कंटेनर यातायात में कमी के कारण है।
	(ख). पोत यातायात का प्रक्षेपण अप्रैल 2008 से अगस्त 2008 तक पांच माह की अवधि हेतु वास्तविक पोत यातायात पर आधारित है। वर्ष 2008-09 हेतु पोत यातायात अप्रैल 2008 से दिस. 2008 तक की अवधि हेतु वास्तविक आंकड़ों द्वारा अद्यतन करके अनुवर्ती वर्षों हेतु अनुमानों में संगत परिवर्तनों के साथ किया जा सकता है।	अप्रैल 2008 से जन. 2009 तक की अवधि हेतु पोत यातायात का विवरण प्रस्तुत है। जनेप न्यास कंटेनर पोत 600 एनएसआईसीटी कंटेनर पोत 638 जीटीआईपीएल कंटेनर पोत 779 बीपीसीएल टैंकर पोत 367 शुष्क थोक कंटेनर पोत 52 सामान्य पोत 7 रो-रो पोत 9 बार्ज जेएनपी 82 एनएसआईसीटी 46 240 जीटीआईपीएल 112 --- **योग 2692** ---

3.	<u>प्रचालन आय</u>:	
(i).	जनेप न्यास ने डॉलर के शुल्क से होने वाली आय के अनुमान हेतु 2007-08 के दौरान कथित रुप से विद्यमान रु.40.25 प्रति अमेरिकी डालर की औसत विनिमय दर मानी। जनेप न्यास को विद्यमान विनिमय दर स्तर के संदर्भ में उतार चढ़ाव के भावी प्रक्षेपों में उपयुक्त प्रावधानों द्वारा अद्यतन करना चाहिए।	आकलन वित्तीय वर्ष 2007-08 हेतु वास्तविक औसत पर आधारित हैं तथा पूर्वानुमान के उद्देश्यार्थ तर्कसंगत हैं जो किसी भी हालत में वर्तमान अनिश्चितता के माहौल में सटीकता से कदापि पूर्वानुमानित नहीं किए जा सकते हैं।
(ii).	महापत्तन न्यासों हेतु निर्धारित शुल्क प्रस्तुति प्रपत्रों के प्रपत्र 2ख के नोट '3 में अपेक्षित है कि प्रचालक अनुमानित यातायात के संदर्भ में आय की गणना का विस्तृत विवरण विद्यमान दर मान और प्रस्तावित दर मान पर उपलब्ध कराए। तथापि, जनेप न्यास द्वारा ऐसी कोई गणना प्रस्तुत नहीं की गई। जनेप न्यास समस्त गतिविधियों/उप-गतिविधियों हेतु वर्ष 2008-09 से 2011-12 तक की अवधि के लिए उपलब्ध कराई जाने वाली नई सुविधाओं के संदर्भ में विद्यमान दर मान तथा प्रस्तावित दर मान पर यातायात के संशोधित अनुमान हेतु आय की गणना का विवरण प्रस्तुत करें।	प्रपत्र 2ख में विद्यमान और प्रस्तावित दर मान के अधीन आय की विस्तृत संगणना उपलब्ध कराई गई है। [जनेप न्यास द्वारा प्रपत्र 2ख में पहले उपलब्ध कराई गई सूचना वर्ष 2009-10 से 2011-12 तक के लिए विद्यमान शुल्क और प्रस्तावित शुल्क की समेकित स्थिति है जिसमें कंटेनर संचालन आय, पोत संबंधी आय, भंडारण सम्पदा किराया शामिल है और आय की गणना का तरीका प्रस्तुत नहीं किया गया है]
(iii).	इस प्राधिकरण ने दिनांक 28 जून, 2007 के आदेश के माध्यम से जनेप न्यास के टर्मिनलों में रेल द्वारा संचालित आईसीडी कंटेनरों के अंतर टर्मिनल रेल संचालन प्रचालन (आईटीआरएचओ) के लिए पूर्व प्रभाव से 15 फरवरी 2007 से रु. 400 प्रति टीईयू का अतिरिक्त शुल्क हेतु जनेप न्यास का प्रस्ताव स्वीकृत किया था। यद्यपि जनेप न्यास ने अपने दिनांक 24 नवम्बर, 2008 के पत्र के माध्यम से स्पष्ट किया है कि आईटीआरएचओ के संबंध में व्यय	यह कंटेनर संचालन प्रभारों के अधीन समग्र आय और कंटेनर संचालन प्रभारों के अधीन उपस्करों के भाटकन पर व्यय का अंश रुप हैं जो पृथकतः उपलब्ध है।

	लागत विवरण में दर्शाया गया है, तदपि परिकलन के अभाव में उनका विवरण लागत विवरण में उपलब्ध नहीं है। जनेप न्यास को हमारे पत्र सं. टीएएमपी/23/2007 जनेप न्यास दिनांक 21 जनवरी, 2009 के माध्यम से आईटीआरएचओ को उसके सामान्य संशोधन प्रस्ताव से अलग करने और आईटीआरएचओ के लिए सामान्य दर हेतु एक पृथक प्रस्ताव प्रस्तुत करने की सलाह दी गई थी। इस संदर्भ में जनेप न्यास को इससे उदभूत आय तथा आईटीआरएचओ के संबंध में 2007-08 में किए गए व्यय और अनुवर्ती अवधि हेतु अनुमानों को पृथक रुप से प्रस्तुत करना चाहिए।	
(iv).	जनेप न्यास को प्रपत्र 2ख के नोट 1 के अधीन अपेक्षितानुसार, विराम समय विश्लेषण प्रस्तुत करना चाहिए जिसके आधार पर उसने भंडारण आय का अनुमान लगाया है।	विराम समय विद्यमान स्तर पर स्थिर माना गया है तथा यातायात के सापेक्ष समायोजित किया गया है।
(v).	जनेप न्याससीएफएस तथा बफर यार्ड के प्रचालन हेतु स्वीकृत लाइसेंस से प्राप्त/प्राप्तियोग्य रायल्टी/राजस्व अंश के निलंब (एस्क्रो) खाते में अंतरण हेतु विचारित नहीं किए जाने का कारण।	जनेप न्याससीएफएस तथा बफर यार्ड के प्रचालन हेतु स्वीकृत लाइसेंस बीओटी संविदा नहीं है बल्कि विद्यमान सुविधाओं का परिचालन है। अतः ऐसा राजस्व बीओटी आय के अधीन न मानकर परिचालन आय माना गया है।
(vi).	'अन्य' शीर्ष के अधीन आय के वास्तविक/अनुमानों में विचारित मदों और उनके मूल्य को विचाराधीन समस्त वर्षों हेतु सूचीबद्ध किया जाना चाहिए।	"अन्य" शीर्ष के अधीन विचारित मदें और उनका मूल्य प्रपत्र 2ख में प्रकट किया गया है।
(vii).	वर्ष 2008-09 से वर्ष 2011-12 तक की अवधि हेतु भवनों पर अनुमानित किराया आय वर्ष 2006-07 तथा 2007-08 की वास्तविक किराया आय की तुलना में न्यूनतर है।	वर्ष 2006-07 तथा 2007-08 के वास्तविक आंकड़ों के मामले में उपयोक्ताओं हेतु आबंटित क्वार्टरों से किराया असावधानीवश भवनों के किराए में समूहित कर दिया गया है।

(viii).	जनेप न्यास तथा जीटीआईपीएल के बीच लाइसेंस अनुबंध के परिशिष्ट IV के अनुसार जीटीआईपीएल द्वारा जनेप न्यास को देय भूमि किराया समय-समय पर जनेप न्यास के विद्यमान दर मान के अनुसार होगा। सितम्बर 2006 में स्वीकृत जनेप न्यास के दर मान में संशोधित भूमि नीति दिशानिर्देशों की घोषणा की तिथि अर्थात् 24 फरवरी, 2004 से पट्टा किराया में प्रतिवर्ष 2% की वृद्धि अनुबद्ध की गई है। इस पृष्ठभूमि में, जीटीआईपीएल से पट्टा किराया अनुमान में 4% वार्षिक वृद्धि लागू करने का कारण।	अनुबंध के अनुसार पट्टा किराया में प्रतिवर्ष 5% वार्षिक की वृद्धि की जानी निर्धारित है। अतः 2% पर विचार नहीं किया गया है।
4.	<u>परिचालन लागत (समग्र रुप में पत्तन हेतु):</u>	
(i).	प्रपत्र 3ख में प्रस्तुत व्यय का विवरण अपूर्ण है। जनेप न्यास को सूचना तथा गणनाओं के साथ संशोधित प्रपत्र 3ख प्रस्तुत करना चाहिए।	व्यय का विवरण प्रशुल्क प्रस्ताव के साथ उपलब्ध कराए गए लागत विवरण और लाभप्रदता विवरण में उपलब्ध है। [लाभप्रदता विवरण में अनुमानित विद्युत लागत और ईंधन लागत की गणनाएं नहीं दी गई है]
(ii).	वर्ष 2006-07 तथा 2007-08 हेतु वार्षिक लेखा में बीओटी संविदाओं से होने वाली आय और तत्संबंधी व्यय भी "अन्य प्रभार" के अधीन दर्शाया गया है। जनेप न्यास निम्नलिखित प्रस्तुत/स्पष्ट करें:	अन्य प्रभार में बिजली, पानी तथा कें.औ.सु.बल की अंशकृत लागत शामिल है जो बीओटी प्रचालकों से/को वसूल/उपलब्ध कराई गई है।
	(क). "अन्य प्रभार" के अधीन विचारित आय और व्यय की मदें।	
	(ख). उक्त आय और व्यय हेतु लेखा के लागत विवरणों का निरूपण।	आय और व्यय की ऐसी मदें लागत विवरणों में शामिल नहीं की गई हैं।
(iii).	<u>वेतन और मजदूरी:</u> (क). जनेप न्यास ने कहा है कि उसने 1.1.2007 से प्रभावी, पत्तन के कर्मचारियों को देय वेतन वृद्धि के बकाया का प्रावधान किया है। जनेप न्यास को आदेश दिनांक 28 सितम्बर, 2006 के द्वारा जनेप न्यास के दर मान के अंतिम संशोधन में 1 जनवरी 2007 से मार्च 2009 तक की	चूंकि संशोधन 1-1-2007 से ही देय है, अतः प्रावधान केवल 2007 से आगे के लिए किया गया है। इस शीर्ष के अधीन इस हेतु कोई दोहरी गणना नहीं की गई है।

	अवधि के लिए वेतन वृद्धि हेतु प्रावधान के लिए मजदूरी लागत में 15% वृद्धि की अनुमति पहले ही दी जा चुकी है। जनेप न्यास को लागत विवरण में प्रावधान के निरूपण की सूचना गणनाओं के साथ देनी चाहिए।	
	(ख).जनेप न्यास ने विचाराधीन वर्षो हेतु कर्मचारियों की निश्चित संख्या हेतु प्रपत्र 3ख में वेतन और मजदूरी लागत प्रस्तुत की है। कर्मचारियों की उसी संख्या हेतु प्रपत्र-8 में दर्शाई गई वेतन और मजदूरी लागत प्रपत्र 3ख में जनशक्ति लागत की तुलना में अधिक पाई गई है।	प्रपत्र-8 में वेतन और मजदूरी में प्रोत्साहन राशि, सेवानिवृत्ति लाभ और अन्य कल्याण-व्यय सम्मिलित हैं। मिलान विवरण प्रस्तुत किया गया है।
(iv).	<u>तलकर्षण व्यय:</u> (क). प्रपत्र-3ख में, जनेप न्यास ने वर्ष 2007-08 हेतु वास्तविक तलकर्षण लागत रु.989.50 लाख दर्शाई है। तथापि वर्ष 2007-08 हेतु वार्षिक लेखा में 'पत्तन एवं गोदी व्यय' के अधीन यह रु.993.85 लाख पाई गई है।	प्रपत्र 3ख में तलकर्षण गतिविधि की प्रत्यक्ष लागत दर्शाई है। तथापि, वार्षिक लेखा के अधीन पत्तन एवं गोदी व्यय में तलकर्षण और समुद्री सर्वेक्षण गतिविधि से संबंधित अतिरिक्त खर्च शामिल हैं।
	(ख). वर्ष 2008-09 हेतु तलकर्षण व्यय का अनुमान वर्ष 2007-08 हेतु वास्तविक व्यय की तुलना में लगभग 62% अधिक पाया गया है तथा इस व्यय में आने वाले वर्षों में 6.25% वार्षिक वृद्धि और होने का अनुमान लगाया गया है। तलकर्षण लागत का औचित्य वर्ष 2008-09 से 2011-12 हेतु विस्तृत गणनाओं के साथ सिद्ध किया जाना चाहिए।	वित्तीय वर्ष 2007-08 से संबंधित कुछ कार्य वर्ष 2008-09 में लेखाबद्ध किए गए हैं और अतएव उस वर्ष हेतु व्यय अधिक है। तदनंतर 2011-12 तक के लिए व्यय रु. 17 करोड़ पर स्थिर रखा गया है।
(v).	<u>मरम्मत और अनुरक्षण:</u> वर्ष 2008-09 हेतु अनुमानित मरम्मत एवं अनुरक्षण लागत वर्ष 2007-08 हेतु वास्तविक लागत की तुलना में लगभग 35% अधिक है। जनेप न्यास वर्ष 2008-09 हेतु अनुमानों का औचित्य स्पष्ट करें।	यह पट्टेदारों से कंटेनर संचालन उपस्कर अधिग्रहीत करने तथा भवनों एवं सड़कों की वर्द्धित मरम्मत एवं अनुरक्षण लागत के कारण है।

(vi).	<u>बीमा:</u> (ए). जनेप न्यास के वार्षिक लेखा में दर्शितानुसार वर्ष 2006-07 तथा 2007-08 हेतु वहन की गई वास्तविक बीमा लागत क्रमशः रु. 364 लाख तथा रु. 305 लाख है, जबकि इस प्राधिकरण द्वारा सितम्बर, 2006 में जनेप न्यास के प्रशुल्क की समीक्षा में सितम्बर 2006-07 तथा 2007-08 हेतु रु.401.82 तथा रु. 401.90 लाख अनुमानित की गई थी। जनेप न्यास को इस वैभिन्य का स्पष्टीकरण आदेश दिनांक 28 सितम्बर, 2006 के पैरा 14 (xiv)(ज) के आलोक में करना चाहिए।	बीमा की गई विशाल राशि हेतु प्रारंभिक प्रीमियम अधिक है। दावों पर निर्भरता और पैकेज नीति अंतरराष्ट्रीय बाजारों से पुनर्बीमा के अधीन होने के कारण प्रीमियम राशि विभिन्न कारकों पर निर्भर होती है।
	(ख). जनेप न्यास द्वारा वर्ष 2008-09 से 2011-12 तक की अवधि हेतु बीमा लागत का अनुमान वर्ष 2007-08 को आधार वर्ष मानकर वास्तविक लागत में संबंधित पिछले वर्ष की लागत पर 4.6% वार्षिक वृद्धि लागू करने द्वारा लगाया है। क्या बीमा लागत का अनुमान लगाने हेतु वर्ष 2008-09 से 2011-12 तक की अवधि में प्रस्तावित परिसम्पत्तियों के सकल खंड में वृद्धि को ध्यान में रखा गया है अथवा नहीं।	हां।
(vii).	<u>अन्य व्यय:</u> (क). "अन्य व्यय" के शीर्षाधीन विचारित मदों और उनकी लागत का विवरण सूचीबद्ध किया जाना चाहिए।	परिचालन व्यय का विवरण विशिष्ट और समेकित लागत विवरणों में उपलब्ध है। तथापि विस्तृत विवरण प्रस्तुत है।
	(ख). वर्ष 2009-10 से 2011-12 तक की अवधि में अन्य व्यय में क्रमानुसार लगभग 25%, 12% और 5% की वृद्धि के अनुमान का औचित्य संबंधित पिछले वर्षों के संदर्भ के साथ बताया जाना चाहिए।	यह वृद्धि प्रमुख रुप से उपस्करों, क्रेनों, टगों तथा पायलट लान्चों को किराए पर लेने तथा कम्पनी अधिनियम के अनुसार मूल्यह्रास के कारण है।

(viii).	प्रबंधन और सामान्य उपरिव्यय : (क). प्रबंधन एवं प्रशासन संबंधी उपरिव्यय के अधीन विचारित व्यय मदों को लागत विवरण के साथ सूचीबद्ध किया जाना चाहिए।	वार्षिक लेखों की अनुसूची 19 के अनुसार 1. प्रबंधन एवं सचिव-कार्य 2. लेखा एवं लेखा-परीक्षा 3. श्रम एवं कल्याण व्यय 4. चिकित्सा व्यय 5. भण्डारण 6. भवनों तथा मार्गों पर व्यय 7. पत्तन प्रबंधन कम्प्यूटर केन्द्र 8. अभियांत्रिकी एवं कार्यशाला 9. मूल्यह्रास [जनेप न्यास ने स्थिति का मिलान किया है। लागत विवरण में यह अंतर कम्पनी अधिनियम के अनुसार मूल्यह्रास दरों को अपनाए जाने के कारण है।]
	(ख). जनेप न्यास ने वर्ष 2007-08 हेतु वास्तविक प्रबंधन एवं सामान्य प्रशासन व्यय को लागत विवरण में रु.6780.03 लाख दर्शाया है, जबकि वार्षिक लेखों में वर्ष 2007-08 हेतु प्रबंधन और सामान्य प्रशासन व्यय रु. 6787.03 लाख दर्शाया गया है।	
	(ग). वर्ष 2008-09 हेतु अनुमानित प्रबंधन एवं प्रशासन उपरिव्यय वर्ष 2007-08 की अपेक्षा लगभग 15% अधिक हैं। जनेप न्यास को वर्ष 2008-09 हेतु अनुमान का औचित्य स्पष्ट करना चाहिए।	सीआईएसएफ को छठे वेतन आयोग के आधार पर देय बकाया और इस गतिविधि के अधीन कर्मचारियों के लिए देय वेतन संशोधन के बकाया हेतु प्रावधान करने के कारण वृद्धि हुई है।
	(घ). प्रबंधन एवं प्रशासन उपरिव्यय का निर्धारण समस्त गतिविधियों और उप-गतिविधियों में किए जाने की विधि प्रस्तुत की जानी चाहिए।	यह अंशनिर्धारण विशिष्ट गतिविधि की प्रत्यक्ष लागत के अनुपात के आधार पर किया गया है।
(ix).	मूल्यह्रास: (क). प्रपत्र 4क में वर्ष 2008-09 के प्रारंभ में दर्शित रु.61943.85 लाख का संचयी मूल्यह्रास प्रशुल्क निर्धारण के प्रयोजनार्थ वर्ष 2005-06 से 2007-08 तक कम्पनी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार गणन मूल्यह्रास के दृष्टिगत गणनाओं द्वारा प्रमाणित किया जाना चाहिए। इस संबंध में दिनांक 28 सितम्बर, 2006 के आदेश का पैरा 14(xvii) का संदर्भ लें।	जनेप न्यास द्वारा वर्ष 2008-09 के प्रारंभ में रु.61943.85 लाख के संचयी मूल्यह्रास की गणना हेतु विस्तृत गणना प्रस्तुत की गई है।

	(ख). प्रपत्र-3 और प्रपत्र-4क में वर्ष 2008-09 से 2011-12 तक के लिए मूल्यह्रास आंकड़ों को दिखाया गया है।	मूल्यह्रास में अंतर को अन्य व्यय/प्रबंधन एवं प्रशासन व्यय में सम्मिलित किया गया है। प्रपत्र-3क तथा प्रपत्र-4क में दर्शित कुल मूल्यह्रास वही है।
	(ग). जनेप न्यास ने वर्ष 2008-09 से 2011-12 के दौरान क्रमानुसार रु.175.17 करोड़, रु.352.20 करोड़, रु.405.43 करोड़ और रु.389.68 करोड़ की वृद्धि का प्रस्ताव किया है। तथापि वर्ष 2008-09 से 2011-12 तक के दौरान सकल खण्ड में जोड़े गए/जोड़े जाने हेतु प्रस्तावित पूंजीगत व्यय की प्रत्येक अतिरिक्त मद के संबंध में विस्तृत विवरण युक्त प्रपत्र-4ख जनेप न्यास द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया है। आगे, जनेप न्यास के प्रस्ताव के साथ संलग्न एजेंडा नोट के पैरा 14 से प्रतीत होता है कि पत्तन ने परिसम्पत्ति के पूर्ण प्रचालनारंभ के समय से असम्बद्धता के साथ मूल्यह्रास की गणना एक विशिष्ट वर्ष में वहन किए गए पूंजीगत व्यय के आधार पर की है। पूर्ण प्रचालनारंभकृत और उपयोगाधीन परिसम्पत्तियों की लागत पर प्रशुल्क दिशानिर्देश, 2005 के खण्ड 2.9.5 में निर्धारित अनुसार स्वीकार्य मूल्यह्रास की संगणना के समय ही विचार किया जाएगा। अतः जनेप न्यास को वर्ष 2008-09 से 2011-12 तक की अवधि के लिए गणन मूल्यह्रास हेतु परिकलन, कम्पनी अधिनियम के अनुसार अंगीकृत मूल्यह्रास की दर पर विचार करते हुए तथा प्रत्येक परिसम्पत्ति के प्रचालनारंभ की अवधि को ध्यान में रखकर प्रस्तुत करना चाहिए।	विस्तृत गणना प्रस्तुत है, तदपि परिसम्पत्तियों के पूर्ण प्रचालनारंभ की सही अवधियों का ठीक ठीक पता लगाना कठिन है चूंकि कुछ परिसम्पत्तियां विभिन्न अनुमोदनों के अधीन हैं और अधिक समय लगता है। ऐसे परिदृश्य में किया गया अनुमान एकरूप तथा औचित्यपूर्ण है।

5.	<u>परिचालन लागत (कंटेनर प्रहस्तन गतिविधि):</u>	
(i).	वर्ष 2008-09 हेतु अनुमानित मरम्मत एवं अनुरक्षण लागत वर्ष 2007-08 की वास्तविक लागत से 265% अधिक पाई गई है। वर्ष 2008-09 हेतु अनुमानित व्यय का औचित्य सिद्ध किया जाना चाहिए। आगे, वर्ष 2009-10 से आगे मरम्मत और अनुरक्षण लागत में 10% वार्षिक की वृद्धि का कारण भी स्पष्ट किया जाना चाहिए।	उपस्करों के पुराने होने के कारण कुछ बड़े नवीनीकरण संबंधी व्यय किया गया है चूंकि प्रतिस्थापन प्रक्रिया में विलम्ब हो रहा है। अतः प्रक्षेपित व्यय औचित्यपूर्ण है।
(ii).	वर्ष 2006-07 तथा 2007-08 हेतु उपस्करों के किराए हेतु वास्तविक व्यय की विस्तृत गणना में वर्ष 2008-09 हेतु उपस्करों का अनुमानित किराया प्रभार वर्ष 2007-08 के वास्तविक प्रभार से 24% अधिक पाया गया है। आगे, अनुवर्ती वर्षों हेतु इसमें 10% वार्षिक की वृद्धि की गई है। जनेप न्यास को इन अनुमानों का औचित्य दस्तावेजी साक्ष्यों द्वारा समर्थित गणना द्वारा प्रमाणित करना चाहिए।	वास्तविक आंकड़े वार्षिक लेखा से लिए गए हैं तथा अनुमान के आधार पर वृद्धि की गई है। उपस्करों हेतु किराया प्रभार कुछ अवधियों हेतु संविदाओं और नवीनीकरण दरों में अंतर के आधार पर अनुमानित किया गया है। इस प्रकार ये प्रक्षेप यथाक्रम हैं। [जनेप न्यास द्वारा अनुमानों हेतु गणना और दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए गए हैं]
6.	<u>परिचालन लागत (समुद्री गतिविधि):</u>	
(i).	वर्ष 2008-09 के लिए टगों के प्रबंधन हेतु अनुमानित व्यय वर्ष 2007-08 के वास्तविक व्यय की तुलना में 20% अधिक देखा गया है। जनेप न्यास को इस अनुमानित व्यय का औचित्य प्रबंधन संविदाओं, यदि कोई है, की प्रतियों सहित प्रमाणित करना चाहिए।	प्रबंधन संविदाएं निश्चित अवधियों के लिए हैं तथा नवीनीकरण पर दरों में अंतर हो सकता है। अतः प्रक्षेप यथाक्रम हैं।

(ii).	वर्ष 2009-10 हेतु टगों/पायलट लांचों के किराये हेतु अनुमानित व्यय वर्ष 2008-09 हेतु अनुमानों से 65% अधिक है। अनुवर्ती वर्षों 2010-11 तथा 2011-12 हेतु अनुमान भी वर्ष 2006-07 तथा 2007-08 के वास्तविक व्यय की तुलना में अधिक पाया गया है। वर्ष 2009-10 हेतु अनुमानित व्यय अप्रैल 2009 से दो अतिरिक्त टगों और दो अतिरिक्त पायलट लांचों के किराए पर लेने हेतु पत्तन के प्रस्ताव के कारण प्रतीत होता है। इस संबंध में यह देखा गया है कि न तो प्रहस्तित किए जाने हेतु अनुमानित जलयानों की संख्या में कोई महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है और न ही पत्तन नौकाओं के परिचालन लागत में कोई कमी आई है। वस्तुतः जनेप न्यास ने अनुवर्ती वर्षों में प्रहस्तन हेतु जलयानों की अनुमानित संख्या की तुलना में वर्ष 2007-08 में अधिक जलयानों का प्रहस्तन किया था। अप्रैल 2009 से दो अतिरिक्त टगों और दो अतिरिक्त पायलट लांचों को किराए पर लेने का औचित्य दस्तावेजी साक्ष्यों द्वारा समर्थित गणनाओं द्वारा प्रमाणित किया जाना चाहिए।	टगों की आवश्यकता एकमात्र रुप से जलयानों की संख्या से संबंधित नहीं है। सभी तीनों टर्मिनलों पर जलयानों के इकठ्ठा होने की स्थिति में जलयानों को प्रतीक्षा करनी होगी, जो सही नहीं है। अतः प्रक्षेपित आवश्यकता सही तथा औचित्यपूर्ण है।

7.	**वित्त और विविध आय:** इस प्राधिकरण द्वारा जनेप न्यास आदेश दिनांक 28 सितम्बर 2006' (पैराग्राफ 14(ii)(ख)(ii)), में अपनाए गए दृष्टिकोण के अनुरूप वित्तीय और विविध आय जैसा कि वार्षिक लेखा में दी गई है, साधारण निधि निवेशों पर ब्याज आय और स्टाफ को अग्रिमों पर ब्याज को छोड़कर, आय के इस शीर्ष के अधीन मानी जाएगी। वर्ष 2008-09 से 2011-12 तक की अवधि हेतु अनुमानित वित्तीय और विविध आय की समीक्षा इस दृष्टिकोण के अनुसार की जानी चाहिए।	यह पहले ही विभाजित की जा चुकी है तथा कुछ आय यथा - स्क्रैप बिक्री का अनुमान लगाया जाना कठिन है।
8.	**वित्त और विविध व्यय:**	
(i).	पिछले आदेश दिनांक 28 सितम्बर, 2006 के पैराग्राफ 14(ii)(ख)(ii) के अनुसार वार्षिक लेखा में विवरणकृत वित्तीय एवं विविध व्यय, ऋणों पर ब्याज और परिसम्पत्तियों की बिक्री पर हानि के प्रावधान को छोड़कर, व्यय के इस शीर्ष के अधीन माना जाएगा। वर्ष 2008-09 से 2011-12 तक की अवधि हेतु अनुमानित वित्तीय और विविध व्यय की समीक्षा पिछले प्रशुल्क आदेश के अनुसार की जानी चाहिए।	वित्त एवं विविध व्यय की गणना में लांचों के किराए तथा सेवानिवृत्ति एवं पेंशन व ग्रेच्युटी जैसे लाभ पर व्यय का ध्यान रखा गया है। वेतन संशोधन का परिणाम वृद्धि के रूप में दृष्टिगत है।
(ii).	वर्ष 2008-09 हेतु अनुमानित वित्त एवं विविध व्यय वर्ष 2007-08 हेतु वास्तविक व्यय का 140% पाया गया है। आगे, अनुवर्ती वर्षों हेतु अनुमान प्रति वर्ष 12% वृद्धि के आधार पर लगाए गए हैं।	
9.	**नियोजित पूंजी:**	
(i).	महा-पत्तन न्यासों हेतु निर्धारित प्रशुल्क फाइलिंग प्रपत्रों के अनुसार पत्तन न्यासों से प्रपत्र-4ख के अनुसार सकल खण्ड वृद्धि संबंधी सूचना उपलब्ध कराने की अपेक्षा की जाती है । जनेप न्यास द्वारा वर्ष	विस्तृत गणनाएं प्रस्तुत की गई हैं। [जनेप न्यास द्वारा प्रस्तुत सूचना परिसम्पत्ति पंजिका की एक प्रति है। प्रस्तावित पूंजीगत व्यय का संबंध प्रमुख रुप से सीएफएस रोड से एसएच-54 तक बाह्य परिधीय मार्ग का निर्माण, फ्लाइओवर पुल का

	2008-09 से 2011-12 के दौरान क्रमशः रु. 175.17 करोड़, रु.352.20 करोड़, रु.405.43 करोड़ और रु.389.68 करोड़ प्रति वर्ष की वृद्धि प्रस्तावित की है। जनेप न्यास से प्रपत्र 4ख (विधिवत रूप से भरा हुआ) प्रस्तुत करने का अनुरोध है जिसमें वर्ष 2008-09 से 2011-12 तक की अवधि में सकल खण्ड में वृद्धि/प्रस्तावित वृद्धि के पूंजीगत व्यय की प्रत्येक अतिरिक्त मद के संबंध में वियरण दिया जाना चाहिए।	निर्माण, पहुंच मार्गों का सुदृढ़ीकरण, आरएमजीसी की लागत, वीआईपी लान्च, साल्ट पैन लैंड पर व्यय, सर्विस बर्थ के पीछे क्षेत्र का विकास इत्यादि से संबंधित है।]
(ii).	वर्ष 2006-07 तथा 2007-08 के दौरान उपगत वास्तविक पूंजीगत व्यय हेतु ब्योरा संबंधित वर्षों के वार्षिक लेखा में दर्शित पूंजी-वृद्धि से मिलान सहित प्रस्तुत किया जाना चाहिए। वास्तविक और 2006 में जनेप न्यास प्रशुल्क समीक्षा में विचारित अनुमानों के बीच अंतर, यदि कोई है, का कारण स्पष्ट किया जाना चाहिए। इस संबंध में दिनांक 28 सितम्बर, 2006 के आदेश के पैरा 14 (xix) (क) (ख) , (ग) तथा (घ) का संदर्भ लें।	[यह बयान करते हुए कि वर्ष 2006-07 तथा 2007-08 के दौरान वहन किया गया वास्तविक पूंजीगत व्यय का ब्योरा संबंधित वर्ष के वार्षिक लेखा की अनुसूची 3 में उपलब्ध हैं, जनेप न्यास ने इस संबंध में आगे कोई सूचना उपलब्ध नहीं कराई है।]
(iii).	वर्ष 2008-09 से 2011-12 तक की अवधि हेतु विचारित नए निवेशों के संदर्भ में जनेप न्यास को प्रत्येक पूँजीगत मद हेतु निम्नलिखित स्पष्टीकरण/प्रस्तुतीकरण करना चाहिए ।	प्रस्तुत प्रक्षेपण समय समय पर भारत सरकार को दिए गए अनुमानों के अनुरूप हैं तथा ग्यारहवीं योजना प्रक्षेपों का अंश रूप हैं।
	(क). ऐसे निवेश निर्णयों के आधार स्वरूप परियोजना/ संभाव्यता रिपोर्टों का विवरण उन रिपोर्टों में अंतर्विष्ट सुझावों के सारांश सहित।	
	(ख). इन निवेश योजनाओं के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति और उनके पूर्ण होने का संभावित समय।	
	(ग). संशोधित प्रशुल्क दिशानिर्देशों के खण्ड 2.6.3. के निबंधनों में एक विश्लेषण प्रत्येक पूंजीगत वृद्धि हेतु प्रस्तुत किया जाना चाहिए।	

	(घ). परिसम्पत्तियों में प्रस्तावित वृद्धि के आधार पर पूर्वानुमानित यूनिट परिचालन लागत में कमी, प्रक्षेपित अतिरिक्त यातायात और परिचालन कुशलता में सुधार।	यद्यपि कुछ प्रतिस्थापन हैं तथा अन्य नए अर्जन है। वर्तमान परिदृश्य में, यातायात के परिमाण में किसी वृद्धि का प्रक्षेप कठिन है।
(iv).	प्रपत्र 4-क में जनेप न्यास ने परिसम्पत्तियों के समग्र खण्ड को व्यवसाय परिसम्पत्तियों माना है। मार्च 2005 के प्रशुल्क दिशानिर्देशों में अचल परिसम्पत्तियों का वर्गीकरण व्यवसाय परिसम्पत्तियां, व्यवसाय संबंधी परिसम्पत्तियां और सामाजिक दायित्व परिसम्पत्तियों के रूप में किया जाना निर्धारित था। इस प्राधिकरण ने जनेप न्यास को दिनांक 28 सितम्बर, 2006 के आदेश के पैरा सं. 14(xxi) के माध्यम से परिसम्पत्तियों का वर्गीकरण प्रारंभ करने की सलाह दी थी। जनेप न्यास ने अपनी परिसम्पत्तियों का वर्गीकरण तीन निर्धारित संवर्गों में नहीं किया है। व्यवसाय परिसम्पत्तियों/ सुविधाओं, व्यवसाय संबंधी परिसम्पत्तियों /सुविधाओं तथा सामाजिक दायित्व परिसम्पत्तियों/सुविधाओं का प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से भी पत्तन प्रचालन से संबंध नहीं है जो वर्ष 2005-06 से आगे 2011-12 तक दर्शित और संशोधित प्रशुल्क दिशानिर्देशों के खण्ड 2.9.7 तथा 2.9.8 के अधीन अनुबद्ध किए गए अनुसार पृथक्कृत किया जाना हैं। नियोजित पूंजी पर प्राप्ति की संगणना तदनुसार संशोधित की जानी है। प्रशुल्क की अंतिम समीक्षा के दौरान परिसम्पत्तियों के वर्गीकरण के संबंध में जनेप न्यास से सूचना के अभाव में, इस प्राधिकरण ने जोखिम मुक्त दर पर प्राप्ति की अनुमति के प्रयोजनार्थ तदर्थ आधार पर व्यवसाय	पत्तन समस्त परिसम्पत्तियों को व्यवसाय परिसम्पत्तियां मानता है।

	संबंधी परिसम्पत्तियों की राशि रू. 10 करोड़ मानी है। इस प्राधिकरण ने पत्तन द्वारा परिसम्पत्तियों के वर्गीकरण के अभाव में, प्राप्ति की अनुमति के प्रयोजनार्थ अन्य प्रमुख पत्तनों यथा- कोलकाता पत्तन न्यास और चेन्नई पत्तन न्यास के प्रशुल्क मामलों में व्यवसाय संबंधी परिसम्पत्तियों और सामाजिक दायित्व परिसम्पत्तियों को तदर्थ आधार पर विचारित किया है।	
(v).	जनेप न्यास को लागत विवरण में विचारित संबंधित गतिविधि से संबंधित शुद्ध अचल परिसम्पत्तियों का ब्योरा तथा भिन्न गतिविधियों हेतु सामान्य परिसम्पत्तियों के निर्धारण का विवरण सामान्य परिसम्पत्तियों के निर्धारण के आधार सहित प्रस्तुत करना चाहिए।	विस्तृत परिकलन प्रस्तुत हैं। [अचल परिसम्पत्तियों का एक समेकित विवरण, कंटेनर, बल्क एवं समुद्री गतिविधि से संबंधित विवरण के साथ प्रस्तुत किया गया है।]
(vi).	कार्यशील पूंजी आकलनों में, जनेप न्यास ने वर्ष 2008-09 से 2011-12 तक की अवधि में भण्डार/पुर्जों के समग्र वार्षिक अनुमानित व्यय को तदनुसारी वर्षों हेतु माल सूची की राशि माना है। जनेप न्यास को मालसूची का अनुमान संशोधित प्रशुल्क दिशानिर्देशों के खण्ड 2.9.9 के अनुसार लगाना चाहिए।	[जनेप न्यास ने कार्यशील पूंजी की गणना में इसके द्वारा विचारित गतिविधि क्रम में मालसूची का मूल्य प्रस्तुत किया हैं।]
10.	<u>अन्य मुद्दे:</u>	
(i).	जनेप न्यास द्वारा प्राप्त/ प्राप्त किए जाने हेतु अनुमानित रायल्टी/राजस्व अंश से सृजित वर्ष 2006-07 से 2011-12 तक के वर्षों हेतु निलंब (एस्क्रो) खाते का विवरण अंतर्विष्ट प्रपत्र-9 के संदर्भ में, जनेप न्यास द्वारा निम्नलिखित का प्रस्तुतीकरण/ स्पष्टीकरण किया जाना चाहिए।	
	(क). सितम्बर 2006 में जनेप न्यास के प्रशुल्क की समीक्षा के संबंध में कार्यवाही के दौरान, जनेप न्यास ने 2005-06 से आगे रायल्टी/राजस्व अंश प्राप्तियों हेतु निलंब (एस्क्रो) खाता प्रचालित करने का	ब्लाक राशियां अनुबंध(एस्क्रो) खाते में अलग रखी गई हैं जिनमें रायल्टी/राजस्व अंश की 50% राशि सम्मलित है तथा उसमें अल्पांतर है।

	प्रस्ताव किया था। वर्ष 2005-06 हेतु जनेप न्यास का वार्षिक लेखा दर्शाता है कि पत्तन ने एन एस आई सी टी से प्राप्त(रु. 7327.88 लाख), रु. 627.35 लाख) और जी टी आई पी एल से प्राप्त(रु.41.97 लाख) के रूप में रायल्टी/राजस्व अंश प्राप्ति (रु.7997.20 लाख) लेखाबद्ध की है। यदि वर्ष 2005-06 के दौरान अनुबंध खाते से कुछ निकाला नहीं गया है तो वर्ष 2006-07 हेतु प्रारंभिक शेष रु.7997.20 दर्शाया जाएगा। ऐसा प्रतीत होता है कि जनेप न्यास ने वर्ष 2006-07 हेतु प्रारंभिक शेष रु.7900 लाख लेखाबद्ध किया है। प्रारंभिक शेष रु.7997.20 लाख के स्थान पर रु.7900 लाख माना जाने के संबंध में स्पष्टीकरण किया जाना चाहिए।	
	(ख).एनएसआईसीटी से प्राप्य अनुमानित रायल्टी के संबंध में जनेप न्यास ने वर्ष 2009-10 तथा 2010-11 हेतु अनुमानित यातायात 10 लाख टीईयू प्रति वर्ष और वर्ष 2011-12 हेतु 11 लाख टीईयू माना है। इस प्राधिकरण ने एन एस आई सी टी प्रशुल्क के मामले में अपने दिनांक 30 दिसंबर, 2008 के आदेश में वर्ष 2009 से 2011 तक प्रत्येक वर्ष हेतु यातायात स्तर, उक्त आदेश के पैरा 8 में वर्णित कारणों से 14,71,313 टी ई यू माना है। आगे, जनेप न्यास ने प्रपत्र 9 में वर्ष 2006-07 तथा 2007-08 हेतु एन एस आई सी टी का वास्तविक यातायात 1359125 टी ई यू तथा 1508056 टी ई यू क्रमानुसार माना है। वर्ष 2008-09 हेतु 1480000 टी ई यू माना गया हैं। इस पृष्ठभूमि में, वर्ष 2009-10 से 2011-12 तक के वर्षों हेतु अनुमानित रायल्टी प्राप्ति की समीक्षा की जानी है।	एनएसआईसीटी का यातायात प्रक्षेपण, प्रशुल्क पुनरीक्षण के समय उनके साथ परामर्श से किया गया था तथा कोई संशोधन वांछित नहीं हैं क्योंकि कोई भी वैभिन्य निलंब (एस्क्रो) खाते को प्रभावित करेगा।

	(ग). बी पी सी एल से प्राप्य रायल्टी की गणना के संबंध में जनेप न्यास ने 2008-09 हेतु 3.850 मिलियन और 2009-10 से 2011-12 तक प्रत्येक वर्ष हेतु 4 मिलियन टन विचारित किया है। बी पी सी एल के प्रशुल्क संशोधन संबंधी कार्यवाही में दिनांक 7 अगस्त,2007 के आदेश द्वारा बी पी सी एल ने वर्ष 2008-09 हेतु 4.79 मिलियन टन तथा 2009-10 हेतु 5.48 मिलियन टन का प्रक्षेपण प्रस्तुत किया था। अतएव, बी पी सी एल से वर्ष 2008-09 से 2011-12 तक की अवधि हेतु प्राप्य रायल्टी आकलन की समीक्षा का जानी है।	निदर्शित आंकड़े अर्जित किए जा सकने योग्य हैं तथा कोई संशोधन वांछित नहीं है क्योंकि कोई भी परिवर्तन अनुबंध खाते को प्रभावित करेगा।
	(घ). जहां तक अनुबंध खाते में संचित राशि के उपयोग का संबंध हैं, जनेप न्यास ने कहा हैं कि मुख्य तलकर्षण हेतु रु.1200 करोड़ के समग्र अनुमानित व्यय की पूर्ति निलंब खाते में संचित राशि से की जानी प्रस्तावित है। अनुबंध खाते में प्रस्तुत विवरण के अनुसार मुख्य तलकर्षण हेतु निधियों का उपयोग वर्ष 2009-10 से प्रारंभ होगा। चूंकि वर्ष 2009-10 का आगमन सन्निकट है, जनेप न्यास को वर्ष 2009-10 से परियोजना के कार्यान्वन हेतु उठाए जाने वाले कदमों के बारे में बताना चाहिए। इस संबंध में सरकारी स्वीकृति की प्रति प्रस्तुत की जानी चाहिए।	तलकर्षण परियोजनाएं प्रारंभ करने हेतु सभी प्रयास किए जा रहे हैं।
	(ङ). प्रपत्र-9 के नोट-2 से प्रतीत होता है कि जनेप न्यास ने निलंब खाते में संचयों के निवेश पर अर्जित ब्याज को आय माना है। जनेप न्यास को उक्त ब्याज आय प्रपत्र-9 में दी गई व्यवस्था के अनुसार अनुबंध खाते में जमा करनी चाहिए।	समस्त ब्याज आय नहीं मानी गई है।
(ii).	जनेप न्यास द्वारा वर्ष 2006-07 से 2008-09 तक वहन किए गए आर टी जी	मेसर्स ए बी जी एण्ड वार्नर के साथ पट्टा अनुबंध 2007-08 में समाप्त हो चुका है। आर एम क्यू सी

	के वास्तविक किराया प्रभार इस प्राधिकरण द्वारा सितम्बर, 2006 में जनेप न्यास की प्रशुल्क निर्धारण में विचारित अनुमानों के संदर्भ में सत्यापन हेतु प्रस्तुत किए जाने चाहिए। वास्तविक तथा अनुमान आंकड़ों के बीच अंतर, यदि कोई है , का स्पष्टीकरण किया जाना चाहिए। इस संबंध में, दिनांक 28 सितम्बर, 2006 के आदेश के पैरा, 14(xiv) (घ) का संदर्भ लें।	किराए पर लेने हेतु एक प्रस्ताव था जो कार्यरूप में परिणित नहीं किया जा सका।
(iii).	जनेप न्यास द्वारा वर्ष 2006-07 से 2008-09 तक वहन किए गए ट्रैक्टर ट्रेलरों के वास्तविक किराया प्रभार इस प्राधिकरण द्वारा सितम्बर, 2006 में जनेप न्यास के प्रशुल्क निर्धारण में विचारित अनुमानों के संदर्भ में सत्यापन हेतु प्रस्तुत किए जाने चाहिए। वास्तविक तथा अनुमान आंकड़ों के बीच अंतर, यदि कोई है , का स्पष्टीकरण किया जाना चाहिए। इस संबंध में, दिनांक 28 सितम्बर, 2006 के आदेश के पैरा, 14(xiv)(ख) का संदर्भ लें।	इसे अलग से प्रकट नहीं किया गया हैं परन्तु वार्षिक लेखा में उपस्कर किराया के अधीन दर्शाया गया हैं।
(iv).	जनेप न्यास द्वारा वर्ष 2006-07 से 2008-09 तक वहन किए गए लघु कार्यों के वास्तविक किराया प्रभार इस प्राधिकरण द्वारा सितम्बर, 2006 में जनेप न्यास के प्रशुल्क निर्धारण में विचारित अनुमानों के संदर्भ में सत्यापन हेतु प्रस्तुत किया जाना चाहिए। वास्तविक तथा अनुमान आंकड़ों के बीच अंतर, यदि कोई है , का स्पष्टीकरण किया जाना चाहिए। इस संबंध में, आदेश दिनांक 28 सितम्बर, 2006 के पैरा, 14(xvi) का संदर्भ लें।	वास्तविक आंकड़े वार्षिक लेखा से लिए गए हैं तथा वृद्धि अनुमान के अनुसार की गई हैं।

ग.	दर मानः	
(i).	जनेप न्यास ने अपना प्रस्तावित दर माने जनेप न्यास में विद्यमान कुंटेनर संबंधित प्रशुल्क पर 18% की वृद्धि के अनुमान तथा जनेप न्यास में विद्यमान पोत संबंधित प्रशुल्क पर 49% की वृद्धि के अनुमान के आधार पर तैयार किया हैं। इस वृद्धि के औचित्य हेतु उपयोक्ताओं को होने वाले उत्पादकता सुधार के लाभों को सूचीबद्ध किया जाना चाहिए।	जबकि कुछ परिसम्पत्ति वृद्धियां प्रतिस्थापन के रूप में हैं, अन्य नए अर्जन है। वर्तमान परीदृश्य में यातायात परिमाण में कोई वृद्धि प्रक्षेपित करना कठिन हैं।
(ii).	अध्याय-1 के अधीन प्रस्तावित नोट 1.2 (vii) (ख) संशोधित प्रशुल्क दिर्शानिर्देश के खण्ड 2.18.2 के अनुरूप संशोधित किया जाए तथा ब्याज की दर भारतीय स्टेट बैंक की विद्यमान मूल उधार दर के साथ अद्यतन की जाए।	जी हाँ ।
(iii).	इस प्राधिकरण ने अपने आदेश दिनांक 30 सितम्बर, 2008 के माध्यम से जनेप न्यास को उसके द्वारा टर्मिनल्स में लाइसेंसधारकों द्वारा प्रचालित पोतों की बदली के समय बदली प्रभारों की उगाही संबंधी उपयुक्त शर्तों को अंतिम रूप देने और एन एस आई सी टी/जी टी आई पी एल/बी पी सी एल के साथ परामर्श से " टर्मिनल सुविधा" तथा " जनेप न्यास सुविधा", के रूप में पोतों के विभिन्न आवागमनों की विस्तृत सूची तैयार करने की सलाह दी थी। जनेप न्यास ने अध्याय-2 के अनुभाग 2.2. ग के अधीन नोट सं.(4) (4)(ii)(क) तथा (ख) के माध्यम से एक साधारण टिप्पणी में प्रस्ताव किया है कि निजी/बी ओ टी टर्मिनल्स में की गई सभी बदली " टर्मिलन सुविधा" मानी जाएंगी तथा प्रभार योग्य हैं। लाइसेंसधारकों द्वारा टर्मिनल्स में प्रचालित विभिन्न आवगमनों को "टर्मिनल सुविधा"	प्रत्येक बदली में भारी खर्च होता हैं। यदि अनुपयुक्त योजना अथवा बी ओ टी प्रचालकों की अपेक्षा के कारण यदि बदली को पत्तन सुविधा वर्गीकृत कर दिया जाए तो इसके दुरूपयोग की प्रवृत्ति बनेगी तथा अनावश्यक वित्तीय बोझ पड़ेगा। अतः यह शर्त अंतर्वेशित की गई है। जनेप कं.ट./उथला घाट में केवल इसकी सुविधाओं के लिए की गई बदली ही पत्तन सुविधा के रूप में वर्गीकृत की जाएगी।

	और " जनेप न्यास सुविधा" के रूप में सूचीबद्ध नहीं किया गया है। यह भी नहीं बताया गया है कि जनेप न्यास ने इस संबंध में एन एस आई सी टी/ जी टी आई पी एल/बी पी सी एल के साथ कोई परामर्श किया था अथवा नहीं। इस संबंध में एक विस्तृत नोट प्रस्तावित किया जाए।	
(iv).	इस प्राधिकरण ने अपने आदेश दिनांक 28 मार्च, 2007 के माध्यम से जनेप न्यास को तरल कार्गो घाट के लिए वहां उपलब्ध कराई गई सुविधाओं और वहन की गई पूंजीगत एवं प्रचालन लागत के आधार पर एक पृथक बर्थ किराया दर निर्धारण हेतु एक प्रस्ताव तैयार करने की सलाह दी थी। हमें जनेप न्यास से ऐसा कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। तरल कर्गो घाट पर उपलब्ध कराई गई सुविधाओं और वहन की गई पूंजीगत और परिचालन लागत के आधार पर तरल कार्गो घाट के लिए पृथक बर्थ किराया दर का प्रस्ताव किया जाना चाहिए।	वर्तमान में ऐसी कोई पहल नहीं की गई है।
(v).	जनेप न्यास द्वारा अनुसूची 2.4 के नीचे नोट 3(iii) में एक शर्त का प्रस्ताव किया है जिसमें तरल कार्गो के निर्यात् के संबंध में कार्गो प्रचालन के परिपूर्णन का समय निदर्शित किया गया है। चूंकि तरल कार्गो का प्रहस्तन बी पी सी एल द्वारा किया जाता है, इस संबंध में शर्त निरर्थक हो गई है। जनेप न्यास इस शर्त की जांच करे तथा इसको हटाने पर विचार करे। इस संबंध में आदेश दिनांक 28 सितम्बर, 2006 के पैरा सं.14(xxiii)(i)(ii) का संदर्भ लें।	चूंकि बर्थ किराया जनेप न्यास को प्राप्त होता है, अतः यह शर्त प्रासंगिक हैं।

(vi).	इस प्राधिकरण ने जनेप न्यास आदेश दिनांक 28 सितम्बर, 2006 के पैरा सं. 14 (xxiii)(iv)(ट) के माध्यम से जनेप न्यास को उथले डुबाव घाट/पोर्ट क्राफ्ट बर्थ/पोर्ट क्राफ्ट जेटी पर बर्थ किराया प्रभारों के उद्ग्रहण हेतु लागत आधारित प्रस्ताव तैयार करने की सलाह दी थी। पत्तन द्वारा न तो कोई पृथक प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है और न ही उसको वर्तमान सामान्य पुनरीक्षण प्रस्ताव में सम्मिलित किया गया है। जनेप न्यास को उथले डुबाव घाट/पोर्ट क्राफ्ट बर्थ/पोर्ट क्राफ्ट जेटी पर बर्थ किराया, उक्त बर्थों पर उपलब्ध कराई गई सुविधाओं और वहन की गई पूंजीगत एवं प्रचालन लागत के आधार पर, प्रस्तावित करना चाहिए।	प्रत्येक बर्थ के लिए पृथक बर्थ किराया निर्धारित करने हेतु कोइ कदम नहीं उठाया गया हैं चूंकि इससे उपभोक्ताओं के साथ-साथ पत्तन को भी अधिक जटिलताओं का सामना करना पड़ेगा।

7. जनेप न्यास द्वारा दी गई जानकारी/स्पष्टीकरण में कुछ अंतर था, इसलिए जनेप न्यास से आगे अतिरिक्त जानकारी/स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया था। जनेप न्यास ने अपना जवाब दे दिया है। उठाए गए प्रश्नों और जनेप न्यास द्वारा दिए गए स्पष्टीकरणों के सारांश को नीचे यहां सारणीबद्ध किया गया है:

क्र.सं.	उठाए गए प्रश्न	जनेप न्यास का उत्तर
(क).	<u>सामान्य:</u>	
(i).	जैसे कि वित्तीय वर्ष 2008-09 पहले ही समाप्त हो चुका है, जनेप न्यास को सभी गतिविधियों/उप गतिविधियों के लिए विहित प्रपत्रों में अप्रैल 2008 से मार्च 2009 की अवधि तक के लिए वास्तविक प्रशुल्क और आय/व्यय सभी गतिविधियों/उपगतिविधियों के लिए अनुमानों में संगत परिवर्तनों सहित प्रस्तुत करना चाहिए। वर्ष 2008-09 अनन्तिम मसौदा वार्षिक विवरणों की एक प्रति भी दी जाए।	वित्तीय वर्ष 2008-09 के लिए वार्षिक लेखा प्रस्तुत किए गए हैं। वर्ष 2008-09 के लिए पत्तन की चार मुख्य गतिविधियों अर्थात् बल्क, कंटेनर, समुद्री और संम्पदा के संबंध में वास्तविक लागत विवरण प्रस्तुत किए गए हैं। सभी गतिविधियों/उप गतिविधियों के संबंध में उत्तरवर्ती वर्षों के लिए प्राक्कलनों में तदनुसार परिवर्तन करना व्यावहारिक नहीं होगा क्योंकि प्रशुल्क में परिवर्तन के लिए प्रस्ताव न्यासी बोर्ड से मंजूरी प्राप्त करने के बाद भेजा गया था।

(ii).	वर्ष 2008-09 के लिए प्रक्कलनों के साथ वास्तविक आंकड़ों का तुलनात्मक ब्यौरा भी प्रपत्र-7 में दिया जाए।	2008-09 के वर्ष के लिए वास्तविक आंकड़ों तथा अनुमानों का तुलनात्मक विवरण (प्रपत्र 7) भेज दिया गया है।
(iii).	पत्तन सुविधाओं का आधुनिकीकरण एक सतत प्रक्रिया हो सकती है और जब परियोजनाओं को चालू किया जाएगा है तो इसके प्रभाव का पता चलेगा। उपलब्ध सुविधाओं/विचाराधीन 3 वर्ष की अवधि के दौरान सृजित की जाने वाली सुविधाओं के आधार पर उत्पादकता मानदण्ड प्रस्तुत किए जाने चाहिए। विभिन्न कार्यों/सेवाओं के लिए अनुरक्षित किए जाने वाले उत्पादकता स्तरों के अभाव में, यह प्रधिकरण जनेप न्यास के संबंध में दिशानिर्देश के मार्च, 2005 के उपबंध 2.8 के कार्यान्वन पर अपनी राय दे सकता है।	उपलब्ध सुविधाओं/3 वर्षों की अवधि में विचारार्थ सृजित की जाने वाली सुविधाओं के आधार पर उत्पादकता मानदण्डों का ब्यौरा दिया गया है। [जनेप न्यास ने निम्नलिखित विवरण दिया है: इसके पास निम्नलिखित विवरणानुसार 680 मीटर के घाट लंबाई वाले इसके मुख्य कंटेनर बर्थ में 8 आरएमक्यूसी हैं : (i). 1989 में संस्थापित पोस्ट पैनामैक्स आरएमक्यूसी सं. 3 (ii). पट्टे पर लिए गए आरएमक्यूसी 1995 में सं. 1 1997 में सं. 2 2002 में (सुपर पोस्ट पैनामैक्स आरएमक्यूसी) सं. 2 कुल सं. 8 (ii). 1989 में अर्जित किए गए आरएमक्यूसी ने पहले ही अपनी 20 वर्ष की आर्थिक अवधि मार्च 2009 में पूरी कर दी है (iii). वर्ष 2009-10 से 2011-12 में पत्तन सुविधाओं के आधुनीकीकरण/सृजित करने के लिए इसने 1989 में अर्जित 3 आरएमक्यूसी को बदलने की योजना बनाई, जिन्हें 2011-12 में स्थापित करने की उम्मीद है। (iv). पत्तन वर्ष 2010-11 में अपने मुख्य घाट में एक और सुपर पोस्ट पैनामैक्स आरएमक्यूसी को प्राप्त करने की प्रक्रिया में है, ताकि मुख्य कंटनेर घाट में 9 आरएमक्यूसी होंगे। (v). वर्ष 2008-09 के दौरान देखी गई 8 आरएमक्यूसी के लिए आरएमक्यूसी वार उत्पादकता के आधार पर वर्ष 2008-09 के लिए औसतन कुल क्रेन उत्पादकता प्रति क्रेन 15.81 फेरे प्रति घंटा बताई गई है।

		(vi). 2002 के 2 सुपर पोस्ट पैनामैक्स आरएमक्यूसी की औसतन क्रेन उत्पादकता वर्ष 2008-09 में लगभग प्रति क्रेन 20 फेरे प्रति घंटा थी। (vii). वर्ष 2010-11 में एक और सुपर पोस्ट पैनामैक्स आरएमक्यूसी के बढ़ने से (कुल 9 आरएमक्यूसी) कुल औसतन क्रेन उत्पादकता प्रति घंटा प्रति क्रेन 16.12 फेरे दिखाई गई है। (viii). 3 आरएमक्यूसी के प्रतिस्थापन के साथ (1989 में प्राप्त) 2011-12 में 3 सुपर पोस्ट पैनामैक्स आरएमक्यूसी से 9 आरएमक्यूसी के लिए औसतन कुल क्रेन उत्पादकता प्रति क्रेन 18 फेरे प्रति घंटा दर्शायी गई है। (ix). इसने आगे यह भी कहा है कि उपर्युक्त नई योजनाओं के समापन के बावजूद, यह 20 मीटर की रेल स्पैन जैसी भौतिक बाधाओं तथा ट्रियन लिफ्ट के प्रचालन का उपयोग नहीं कर पाने के कारण प्रति क्रेन 25 फेरे प्रति घंटा की उत्पादकता प्राप्त नहीं कर पाया है।]
(iv).	जनेप न्यास द्वारा दिए गए फार्म – 9 में केवल स्वीकृत रियायतों से प्राप्य रोयल्टी/ राजस्व अंश का ब्यौरा था कृपया 2008-09 से 2011-12 तक स्वीकृत (तथा स्वीकृत किए जाने वाले) रियायतों से प्राप्य पट्टे के किराये का ब्यौरा भी दें, जैसे कि पहले अनुरोध किया गया था।	जीटीआईपीएल से प्राप्य पट्टा संबंधी किराया (लाख रु. में) वर्ष — राशि 2007-08 — 3050.21 2008-09 — 3148.04 2009-10 — 3299.11 2010-11 — 3431.07 2011-12 — 3568.31
(v).	पत्तन कार्यों के लिए कर्मचारियों की संख्या निर्धारण के संबंध में राष्ट्रीय औद्योगिक अधिकरण के निर्णय को श्रम मंत्रालय 23 मई 2006 की अधिसूचना सं. L-3/011/1/2000-आईआर(एम), द्वारा भारत के राजपत्र में अधिसूचित कर दिया है।	जनेप न्यास ने ब्यौरा दे दिया है। इसने कहा है कि किसी भी तरह के कर्मचारी संख्या में परिवर्तन के लिए कार्यान्वयन पूर्व कर्मचारी संघों से चर्चा करने की जरुरत होती है ताकि औद्योगिक संबंध खराब न हों।

	अधिकरण के निर्णय के अनुसार विद्यमान कर्मचारी संख्या और संशोधित कर्मचारी संख्या को दर्शाने वाला एक तुलनात्मक विवरण प्रस्तुत किया जाए। वर्तमान परिदृश्य के अंतर्गत वास्तविक / अनुमानों के अनुसार विभिन्न गतिविधियों के अंतर्गत मानव बल की लागत दिखाई जाए और क्या अधिकरण के निर्णय को वर्ष 2009-10 से 2011-12 के लिए व्यवसाय अनुमानों हेतु कार्यान्वित किया गया है?	
(B).	(1). <u>वित्तीय / लागत विवरण:</u>	
(i).	कृपया 80,000 टीईयू पर उथले जल घाट (एसडब्ल्यूबी) की घाट क्षमता के निर्धारण के लिए विस्तृत गणना पेश करें।	उथले जल घाट (एसडब्लयूबी) की घाट-क्षमता के निर्धारण के लिए विस्तृत गणना दी गई है। [10.19X24X1.3X360X70%=80,118 टीईयू]
(ii).	यद्यपि इष्टतम क्षमता के लिए गणना हेतु, सूत्र और मानक जो फरवरी 2008 के मार्गदर्शी निर्देशों में विहित किए गए हैं, नई बीओटी परियोजनाओं पर लागू हैं, जनेप न्यास से पुन: अनुरोध है कि फरवरी 2008 में दिए गए दिशानिर्देश का सूत्र लगाए और जनेप न्यास में व्याप्त मानकों को अपनाकर मुख्य कंटेनर टर्मिनल और उथले जल घाट की मानक क्षमता, कार्यकरण को अलग अलग निर्धारित कर भेजें।	मुख्य कंटेनर टर्मिनल और उथले जल (एसडब्ल्यूबी) की मानक क्षमता दी गई है:- <u>मुख्य घाट:</u> 8 X 360 X24 X16.2X0.7X1.3 = 10.2 लाख टीईयू <u>उथला जल घाट</u> 10.19 X 24 X1.3X360X0.7 = <u>0.80 लाख टीईयू</u> <u>11.00 लाख टीईयू</u> <u>वर्ष 2009-10 में क्षमता:</u> <u>मुख्य घाट</u> (a). 6 आरएमक्यूसी X 1.25 लाख टीईयू प्रति वर्ष 7.50 लाख टीईयू (b). 2 आरएमक्यूसी X 1.50 लाख टीईयू प्रति वर्ष 3.00 लाख टीईयू (c). उथला जल घाट <u>0.80 लाख टीईयू</u> <u>11.30 लाख टीईयू</u> <u>वर्ष 2010-11 में क्षमता:</u> (a). 6 आरएमक्यूसी X 1.25 लाख टीईयू प्रति वर्ष 7.50 लाख टीईयू (b). 3 आरएमक्यूसी X 1.50 लाख टीईयू प्रति वर्ष 4.50 लाख टीईयू

		(c). उथला जल घाट 0.80 लाख टीईयू 12.80 लाख टीईयू वर्ष 2011-12 में क्षमता: (a). 3 आरएमक्यूसी X 1.25 लाख टीईयू प्रति वर्ष 3.75 लाख टीईयू (b). 6 आरएमक्यूसी X 1.50 लाख टीईयू प्रति वर्ष 9.00 लाख टीईयू (c). उथला जल घाट 0.80 लाख टीईयू 13.55 लाख टीईयू
	(2). यातायात:	
(i).	कृपया जनेप न्यास द्वारा वर्ष 2009-10 से 2011-12 तक के लिए इसके टर्मिनलों पर कार्गो/कंटेनरों के लिए यातायात अनुमान 5 वर्ष/वार्षिक योजना के अनुसार भेजें।	अनुमानित यातायात (लाख में) ब्यौरा: 2008-09, 2009-10, 2010-11, 2011-12 सीमेंट (टन): 6.75, 6.75, 6.75, 6.75 कंटेनर (टीईयू): 12.25, 12.25, 12.25, 12.25
(ii).	जनेप न्यास ने विदेश, तटीय और यानांतरण में कुल कंटेनर यातायात के विस्तृत ब्यौरा नहीं दिया है और फॉर्म 2ए के अनुसार यथा अपेक्षित भारित, खाली और रीफर में आंवटित नहीं किया है। जनेप न्यास द्वारा दिए गए कुछ यातायात ब्यौरे अप्रैल 2008 से दिसम्बर 2008 की अवधि तक के हैं। कृपया विचाराधीन सभी वर्षों के लिए अपेक्षित ब्यौरें को फार्म-2ए के अनुसार भेजें।	अनुमानित वर्ष 2009-10 से 2011-12 के वर्षों के लिए विस्तृत ब्यौरों को देते हुए कंटेनर यातायात दिए गए हैं। अनुमान 2007-08 में वास्तविक प्रबंधित कंटेनर यातायात के आधार पर दिए गए हैं।
(iii).	जनेप न्यास ने वर्ष 2008-09 के लिए जहाज यातायात का अद्यतन नहीं किया है जो कि अप्रैल 2008 से जनवरी 2009 की अवधि के लिए वास्तविक आंकड़ों पर आधारित हैं और वर्ष 2009-10 से 2011-12 तक के वर्षों के लिए अनुमानित जहाज यातायात में कोई परिवर्तन नहीं	जनेप न्यास ने वर्ष 2008-09 हेतु वास्तविक जलयान यातायात ब्योरा प्रस्तुत किया है, जो नीचे दिए अनुसार है: क्र सं: 1 विवरण: जेएनपी यानों की संख्या: 665 कुल जीआरटी: 15957599 औसत जीआरटी: 23996

किया है। चूंकि वित्तीय वर्ष 2008-09 पहले ही समाप्त हो चुका है इसलिए 2008-09 के वर्ष के लिए वास्तविक जहाज यातायात प्रस्तुत किया जाए और वर्ष 2009-10 से 2011-12 तक के वर्षों के लिए अनुमानित जलयान परिवहन को अद्यतन किया जाए।

	कंटेनर जलयान			
2.	शुष्क बल्क जलयान	57	647421	11358
3.	बीपीसीएल टैंकर	409	7180810	17557
4.	आरओ आरओ जलयान	11	440178	40016
5.	सामान्य जलयान	7	78144	11163
6.	एनएसआई सीटी कंटेनर जलयान	697	25273549	36260
7.	जीटीआईपी एल कंटेनर जलयान	859	27185560	31648
8.	जेएनपी नौका	87	174429	2005
9.	एनएसआई सीटी नौका	50	99669	1993
10.	जीटीआईपी एल नौका	120	246984	2058
	कुल	2962	77284343	26092

जनेप न्यास ने वर्ष 2009-10, 2010-11 और 2011-12 के लिए अनुमानित जलयान यातायात ब्यौरा प्रस्तुत किया है, जिसे नीचे दिया गया है:

2009-10	यातायात	जीआरटी	यानों की संख्या
सीमेंट	675000	591604	53
जनेप न्यास सीटी	1225000	16409116	714
एनएसआई सीटी	1000000	16352258	460
जीटीआईपी	1675000	29156420	951

		एल 4000000 5655903 308 बीपीसीएल 3900000 68165301 2468 कुल

2010-11	यातायात	जीआरटी	जलयानों की संख्या
सीमेंट	675000	591604	53
जनेप न्यास सीटी	1225000	16409116	714
एनएसआई सीटी	1000000	16352258	460
जीटीआईपी एल	1762000	30670813	1000
बीपीसीएल	4000000	5655903	308
कुल	3987000	69679694	2535

2011-12	यातायात	जीआरटी	जलयानों की संख्या
सीमेंट	675000	591604	53
जनेप न्यास-सीटी	1225000	16409116	714
एनएसआई सीटी	1100000	17987483	506
जीटीआईपी एल	1800000	31332272	1022
बीपीसीएल	4000000	5655903	308
कुल	4125000	71976379	2603

यह व्यावहारिक नहीं है कि सभी गतिविधियों/उप गतिविधियों के लिए उत्तरवर्ती वर्षों के लिए अनुमानों में तदनुसार परिवर्तन किए जाए क्योंकि प्रशुल्क संशोधन का प्रस्ताव न्यासी मंडल से अनुमोदन लेने के बाद प्रस्तुत किया गया था।

	(3). <u>प्रचालनीय आय:</u>	
(i).	जनेप न्यास द्वारा 29 अक्टूबर 2008 के पत्र के अंतर्गत भेजे गए फार्म-2B में केवल निम्नलिखित सूचना है:	जनेप न्यास के निम्नलिखित सूचना भेजी: (a). वर्ष 2009-10 से 2011-12 के लिए पत्तन

	(a). पोर्ट विशिष्ट कार्गो से सभी विचाराधीन वर्षों की आय का ब्यौरा (b). 2006-07 और 2007-08 के वर्षों के लिए कंटेनर संबंधी विदेशी, तटीय और यानांतरण और आगे भारित, खाली और रीफर में विभक्त आय का ब्यौरा किया गया है। (c). 2008-09 से 2011-12 के वर्षों के लिए अनुमानित कंटेनर प्रबंधन आय को विद्यमान और प्रस्तावित दर मान के अंतर्गत समेकित अंकों में दिया गया है। विदेशी, तटीय और यानांतरण में और आगे भारित, खाली और रीफर में विभक्त कंटेनर संबंधी आय का ब्यौरा वर्ष 2008-09 से 2011-12 तक नहीं दिया गया है। संक्षेप में दी गई सूचना केवल विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत राजस्व के आंवटन से संबंधित है। इसमें यह स्पष्ट नहीं है कि प्रत्येक श्रेणियों के अंतर्गत दरमान/प्रस्तावित दरमान में अनुमोदित प्रशुल्क की तुलना में राजस्व किस तरह निर्धारित होता है । जनेप न्यास ने विद्यमान और प्रस्तावित दर मानों के अंतर्गत आय की विस्तृत गणना नहीं दी है। इसी तरह, कोई भी विस्तृत गणना को जलयान संबंधी आय के लिए नहीं दिया गया है। कृपया आवश्यक गणनाओं को भेजें।	विशिष्ट कार्गो से अनुमानित आय का ब्यौरा (b). वर्ष 2009-10 से 2011-12 के वर्षों के लिए कंटेनर संबंधी अनुमानित आय का ब्यौरा (c). 2009-10 से 2011-12 के वर्षों के लिए जलयान संबंधी अनुमानित आय का ब्यौरा [जनेप न्यास ने विद्यमान और प्रस्तावित दर मान के अंतर्गत आय की विस्तृत गणना नहीं दी है।]
(ii).	जनेप न्यास ने कहा कि अंतर-टर्मिनल रेल प्रबंधन कार्यों (आईटीआरएचओ) से प्राप्त होने वाली आय समग्र कंटेनर प्रबंधन आय का हिस्सा बनती है और आईटीआरएचओ का हुआ खर्च उपस्करों को किराए पर लेने के खर्च का हिस्सा बनता है। इस संबंध में आईटीआरएचओ के संबंध में सूचना निम्नलिखित प्रपत्र में	आईटीआरएचओ के कार्यों का ब्यौरा निम्नलिखित है: जेएन पत्तन पर कुल प्रहस्तित टीईयू से / को / कुल आईसीडीज प्रहस्तन / मिश्रित प्रहस्तन / प्रतिशत फरवरी-07 (15 / मार्च-07 / 114026 / 35495 / 31.13%

भेजी जाए:

तालिका-I (टैरिफ के विद्यमान स्तर पर आईटीआरएचओ से आय)

अवधि	आईटीआरएचओ के अंतर्गत जनेप न्यास द्वारा कंटेनर टर्मिनल द्वारा प्रबंधित टीईयू की दृष्टि से आईसीडी मात्रा	प्रति टीईयू दर (रु. में)	आय (1)X(2)= (3)
	(1)	(2)	(3)
(वास्तविक)			
2006-07		400	
2007-08		400	
2008-09		400	
(प्राक्कलन)			
2009-10		400	
2010-11		400	
2011-12		400	

to 28)				
अप्रैल -07	मार्च-08	1010380	336581	33.31%
अप्रैल -08	मार्च-09	995948	329586	33.09%
अप्रैल -09	अगस्त -09	458432	169443	36.96%
कुल		2578786	871105	33.78%

आईटीआरएचओ से आय को 2009-10 से 2011-12 तक के लिए प्राक्कलित अनुमानों को बनाते हुए कुल आय में माना गया है।

जहां तक तालिका-I का संबंध है, कालम (1) को कालम (2) से गुणा करना उचित नहीं होगा जैसे कि तालिका-I में उल्लेख किया गया है क्योंकि कंटेनर के स्वरुप/प्रकार अलग अलग होंगे।

तालिका – II (आईटीआरएचओ पर व्यय-उपकरणों का किराया)

(लाख रु. में)

अवधि	आईटीआरएचओ के अंतर्गत कंटेनर प्रहस्तन के लिए उपस्कर किराया	आईटीआरएचओ के अंतर्गत आईसीडी के अलावा कंटेनरों के प्रहस्तन हेतु उपस्कर	कुल व्यय (1) + (2) = 3 (जैसे कि जनेप न्यास द्वारा दिया गया है। इसके दिनांक

टैम्प के पत्र में आईटीआरएचओ व्यय संबंधी तालिका-II कालम (4) में वर्ष वार दिखाई गई राशि सही नहीं है। ये राशियां उन उपस्करों के किराए से संबंधित हैं जिन्हें पूरे कंटेनर प्रबंधन कार्यों में प्रयोग किया जाता है और केवल आईटीआरएचओ कार्यों के लिए ही प्रयोग नहीं किया जाता है जैसे कि तालिका-II कालम (4) में माना गया है। आईटीआरएचओ कार्यों संबंधी व्यय को पत्तन के लेखा प्रणाली में अलग से उपलब्ध नहीं कराया गया है जैसे कि पहले समय-समय पर बताया गया था।

	प्रभार का अंश	किराया प्रभार का अंश	29.10.2008 के पत्र का परिशिष्ट-2.1
(1)	(2)	(3)	(4)
(वास्तविक)			
2006-07			2133.80
2007-08			2655.14
2008-09			3300.00 *
(प्राक्कलन)			
2009-10			3630.00
2010-11			3993.00
2011-12			4392.00

* अनुमानों को 2008-09 के लिए वास्तविक आंकड़ों के संदर्भ में अद्यतन किया जाए।

	(4). <u>प्रचालन लागत</u> (पत्तन की समग्रतः)	
(i).	लाभदेयता विवरण (परिशिष्ट 2.1) और लागत विवरण (फार्म-3बी) में वास्तविक / अनुमानित विद्युत का ब्यौरा और मशीनों से संबंधित ईंधन लागत तथा मरम्मत लागत, भवनों और अन्यों से संबंधित मरम्मतों से संबंधित ब्यौरे नहीं हैं। कृपया ब्यौरा प्रस्तुत करें।	2009-10 से 2011-12 के लिए अनुमानित विद्युत और ईंधन लागत संबंधी सूचना दी गई है। मशीनों ; भवनों की मरम्मत और अनुरक्षण लागत का ब्यौरा और वर्ष 2008-09 से 2011-12 के लिए अन्य मरम्मतों का ब्यौरा भी जनेप न्यास द्वारा दिया गया है। [परिकलन नहीं दिया गया है]
(ii).	बीओटी ठेकों से उत्पन्न अन्य आय और बीओटी ठेकों संबंधी अन्य व्ययों के संबंध में सूचना निम्नलिखित फार्मेट में दी जाए: (रु. में)	बीओटी ठेकों से उत्पन्न अन्य आय और अन्य व्यय में टैरिफ प्राक्कलनों का विचार नहीं किया गया है।

विवरण	वास्तविक		अनुमान	
	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12
(i). बीओटी ठेकों से प्राप्त अन्य प्रभार				
(a) एनएसआईसीटी				
(b) बीपीसीएल				
(c) जीटीआईपीएल				
कुल				
(ii) बीओटी ठेकों के संबंध में व्यय				
(a) एनएसआईसीटी				
(b) बीपीसीएल				
(c) जीटीआईपीएल				
कुल				

(iii).	फार्म 3-बी में दिए गए वर्ष वार अन्य व्यय का कुल योग और जनेप न्यास के 19 मार्च 2009 के पत्र के परिशिष्ट-6 में दिए गए अन्य व्यय मेल नहीं खाते हैं। कृपया आंकड़ों को मिलाईए और मिलान ब्यौरा भेजें।	फार्म-3बी में अन्य व्ययों के लिए संशोधित विवरण और पहले परिशिष्ट-6 में दिए गए आंकड़े भेजे जा रहे हैं। [पहले दिए गए परिशिष्ट- VI में दिखाए गए कुल वर्ष वार अन्य व्यय संशोधित प्रपत्र-3बी में दिखाए गए आंकड़ों से मेल खाते हैं। अन्य व्ययों का सारांश नीचे दिया गया है: (लाख रु. में)

विवरण	2007-08	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12
1. उपस्कर किराए पर लेना	2655.14	3300.00	3630.00	3993.00	4392.30
2. नए क्रेन किराए पर लेना	-	-	688.50	688.50	688.50
3. टग पर व्यक्तियों को लगाना	201.12	241.34	252.45	264.06	276.21
4. पोर्ट क्राफ्ट पर व्यक्तियों को लगाना	295.37	308.96	323.17	338.03	353.58
5. टगों और पायलट लांचों को किराए पर लेना	2336.50	2443.98	4023.70	4208.79	4402.40

6. ह्रास	8501.86	9145.09	10721.86	12856.66	13871.95
7. अन्य जैसे जल, डाक, प्रिंटिंग और स्टेशनरी, कानूनी और व्यावसायिक प्रभार, इंजीनियरिंग सेवाएं, प्रशिक्षण व्यय आदि	3525.83	3520.02	3664.82	3816.28	3974.62
कुल	17515.82	18959.39	23304.50	26165.32	27959.56

(iv).	अवमूल्यन यह दोहराया गया है कि पूरी तरह से चालू और प्रयोग में परिसंपत्तियों की लागत को ही मार्च 2005 के टैरिफ दिशानिर्देशों की धारा 2.9.5. में निर्धारित अनुमान्य अवमूल्यनों में गिनते हुए विचार किया जाएगा। जनेप न्यास को पुनः सलाह दी जाती है कि, प्रत्येक परिसंपत्ति के चालू होने की अवधि के दृष्टिगत अवमूल्यन के लिए संशोधित परिकलन में विचार करें।	यह अनुमान लगाना पहले से बहुत मुश्किल है, जब 2009-10, 2010-11 और 2011-12 के अनुमानित वर्षों में परिसंपत्तियों को अर्जित करने का प्रस्ताव है, कि उन्हें कब प्रयोग किया जाएगा। जनेप न्यास ने यह बात दोहरायी कि अनुमानित परिसंपत्तियों के लिए लिया गया अवमूल्यन परंपरागत, यथोचित और कंपनी अधिनियम की अनुसूची XIV के टैम्प के दिशानिर्देशों के अनुसार है। तदनुसार अवमूल्यन का दावा किया गया है।
	(5). <u>प्रचालन लागतें</u> (कंटेनर प्रहस्तन गतिविधि)	
(i).	उपस्कर पर हुआ/होने वाला मुख्य नवीकरण व्यय का ब्यौरा दिया जाए	जनेप न्यास ने कहा है कि अधिकांश कंटेनर प्रहस्तन उपकरण आयातित हैं। उपकरण पर होने वाले नवीकरण संबंधी मुख्य व्यय में पुर्जों और घिसने वाली सहायक सामग्री को बदलना शामिल है जिसे

		नियमित अंतराल पर निवारणात्मक/पूर्वअनुमानित अनुरक्षण के आधार पर आयातित करना पड़ता है। इसके अलावा, उपकरण के खराब होने के दौरान मरम्मत और अनुरक्षण का कार्य करना पड़ता है। पहले ही उपलब्ध कराई गई विस्तृत लागत शीट में लागत सामाग्रियों की खपत के अंतर्गत दर्शायी गयी है । समय-समय पर किए जाने वाले मरम्मत और अनुरक्षण के कार्य कंटेनर टर्मिनल अनुरक्षण अनुभाग और इंजीनियरिंग सेवा के कार्यशाला और ओटो गैरेज अनुभाग द्वारा किए जाते हैं। अनुमानित मरम्मतों और अनुरक्षण व्ययों का ब्यौरा दिया गया है।
(ii).	जनेप न्यास से पुनः अनुरोध किया जाता है कि वह दस्तावेजी सबूतों द्वारा समर्थित परिकलन के साथ कार्य करने वाले उपकरण के किराया प्रभारों के प्राक्कलनों को साबित करें।	कार्यों के लिए उपकरणों अर्थात् ट्रैक्टर-ट्रेलर, रीच-स्टेकर्स को किराए पर लेने के कार्य आदेश दिए गए हैं। कार्य आदेश प्रतियों में निम्नलिखित दरों और संविदा की अवधि दर्शायी गई है: 1. <u>जनेप न्यास के अंतर्गत कंटेनरों के परिवहन के लिए 90 ट्रैक्टर ट्रैलरों को किराए पर लिया जाना:</u> छ पक्षों को प्रत्येक को 15 की आपूर्ति जारी करने के कार्य आदेश जारी किए गए। (i). प्रति 20' भारित कंटेनर 161.27 रु. प्रति 20' खाली कंटेनर 119.27 रु. (ii). 20' से अधिक भारित और खाली कंटेनरों की दरें 20' संबंधित कंटेनरों की दर से 1.5 गुना होगी। (iii). अनुबंध अवधि 1.4.07 से 31.03.2010 तक तीन वर्ष है जिसे उसी दर पर आगे 2 वर्षों तक बढ़ाया जा सकता है। (iv). अनुबंध वृद्धि / कटौती उपबंध से अनुशासित है जो कि डीजल के मूल्य पर आधारित होगी 2. <u>जनेप न्यास के भीतर कंटेनरों के परिवहन के लिए 5 रीच स्टेकरों को किराये पर लेना</u> (i). प्रति 20' भारित कंटेनर 164.00 रु. प्रति 20' खाली कंटेनर 100.00 रु.

		(ii). 20' से अधिक भरे और खाली कंटेनरों की दर संबंधित 20' कंटेनरों की दर से 1.5 गुना होगी। (iii). अनुबंध अवधि 12.08.2007 से 11.8.2010 तक 3 वर्ष है। (iv). अनुबंध वृद्धि/कटौती उपबंध से अनुशासित है जो कि डीजल मूल्य पर आधारित होगा।
	(6). प्रचालन लागत (समुद्री गतिविधि)	
(i).	जैसे कि पहले से ही अनुरोध किया गया है, जनेप न्यास को वर्ष 2008-09 के लिए टगों की मैनिंग के लिए मैनिंग अनुबंधों की प्रतियां भेजनी चाहिए।	टगों के लिए व्यक्तियों को लगाने के लिए अनुबंधों हेतु कार्य आदेश दिए गए हैं। [(i). जनेप न्यास ने 3 टगों (ग्रुप ए) के लिए व्यक्तियों, प्रचालन और अनुरक्षण के लिए एक निजी पार्टी से जनवरी 2001 में प्रारंभिक रुप से 5 वर्षों के लिए अनुबंध किया था जो कि पतन के दिनांक 02.01.2001 के पत्र के अनुसार उन्हीं निबंधनों एवं शर्तों पर अगले 2 वर्षों की अवधि तक बढ़ाने योग्य थी । दरों की अनुसूची निम्नानुसार है: <u>प्रति टग प्रति माह मासिक प्रभार</u> 1. प्रचालन, व्यक्ति व्यवस्था और रसद 4 लाख रु. 2. अनुरक्षण प्रभार 0.95 लाख रु. 3. भण्डार और रसायन की आपूर्ति 0.45 लाख रु. 4. गोदी के ऊपर के हिस्से के लिए पेंटिंग प्रभार 1.80 लाख रु. 5. जल के नीचे के लिए पेंटिंग प्रभार 1.75 लाख रु. (ii). जनेप न्यास द्वारा दिए गए दस्तावेजों की प्रतियों से देखा गया है कि यह ठेके को समय- समय पर 6% लागत वृद्धि के साथ "प्रचालन, व्यक्ति और रसद व्यवस्था के शीर्ष में बढ़ाता रहा है। जनेप न्यास के दिनांक 3 मार्च 2009 की एक प्रति, जो कि संबंधित निजी पक्ष को जारी की गई है, में कहा गया है कि उपर्युक्त अनुबंध को 01.03.2009 से आगामी आदेशों तक बढ़ा दिया

		गया है। ठेके के विस्तार के ब्यौरे नहीं दिए गए हैं। (iii). जनेप न्यास ने जनेप न्यास के स्वामित्वाधीन लांचों (ग्रुप-बी) जिसमें 3 पायलट लांच, 2 वीआईपी नौकाएं और 2 मूरिंग नौकाएं शामिल हैं, की व्यवस्था, प्रचालन और अनुरक्षण कार्यों हेतु 3 वर्ष की अवधि के लिए एक अनुबंध किया और अनुबंध को शुरु करने की संभावित तारीख 02 अप्रैल 2007 है। उपर्युक्त कार्य के लिए कोई दस्तावेजी सबूत 2009-10 के बाद नहीं दिया गया है। (iv). ऐसा प्रतीत होता है कि पत्तन ने मूरिंग क्रू की सेवाएं प्रदान करने हेतु किसी दूसरी पार्टी से अनुबंध किया है। जनेप न्यास द्वारा दिए गए ठेका दस्तावेजों की प्रतियों में 15.07.2009 से 15.10.2009 तक तीन माह की अवधि के लिए ठेके के विस्तार के बारे में ही बताया गया है जिसके साथ कार्य का दायरा और संबंधित पार्टी को देय दर दी गई है।]
(ii).	पैरा (ii) जनेप न्यास से पुनः अनुरोध किया जाता है कि वह दस्तावेजी साक्ष्य के साथ टग/पायलट लांचों को किराए पर लेने के लिए अनुमानित व्यय हेतु कार्यचालन दें।	टगों / पायलट नौकाओं को किराए पर लेने के कार्य आदेश दिए गए हैं: (i). जनेप न्यास द्वारा 07.09.2000 को दिए गए दस्तावेज की प्रति में कहा गया है कि इसने 45 टन के एक बोलार्ड पुल टग की बिक्री के लिए और उसे वापस जनेप न्यास को किराए पर देने एक निजी पार्टी से अनुबंध किया। यह अनुबंध 10 वर्षों तक के लिए वैध है और 2 वर्षों तक बढ़ाया जा सकता है। पहले वर्ष के चार्टर दर पर 5% वार्षिक संचयी वृद्धि इस अवधि के दौरान अनुमान्य है। पहले वर्ष के लिए ठेके हेतु प्रति दिन देय राशि 139,500 रु. प्रति दिन है। वारंटी अवधि के दौरान निजी पार्टी द्वारा प्रथम वर्ष प्रभारों पर 9900 रु. प्रति दिन के हिसाब से छूट का प्रस्ताव दिया गया है । जनेप न्यास को टग को किराए पर लेने के दौरान ईंधन, जल, विद्युत, पत्तन प्रभार और प्रदूषण रोधी की व्यवस्था करनी होगी।

(ii). जनेप न्यास द्वारा दिए गए दस्तावेजों की एक प्रति से देखा गया है कि टग/लांच को किराए पर लेने की दर और वैधता अवधि-नीचे दी गई है:-

क्र सं	जलयान	स्वीकृति पत्र	वैधता	दर (प्रति दिन रु. में)
1	एक टग	24.10.07	सेवा आरंभ होने की तारीख से 5 वर्ष जो कि उन्हीं नियम और शर्तों पर आगे 2 वर्षों तक विस्तारणीय होगी	131660
2	एक टग	13.4.06	-वही-	123075
3	एक टग	13.4.06	-वही-	123075
4	एक सुरक्षा नौका	29.08.06	-वही-	8750
5	दो तीव्र गति वाली पायलट नौकाएं	02.04.08	-वही-	22500 / प्रति दिन प्रति नौका

	(7). नियोजित पूंजी	
(i).	पैरा (i) दिनांक 19 मार्च 2009 के अपने पत्र के अंतर्गत जो जनेप न्यास द्वारा भेजे गए परिशिष्ट-9 में केवल सकल परिसंपत्ति ब्लाक, सकल ब्लाक में वृद्धियों और अवमूल्यनों को 2007-08 से 2011-12 के वर्षों तक के लिए दिया गया है। कृपया, फार्म-4बी में 2008-09 से 2011-12, तक के दौरान सकल ब्लाक में जोड़े गए/जोड़े जाने वाले पूंजीगत व्यय के प्रत्येक अतिरिक्त मद का ब्यौरा दें, जैसे कि पहले ही अनुरोध किया गया था।	2009-10 से 2011-12 तक की अवधि के दौरान सकल ब्लाक में जोड़ी जाने वाली प्रस्तावित पूंजीगत व्यय की अतिरिक्त मदों का ब्यौरा दिया गया है। [मुख्य मदों में सड़क कार्य, पुनर्वास उपाय, अपशिष्ट निपटान प्रणाली का विकास, वीटीएमएस प्रणाली का उन्नयन, अतिरिक्त रेल लाइनों का निर्माण, मेरी गो राउंड लिंकेज, विद्यमान सड़कों और यार्डों का विकास, नए आरओबी का निर्माण, पत्तन क्षेत्रों का सुधार, जल आपूर्ति को बढ़ाना और जल निकासी प्रणाली, 6 आरटीजी को अर्जित करना, एक आरएमजीसी, 3 टग, 3 पायलट नौकाओं, 2 मूरिंग नौकाओं को बदला जाना, कंप्यूटर प्रणाली का उन्नयन, एक नए सुपर पोस्ट पैनामैक्स साइज आरएमक्यूसी अर्जित करना, सुपर पोस्ट पैनामैक्स साइज आरएमक्यूसी के साथ 1989 में 3 आरएमक्यूसी का प्रतिस्थापन समुद्री रसायन टर्मिनल और आबद्ध विद्युत संयत्र का निर्माण शामिल हैं]
(ii).	जनेप न्यास वर्ष 2008-09 से 2011-12 के दौरान सकल ब्लाक में क्रमश: 175.17 करोड़ रु. 352.20, 405.43 करोड़ रुपए और 389.68 करोड़ रुपए का प्रस्ताव कर रहा है। कृपया प्रत्येक पूंजीगत मद हेतु इन निवेश योजनाओं के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति और पूरा होने का संभावित समय भेजें।	प्रत्येक पूंजीगत मद के लिए निवेश योजनाओं के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति और उनके पूरा होने के संभावित समय संबंधी सूचना दी गयी है। [सड़कों को चौड़ा करने का कार्य 2009-10 में पूरा हो गया। इसने एक नए सुपर पोस्ट पैनामैक्स साइज आरएमक्यूसी को लेने का कार्य अगस्त 2009 में और एक आरएमजीसी का प्रतिस्थापन का कार्य आदेश सितम्बर 2009 में दिया था।]
(iii).	जनेप न्यास ने कहा है कि यह अपनी पूरी परिसंपत्तियों को व्यापारिक परिसंपत्ति समझता है। तथापि, दिनांक 19 मार्च, 2009 के जनेप न्यास के पत्र के परिशिष्ट 9 (परिसंपत्ति रजिस्टर) से पता चलता है कि पत्तन के पास व्यापारिक परिसंपत्ति/व्यापार	पत्तन की सभी परिसंपत्तियों को जैसे कि पहले उत्तर दिया गया था प्रशुल्क संशोधन प्रस्ताव के प्रयोजनार्थ व्यापारिक परिसंपत्तियां माना गया है। पत्तन नगर के क्वार्टर भी सीमा शुल्क और अन्य पत्तन प्रयोक्ताओं/नौवहन एजेंटों को किराए पर दिए गए हैं। पत्तन अस्पताल भी बाहरी रोगियों जैसे सीमा शुल्क अधिकारियों, पत्तन प्रयोक्ताओं/ठेके के

	संबंधी परिसंपत्ति जैसे क्वार्टर, स्कूल, अस्पताल, कैंटीन, आराम गृह, शॉपिंग केन्द्र, क्लब, बहुउद्देशीय सभागृह, बस शेल्टर इत्यादि हैं । संयोगवश, जनेप न्यास द्वारा दिए गए परिसंपत्ति रजिस्टर में इस दृष्टि से पूरी सूचना नहीं है कि एकत्रित ह्रास और परिसंपत्ति के प्रत्येक मद के लिए सकल ब्लाक संबंधित वर्षों के लिए संबंधित सूचना नहीं दी गई है। जैसे कि पहले ही कहा गया है कि मार्च, 2005 के टैरिफ दिशानिर्देशों के खंड 2.9.7 और 2.9.8 में यह निर्धारित किया गया है कि परिसंपत्तियों का सकल ब्लाक को व्यापार संबंधी परिसंपत्तियों/सुविधाओं और सामाजिक देयता परिसंपत्तियों/सुविधाएं अलग अलग दी जानी चाहिए। इसलिए जनेप न्यास से पुनः अनुरोध है कि जैसे कि 28 सितम्बर 2006 के आदेश के पैरा सं. 14 (xxi) द्वारा इस प्राधिकरण ने पहले सलाह दी थी, परिसंपत्तियों को टैरिफ दिशानिर्देशों के खंड 2.9.7 और 2.9.8 के अंतर्गत निर्धारित अनुसार परिसंपत्तियां अलग अलग दें और इन्हें 2005-06 से 2011-12 तक के वर्षों के लिए दिखाएं। तदनुसार नियोजित पूंजी पर लाभ संशोधित करें।	श्रमिकों/स्कूल अध्यापकों को प्रभार के आधार पर सेवा देता है । भारतीय शिक्षण संस्था और सेंट मेरी द्वारा क्रमशः पत्तन टाउनशिप में दो स्कूल चलाए जा रहे हैं । इन दोनों स्कूलों में अनेक छात्र अगल बगल के क्षेत्रों से हैं और जनेप न्यास कर्मचारियों के बच्चे नहीं हैं। पत्तन के भीतर चल रही पत्तन की कैंटीन और अस्पताल / प्रशासन भवन का प्रयोग भी प्रभार के आधार पर पत्तन प्रयोक्ताओं/शिपिंग एजेंटों द्वारा किया जा रहा है । शॉपिंग सेंटर में दुकानों का भी इस परिसर में टाउनशिप निवासियों के अतिरिक्त अन्य लोगों द्वारा भी प्रयोग किया जा रहा है । इस पत्तन के 15 कि.मी. दायरे में कोई अन्य होटल या कोई नोडल अस्पताल, स्कूल नहीं है । इन सुविधाओं को कार्यबल की दक्षता को बढ़ाने और व्यापार को बढ़ाने के लिए भी प्रदान किया गया है क्योंकि इन सुविधाओं का प्रयोग नौवहन एजेंटों, नौवहन लाइनों और पत्तन प्रयोक्ताओं द्वारा किया जाता है। उपर्युक्त तथ्यों के दृष्टिगत, इन सभी परिसंपत्तियों को व्यापारिक परिसंपत्तियां समझा गया है। इन उपर्युक्त सभी परिसंपत्तियों को व्यापारिक परिसंपत्तियां समझा गया है।
	(8). <u>अन्य मुद्दे</u>	
(i).	जनेप न्यास से पुनः अनुरोध है कि वह वर्ष 2005-06 (रु.7997.20 लाख) के दौरान निलंब खाते में आए धन पर सही विचार करके निलंब खाते को दुबारा सही करके भेजें 14,71,313 टीईयू के ट्रेफिक स्तर वर्ष 2009, 2010 और 2011 प्रत्येक के लिए अलग अलग जैसे कि इस प्राधिकरण	ये अनुमान तत्समय यातायात में व्याप्त वैश्विक मंदी के आधार पर यथोचित हैं जो कि प्रशुल्क संशोधन प्रस्ताव पर विचार करने के समय बनाए गए थे। विवरण की एक प्रति संलग्न है।

	द्वारा 30 दिसम्बर 2008 के आदेश में एनएसआईसीटी के मामले में, वर्ष 2008-09 के वर्ष के लिए 4.79 मिलियन टन के परिवहन स्तर और वर्ष 2009-10 के लिए 5.48 मिलियन टन, बीपीसीएल दिनांक 7 अगस्त 2007 का आदेश देखें और फार्म 9 में यथा उपबंधित निलंब खाते में चयित निवेश पर अर्जित ब्याज को जमा करने संबंधी सूचना दें।	
(C).	<u>दरों का पैमाना</u>	
(i).	जनेप न्यास का यह उत्तर कि वर्तमान में लिक्विड कार्गो जेटी और उथला डुबाव घाट/पोर्ट क्राफ्ट बर्थ/पोर्ट क्राफ्ट जेटी के लिए अलग पृथक घाट को किराया विहित करने का कोई इरादा नहीं है, यह कदम इस प्राधिकरण द्वारा इस संबंध में 28 मार्च 2007 और 28 सितम्बर, 2006 को दिए गए आदेशों में दी गई सलाह की पूरी तरह अवहेलना करता है । लिक्विड कार्गो जेटी और उथला डुबाव घाट/पोर्ट क्राफ्ट बर्थ/पोर्ट क्राफ्ट जेटी के लिए अलग बर्थ के किराए की दर पूंजी और खर्च हुई प्रचालन लागत एवं उसमें प्रदान सुविधाओं को प्रदान किया जाना चाहिए।	लिक्विड कार्गो जेटी, उथला डुबाव घाट/पोर्ट क्राफ्ट बर्थ/ पोर्ट क्राफ्ट जेटी के लिए अलग बर्थ किराए प्रभार को अलग लगाने का कोई प्रस्ताव नहीं है, जैसे कि पहले ही उत्तर दिया गया है। बर्थ किराया प्रभार समग्र चर और निर्धारित लागतों के आधार पर लगाए जाते हैं जो कि यान की सभी बर्थों और यान संबंधी सेवाओं के लिए होती है । लागतों का विस्तृत विवरण पत्तन के लेखाओं में उथला डुबाव घाट, लिक्विड कार्गो बर्थ और अन्य बर्थों के लिए अलग से उपलब्ध नहीं है। बेहतर प्रबंधन नियंत्रण के लिए सभी बर्थों पर एकल बर्थ किराया दर लगाई जाती है।

8.1. जनेप न्यास से 31 मई 2010 तक वर्ष 2008-09 तथा 2009-10 के लिए वास्तविक आंकड़ों से लागत विवरणों को अद्यतन करने और वर्ष 2012-13 के लिए अनुमान प्रदान करने के लिए अनुरोध किया गया। 31 मई 2010 तक अद्यतन लागत विवरण प्रदान करने में कठिनाइयां व्यक्त करते हुए, पत्तन ने विवरण प्रदान करने के लिए कुछ और समय मांगा। दिनांक 3 अप्रैल 2009 से जनेप न्यास के वर्तमान दर मानदंड की परिवर्धित वैधता के मद्दे नज़र और दिनांक 31 जुलाई 2010 तक प्रशुल्क (टैरिफ) निर्धारण कार्य पूरा कर लेने के लिए पोत परिवहन मंत्रालय द्वारा मंत्रालय के दिनांक 6 मई 2010 के पत्र के तहत सभी प्रमुख पत्तनों को दिए गए निदेशों के मद्दे नजर यह प्राधिकरण कार्यवाहियों को अनिश्चित काल तक जारी नहीं रखना चाहता था और इसलिए जनेप न्यास से 15 जून 2010 तक अद्यतन लागत विवरण दायर करने का

अनुरोध किया गया। जनेप न्यास ने सूचित किया कि यह जुलाई 2010 के प्रथम सप्ताह तक अपेक्षित सूचनाएं प्रदान कर देगा। एक अनुस्मारक के बाद, जनेप न्यास ने वर्ष 2007-08 से 2009-10 तक के वास्तविक आंकड़ों तथा वर्ष 2010-11 से 2012-13 तक के लिए अनुमानों के साथ तीन वर्ष के प्रशुल्क चक्र के लिए जुलाई 2010 में एक संशोधित प्रस्ताव दायर किया है। जनेप न्यास का संशोधित प्रस्ताव निम्ननुसार है:

क्र.सं.	गतिविधि	प्रस्तावित प्रशुल्क वृद्धि
1.	थोक(बल्क)	7 times
2.	कंटेनर	46.00%
3.	समुद्री (मरीन)	21.00%
4.	संपदा	48.00%
5.	पत्तन सम्पूर्ण रुप से	37.00%

जनेप न्यास ने आगे बताया कि यह थोक संबंधी गतिविधि और संपदा किराये के लिए पृथक रुप से प्रभारों के संशोधन हेतु अपने प्रस्ताव प्रस्तुत करेगा।

8.2. जेनपीटी ने सूचित किया है कि इसने निम्नलिखित लागत मदों के संबंध में 3.76% के वृद्धि कारक को ध्यान में नहीं लिया है और वृद्धि की विभिन्न दरों को विचाराधीन लेने के कारण को भी स्पष्ट किया जिसका सारांश नीचे दिया गया है:

(i). अनुमानित वर्षों मे विद्युत प्रभारों के अनुमान में प्रतिवर्ष 10% की वृद्धि हुई है क्योंकि पत्तन को वाणिज्यिक श्रेणी में वर्गीकृत किया जाता है और महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड (एमएसईडीसीएल) द्वारा वाणिज्यिक दर प्रस्तावित की जा रही है। दर में जून 2008 में 4.50 प्रति यूनिट से 7.00 रु. प्रति यूनिट की वृद्धि हुई है और 2010-11 में तथा अनुमान वर्षों में और वृद्धि की संभावना है।

(ii). डीजल के मूल्य तेजी से बढ़ रहे हैं और एक वर्ष में दो बार वृद्धि हुई है। इसलिए अनुमान वर्षों में 10% के एक वृद्धि कारक को विचार में रखा गया है।

(iii). नए समझौते में 3% की वार्षिक वेतनवृद्धि और मंहगाई भत्ते में 7% की वृद्धि के मद्दे नजर वेतन और पारिश्रमिक के अनुमान हेतु अनुमान वर्षों में 10% के वृद्धि कारक को विचार में रखा गया है।

(iv). पेंशन और उपदान (ग्रैच्युटी) के मामले में, आधार वर्ष 2009-10 की तुलना में 2010-11 में 50% की अतिरिक्त वृद्धि विचार में रखी गई क्योंकि बीमांकिक मूल्यांकन में हाल के वेतन संशोधन पर विचार किया जाएगा जिसमें कर्मचारी कर्मचारियों को मूल वेतन+मंहगाई भत्ता+मंहगाई वेतन पर 23% का नया वेतन-

निर्धारण (फिटमेन्ट) तथा साथ ही उपदान सीमा में 3.50 लाख रुपये से 10.00 लाख रूपये की वृद्धि भी प्रदान की गई है।

अधिकारियों के मामले में, मूल वेतन और भत्तों पर 30% के वेतन-निर्धारण की संभावना है। उपरोक्त के अलावा, मुद्रास्फीति में हाल की बढ़त की प्रवृत्ति को विचार में लिया जाता है।

8.3 जनेप न्यास ने, तदुपरांत दिसम्बर 2010 में, अपने संशोधित प्रस्ताव हेतु थोक गतिविधि और संपदा किरायों की दरों सहित प्रारूप दरमान प्रदान किया। हमारे अनुरोध पर जनेप न्यास ने जनवरी/फरवरी 2011 में निम्नलिखित दस्तावेज/सूचनाएं भी प्रदान की।

(i) 1/4/2010 से 31/1/2011 की अवधि के दौरान संभाला गया वास्तविक यातायात ।

वस्तु	प्रहस्तित यातायात
शुष्क थोकमाल (बल्क)-टन में	715526
ब्रेक बल्क-टन में	175591
द्रव-टन में (जनेप न्यास)	120416
कुल बल्क	1011533
कंटेनर (डिब्बे)-टीईयू में	
(i). मुख्य बर्थ	666222
(ii). एस डब्ल्यू बी	46888
कुल कंटेनर	713110

(ii). रूपांतरित प्रपत्र 4 (नियोजित पूंजी का विवरण)

(iii). संशोधित प्रपत्र-4 ख (संगत कार्य आदेशों की प्रतियों के साथ सकल ब्लॉक में परिवर्धनों का ब्यौरा)
(यह प्रपत्र इसके संशोधित प्रस्ताव दिनांक 7 जुलाई, 2010 में नहीं पाया गया था।)

(iv). संशोधित प्रपत्र-9 [निलंब (एस्क्रो) लेखा]।

(v). 01.04.2010 से 28.01.2011 की अवधि के लिए दैनिक विनिमय दर ।

(vi). संशोधित प्रस्ताव में विचार किए गए समुद्री जलयान तथा संगत कार्य आदेशों की प्रतियां।

(vii). 1 आरएमजीसी, 4 आरएमक्यूसी, रीचस्टैकर्स और टीटी के लिए कार्य आदेशों की प्रतियां

(viii). मार्च 2010 और दिसम्बर 2010 के लिए विद्युत बिलों की प्रतियां और वर्ष 2009-10 के लिए और अप्रैल 2010 से दिसम्बर 2010 तक के लिए इकाइयों (यूनिट) और मूल्य में खपत के माह-वार विवरण देते हुए वास्तविक विद्युत लागत के विवरण।

(ix). जनेप न्यास ने बताया है कि इसने अपने संशोधित प्रस्ताव में पत्तन परिसम्पत्तियों के लिए बीमा व्यय को सेवा कर को छोड कर 2.65 करोड़ रुपये माना। अब इसने बताया है कि वर्ष 2010-11 के लिए पत्तन द्वारा सेवा कर को छोडकर 3.72 करोड़ रुपये के वास्तविक प्रीमियम का भुगतान किया गया है और इसके द्वारा किए गए भुगतान के समर्थन में दस्तावेज की एक प्रति प्रदान की है और हम से वर्ष 2010-11 के लिए 3.72 करोड़ रुपये की धनराशि पर विचार करने का अनुरोध किया है।

(xi). अनुमानित वेतन और पारिश्रमिकों के संबंध में, इसने निम्नलिखित कहा है:

(क). वर्ष 2010-11 के अनुमानों में वर्ष 2010-11 के लिए विचार किया गया कर्मचारी पारिश्रमिक राशि को छोड़कर 9603.30 लाख रुपये है। उक्त अवधि के लिए प्रोत्साहन राशि को छोड़कर वास्तविक कर्मचारी पारिश्रमिक 10892.96 लाख रुपये निकलता है जिसे वर्ष 2010-11 के लिए व्यय के रूप में माना जा सकता है।

(ख). यह देखा जा सकता है कि वर्ष 2010-11 के अनुमानों की तुलना में भुगतान किए गए पारिश्रमिक में वृद्धि 13.42% निकलती है। वेतन समझौते में मंहगाई भत्ते में वृद्धि, कैफेटिरिया के अलावा 3% प्रति वर्ष की वार्षिक वेतन वृद्धि का पहले ही वायदा किया जा चुका है।

(ग). पत्तन ने वर्ष 2009-10 के लिए मुख्य गतिविधियों तथा सेवा विभागों के बीच वास्तविक वेतन का वितरण प्रदान किया।

(xii). वर्ष 2009-10 के वास्तविक आंकड़ों की तुलना में वर्ष 2010-11 के लिए पेंशन, उपदान और अवकाश के नकद भुगतान हेतु धनराशि के अनुमानों में 48% की वृद्धि का कारण वेतन तथा पारिश्रमिकों में वृद्धि के कारण भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा बीमांकिक मूल्यांकन में प्रत्याशित वृद्धि है।

(xiii). जनेप न्यास ने सूचित किया है कि वर्ष 2009-10 के दौरान आईटीआरएचओ प्रभारों के लिए 8.00 करोड़ रुपये के धनराशि प्रभारित की गई है। यह मानते हुए कि अनुमान वर्षों के दौरान भी यही प्रवृत्ति जारी रहेगी, आईटीआरएचओ के प्रभारों

का अनुमान उक्त अवधि के दौरान यातायात में परिवर्तन पर आधारित आय के रूप में लगाया जाता है।

(xiv). जनेप न्यास ने कहा है कि अनुमान वर्ष 2011-12 और 2012-13 में निविदाओं को अंतिम रूप दिए जाने को और किराए पर लिए गए उपस्करों के लिए संविदाओं पर हस्ताक्षर किए जाने को लंबित रखते हुए रीच स्टैकर्स और ट्रैक्टर-ट्रेलर्स के लिए विभागीय अनुमानों में निकाली गई दरों को अपनाया गया है।

(xv). वर्ष 2010-11 के लिए किए गए अनुमानों के संदर्भ में ,जनेप न्यास वर्ष 2010-11 में 9 माह से अधिक समय वर्तमान प्रशुल्क लगा रहा है जिसे प्रशुल्क का पुनर्निर्धारण करते समय ध्यान में रखा जा सकता है।

8.4. दिनांक 29अक्टूबर 2008 के इसके मूल प्रस्ताव तथा दिनांक 7 जुलाई 2010 के संशोधित प्रस्ताव की तुलनात्मक स्थिति नीचे सारणी में दर्शाई गई है:

क्र.सं.	विवरण	आरंभिक प्रस्ताव दिनांक 29.10.2008			संशोधित प्रस्ताव दिनांक 07.07.2010			
		2009-10 अनुमान	2010-11 अनुमान	2011-12 अनुमान	2009-10 वास्तविक आंकड़े	10-11 अनुमान	11-12 अनुमान	12-13 अनुमान
1.	यातायात:							
	कंटेनर (टीईयू)	1225000	1225000	1225000	776222	780000	1030000	1030000
	द्रव (टन)	4000000	4000000	4000000	6627475	6000000	5500000	5500000
	बल्क (टन में)	675000	675000	675000	1038678	1020000	800000	800000
	वाहन (सं.)	-	-	-	756	-	-	-
	जलयान (सं.)	2486	2535	2603	2736	2751	2864	2976
2.	वर्तमान दरों पर प्रचालन आय (लाख रुपये में)	51862.09	52406.32	53089.97	47679.49	47433.69	55235.33	56290.24
3.	कुल प्रचालन लागत(लाख में)	26794.84	28115.47	29610.89	23591.37	27233.85	30856.72	33473.72
4.	अवमूल्यन	10721.86	12856.66	13871.95	8820.96	10072.65	11078.93	11367.43
5.	शीर्षोपरि व्यय	8104.34	8424.36	8757.87	8446.33	9058.62	9641.66	10568.90
6.	वित्त तथा विविध आय	35.00	35.00	35.00	25.22	23.67	24.56	25.48
7.	वित्त तथा विविध व्यय	1446.81	1609.31	1730.67	2399.18	3546.92	3680.29	3818.66
8.	लगाई गई पूंजी	100003.93	127801.85	153033.40	80190.74	84804.36	85245.78	77790.16

9.	लगाई गई पूंजी से आय	16000.63	20448.30	24485.34	12830.52	13568.70	13639.32	12446.43
10	वर्तमान दर पर वापसी के बाद निवल अधिशेष/ (घाटा)	(11171.39)	(19012.80)	(25331.76)	(8383.65)	(16023.39)	(13637.03)	(15359.42)
11.	प्रचालन आय के प्रतिशत के रुप में नियल अधिशेष/ (घाटा)	(-)21.54%	(-)36.28%	(-)47.71%	(-)17.58%	(-)33.78%	(-)24.69%	(-)27.29%
12.	प्रचालन आय के प्रतिशतके रुप में औसत निवल अधिशेष/ (घाटा)		(-)35.28%				(-)28.32%	

9.1. इस मामले में मुम्बई में इस प्राधिकरण के कार्यालय में दिनांक 9 जुलाई 2010 को एक संयुक्त सुनवाई की गई । जनेप न्यास ने अपने संशोधित प्रस्ताव की एक पावर प्वाइंट प्रस्तुति पेश की। संयुक्त सुनवाई में, जनेप न्यास तथा संबंधित प्रयोक्ताओं/संगठन निकायों ने अपने निवेदन प्रस्तुत किए हैं ।

9.2. जैसा कि संयुक्त सुनवाई में निर्णय लिया गया, दिनांक 7 जुलाई 2010 के संशोधित प्रस्ताव की एक प्रति संबंधित प्रयोक्ता संगठनों को उनकी टिप्पणियों के लिए भेजा गया। मन्सा, जनेप न्यास, एलसीबीयूए एवं बीसीसीआई और जीटीआईपीएल ने संयुक्त सुनवाई की कार्यवाहियों का संदर्भ देते हुए उत्तर दिया ।

9.3. संयुक्त सुनवाई में लिए गए निर्णय के अनुसार जनेप न्यास से अतिरिक्त सूचनाएं/ स्पष्टीकरण प्रदान करने का अनुरोध किया गया । मांगी गई अतिरिक्त सूचनाएं/ स्पष्टीकरण तथा जनेप न्यास की प्रतिक्रिया को संक्षेप में नीचे दिया गया है:

<table>
<tr><th>क्र.सं.</th><th>मांगी गई अतिरिक्त सूचनाएं/ स्पष्टीकरण</th><th>जनेप न्यास का उत्तर</th></tr>
<tr><td>(i).</td><td>परिकल्पित उत्पादकता सुधार और अनुमानित पूंजीगत व्यय को विधिवत् ध्यान में रखते हुए विस्तृत परिकलन के साथ क्षमता का आकलन</td><td>क्षमता का पोत परिवहन मंत्रालय के दिनांक 28 जुलाई 2009 और 13 अप्रैल 2010 के पत्र संख्या डीडब्ल्यू/डीटीओ-2/2009 के तहत इसके दिशानिर्देशों के अनुसार आकलन किया गया है। जनेप न्यास द्वारा प्रचालित कंटेनर टर्मिनल की वर्षवार क्षमता निम्नानुसार है:
<table>
<tr><td>वर्ष</td><td>2009-10</td><td>2010-11</td><td>2011-12</td><td>2012-13</td></tr>
<tr><td>टीईयू मिलियन में</td><td>1.2</td><td>1.00</td><td>1.30</td><td>1.52</td></tr>
</table>
[जनेप न्यास ने 31.03.2010 की स्थिति के अनुसार तीन कंटेनर बर्थ की क्षमता 0.924 मिलियन टीईयू और एसडब्ल्यूबी की क्षमता 0.073 मिलियन टीईयू दर्शाते हुए एक विवरण प्रस्तुत किया है। दिनांक 31.30.2010 की स्थिति के अनुसार 0.997 मिलियन टीईयू की उक्त क्षमता कंटेनर बर्थ की संख्या औसत जहाज बर्थ आउटपुट और कंटेनर बर्थ के लिए 70% के बर्थ अधिभोग (आक्यूपैन्सी) और एसडब्ल्यूबी के लिए 60% की आक्यूपैन्सी पर आधारित है। इस विवरण में आगे निम्नलिखित दर्शाया गया है:
(मिलियन टीईयू में)
(क). 31.03.2010 की स्थिति के अनुसार क्षमता 0.997
2010-11 में एक आरएमक्यूसी की खरीद के कारण क्षमता परिवर्धन 0.15
2010-11 में 3 पुराने आरएमक्यूसी के प्रतिस्थापन में 3 आरएमक्यूसी की खरीद के कारण क्षमता का परिवर्धन 0.15
2010-11 में कुल क्षमता 1.297</td></tr>
</table>

		(ख). वर्ष 2011-12 के लिए क्षमता 2011-12 में क्षमता परिवर्धन — नगण्य इसलिए, 2011-12 में कुल क्षमता — 1.297 (ग). वर्ष 2012-13 के लिए क्षमता (i).2012-13 में मुख्य कंटेनर बर्थ में 3 आरएमक्यूसी की खरीद द्वारा क्षमता परिवर्धन — 0.15 (ii). मुख्य कंटेनर बर्थ से एसडब्ल्यूबी में विद्यमान 3 आरएमक्यूसी के स्थानांतरण के कारण एसडब्ल्यूबी में क्षमता परिवर्धन — 0.070 (iii). वर्ष 2011-12 के लिए क्षमता — 1.297 वर्ष 2012-13 के लिए कुल क्षमता — 1.517
(ii).	पिछले वर्ष के लिए उत्पादकता विवरण और अगले 3 वर्षों के लिए प्रत्याशित उत्पादकता मानदंड	विवरण निम्नानुसार है:

ब्योरे	इकाइयां	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13
यातायात	लाख टीईयू	7.76	7.80	10.30	10.30
औसत बर्थ स्टे	दिन	1.15	1.15	1.00	0.99
पत्तन खाते में घुमाव समय	दिन	1.49	1.46	1.29	1.26
सकल क्रेन उत्पादकता	प्रतिक्रेन प्रति घंटा कार्य	15.03	14.00	17.5	19.5

टिप्पणी: 1. क्रेन उत्पादकता में वृद्धि चरण बद्ध तरीके से आधुनिकतम नए उपस्कर लगाए जाने के कारण है।

2. टर्मिनल की उत्पादकता पोत के प्रकार, पोत की बनावट और इसके पार्सल आकार पर निर्भर करती है।

(iii). यातायात पूर्वानुमान के लिए विस्तृत तर्कसंगति संशोधित प्रस्ताव में दी गई है। यातायात पूर्वानुमान की तुलना पत्तन की व्यापार योजना में अंतर्विष्ट अनुमानों के साथ करनी चाहिए और यदि कोई अंतर हो, तो इसकी कारणों के साथ व्याख्या करनी चाहिए।

वैश्विक मंदी के मद्दे नजर, पत्तन की व्यापार विकास योजना में लगाए गए यातायात अनुमानों की और समीक्षा किए जाने की आवश्यकता थी। समीक्षा के उपरांत, संशोधित यातायात अनुमान निम्नानुसार है:

मिलियन टीईयू में

वर्ष	2009-10 के वास्तविक आंकड़े	2010-11	2011-12	2012-13
		अनुमान		
जने पत्तन के लिए व्यापार विकास योजना के अनुसार यातायात अनुमान	5.19	5.93	6.75	7.70
जने पत्तन के लिए पुनःआकलित यातायात अनुमान	4.06	4.20	4.39	4.60

(iv). अगले 3 वर्षों की अनुमानित स्थिति के साथ पिछले 3 वर्षों के दौरान निलंब खाते से लेन-देन का विवरण। एस्क्रो खाते से वहन किए गए/वहन किए जाने वाले पूंजीगत व्यय का परियोजना वार विवरण प्रदान किया जाना चाहिए।

निलंब खाते से वहन किए गए/वहन किए जाने वाले पूंजीगत व्यय

(रुपये करोड़ में)

वर्ष	राशि	उद्देश्य
2009-10	85.67	सडक
2010-11	1.00	पूंजीगत निकर्षण
2011-12	366.00	परियोजना प्रभावित व्यक्तियों के पुनर्वास तथा पूंजीगत निकर्षण के लिए 12.5% योजना
2012-13	400.00	पूंजीगत निकर्षण
कुल	852.67	

(v).	थोक जहाजी माल तथा अन्य पोतों के लिए पत्तन को देय राशियों के लिए विभेदक दरों को जारी रखने की आवश्यकता का विश्लेषण करने वाला विस्तृत नोट	पत्तन की देय राशियों के लिए अधिसूचित प्रशुल्क में थोक पात्रों के लिए दरों को उच्चतर स्तर पर रखा गया है जिसके उपरांत कंटेनर कार वाहकों तथा अन्य पोतों की दरें आती हैं । पहले पत्तन की देय राशियां निवल पंजीकृत भार (एनआरटी) के आधार पर तथा पोत चालन प्रभार और बर्थ का किराया सकल पंजीकृत भार (जीआरटी) के आधार पर प्राप्त किया जा रहा था। बाद में, पोतों के जीआरटी के आधार पर सभी प्रभारों को युक्तियुक्त बनाने और उगाहने का निर्णय लिया गया। मंत्रालय ने उक्त निदेश को संसूचित करते हुए यह भी बताया कि ऐसे परिवर्तन के कारण राजस्व निहितार्थ अप्रभावित रहना चाहिए और जीआरटी आधार पर उक्त उगाही के कारण कोई उच्चतर प्रभार नहीं होना चाहिए। तदनुसार, पत्तन पर आने वाले विभिन्न प्रकार के पोतों के संबंध में एनआरटी और जीआरटी का अनुपात निर्धारित किया गया और पत्तन को देय राशि की दर निकाली गई।

9.4. संयुक्त सुनवाई में, मन्सा ने पोतों के प्रतिस्थापन के लिए उपयुक्त शर्तें निर्धारित करने की आवश्यकता के संबंध में एक मुद्दा उठाया। मन्सा ने इस संबंध में जनेप न्यास को एक तत्काल टिप्पणी देने के लिए सहमति जताई। जनेप न्यास को मन्सा के सुझावों की जांच करने और प्राधिकरण को अपना उत्तर प्रस्तुत करने की सलाह दी गई। जनेप न्यास ने इस संबंध में कहा है कि पोतों के प्रतिस्थापन की शर्तों के संबंध में मन्सा के सुझावों की पृथक रूप से जांच की जा रही है और उपयुक्त समय में इसका उत्तर प्रस्तुत किया जाएगा। तथापि, हमें इस प्रकरण को अंतिम रूप दिए जाने तक जनेप न्यास का उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है।

10. इस प्रकरण में परामर्श से संबंधित कार्यवाहियां इस प्राधिकरण के कार्यालय में रिकार्ड के रूप में उपलब्ध हैं। संबंधित पक्षों द्वारा प्राप्त की गई टिप्पणियों तथा दिए गए तर्कों का उद्धरण संगत पक्षों को अलग से भेजा जाएगा। ये विवरण हमारे वेबसाइट http://tariffauthority.gov.in पर भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

11. इस प्रकरण पर कार्रवाई के दौरान संग्रहित सूचना की समग्रता के संदर्भ से निम्नलिखित स्थिति उभरती है :-

(i) जेएनपीटी का वर्तमान दरमान 31 मार्च 2009 तक की वैधता के साथ सितंबर 2006 में अनुमोदित किया गया था। समग्र रूप में और अलग-अलग गतिविधियों के लिए पत्तन की राजस्व-अधिशेष स्थिति पर विचार करते हुए तात्कालिक रूप से प्रचलित पोत संबंधी प्रभारों में 30% कटौती और तात्कालिक रूप से प्रचलित कंटेनर संबंधी प्रभारों में 15% कटौती लागू की गई थी। यद्यपि जेएनपीटी के प्रशुल्क की अगली समीक्षा 1 अप्रैल 2009 से अपेक्षित थी, सितंबर 2006 में प्रशुल्क की समीक्षा करते समय विचार किए गए अनुमानों की तुलना में वर्ष 2006-07 में वास्तविक निष्पादनता में उल्लेखनीय भिन्नता देखते हुए जेएनपीटी के प्रशुल्क की समीक्षा कार्यक्रम से पहले करने का निर्णय लिया गया था और जेएनपीटी को 31 मार्च 2008 तक प्रशुल्क प्रस्ताव दाखिल करने की सलाह दी गई थी। जेएनपीटी ने अपना प्रशुल्क प्रस्ताव अक्तूबर 2008 में दाखिल किया था और बाद में, दिसंबर 2008 में मसौदा दरमान दाखिल किया गया था जिसे परामर्श के लिए लिया गया था।

जेएनपीटी के दरमान की वैधता 31 मार्च 2009 के बाद / से आगे समय-समय पर 30 सितंबर 2010 तक इस शर्त के साथ बढ़ायी गई थी कि स्वीकार्य लागत से अधिक अतिरिक्त अधिशेष और 1 अप्रैल 2009 के बाद की अवधि के लिए जेएनपीटी को होने वाला अनुमेय प्रतिलाभ अगले प्रशुल्क चक्र के लिए निर्धारित किए जाने वाले प्रशुल्क में पूरी तरह समायोजित किया जाएगा।

दिनांक 7 जुलाई 2010 के अपने पत्र के माध्यम से जेएनपीटी द्वारा दाखिल संशोधित प्रस्ताव और, बाद में पत्तन द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरणों / अतिरिक्त सूचनाओं / दस्तावेजों के साथ दिसंबर 2010 में दाखिल किया गया मसौदा दरमान पर प्रकरण पर अंतिम निर्णय लेने तक इस विश्लेषण में विचारार्थ लिये गये थे।

(ii) वर्ष 2006-07 से 2008-09 तक के लिए अनुमानित वित्तीय / लागत स्थिति पर विश्वास करते हुए जेएनपीटी का वर्तमान प्रशुल्क सितंबर 2006 में निर्धारित किया गया था। जैसाकि मार्च 2005 के प्रशुल्क मार्गदर्शियों की धारा 2.13 में आदेश दिया गया है, इस प्राधिकरण से अपेक्षा है कि वह महापत्तनों / निजी प्रचालकों की वास्तविक भौतिक और वित्तीय निष्पादनता की वहीं, प्रचलित प्रशुल्क के निर्धारण के समय विश्वास किए गए प्रोजैक्शनों के संदर्भ में, प्रदत्त प्रशुल्क वैधता अवधि के अंत में समीक्षा करे।

जेएनपीटी ने, सितंबर 2006 में निर्धारित प्रशुल्क लगाते हुए 2009-10 में सुविधाओं का प्रचालन किया है इसलिए, 2006-07 से 2009-10 तक के वर्षों के दौरान जेएनपीटी की वास्तविक वित्तीय एवं भौतिक निष्पादनता पर निम्नलिखित पैराग्राफों में चर्चा की गई है।

(iii) (क) जेएनपीटी द्वारा 2006-07 से 2008-09 तक प्रहस्तित वास्तविक यातायात की तुलना में प्रशुल्क के पिछले संशोधन के दौरान विश्वास किए गए अनुमान नीचे तालिका में दिए गए हैं :-

वर्ष	कंटेनर्स (टीईयू में)			नल्क कार्गो (टनों में)		
	अनुमान	वास्तविक	अंतर	अनुमान	वास्तविक	अंतर
2006-07	888400	1305062	46.90%	704000	626990	-10.94%
2007-08	870000	1260923	44.93%	600000	746325	24.39%
2008-09	995000	1063435	6.88%	200000	825851	312.92%
कुल योग	**2753400**	**3629420**	**31.82%**	**1504000**	**2199166**	**46.22%**

जैसाकि उपरोक्त तालिका से देखा जा सकता है यातायात में विचलन / अंतर सकारात्मक है। 2006-07 से 2008-09 तक के वर्षों में अनुमानित कंटेनर यातायात की तुलना में वास्तविक कंटेनर यातायात में कुल अंतर 31.82% परिगणित होता है। जेएनपीटी में प्रशुल्क की पिछली समीक्षा के दौरान कुछ उपयोगकर्त्ता एसोसिएशनों ने टिप्पणी की थी कि जेएनपीटी का यातायात अनुमान कुछ कम और संकीर्ण (रूढ़िवादी) था और जेएनपीटी कुछ कम यातायात प्रोजैक्शनों पर विचार करने का कोई कारण भी नहीं दिया है। इसलिए, पिछले आदेश में कहा गया था कि यातायात में वास्तविक निष्पादनता के विचलन (अंतर) के कारण जेएनपीटी को कोई अतिरिक्त अधिशेष मिलता पाया गया तो जेएनपीटी को मिला ऐसा लाभ अगली समीक्षा में पूरी तरह समायोजित किया जाएगा। चूंकि कथित तीन वर्षों में अनुमानित यातायात और वास्तव में प्रहस्तित यातायात के बीच अंतर (विचलन) 20% से ज्यादा है, वर्ष 2006-07 से 2008-09 तक के वर्षों के लिए संपूर्ण अतिरिक्त अधिशेष (लाभ) समायोजित किया जाना है, जिस पर इस विश्लेषण के उत्तरवर्ती भाग में विचार-विमर्श किया गया है।

(ख) वर्ष 2006-07 से 2008-09 तक की प्रचालन आय, प्रचालन व्यय और प्रबंधन उपरिव्यय पर वार्षिक-लेखा के अनुसार, निम्नलिखित समायोजनों के अधीन विचार किया गया है :-

(i) यह कहते हुए कि सीएफएस प्रचालक कोई बीओटी प्रचालक नहीं है जेएनपीटी ने निजी सीएफएस प्रचालकों से प्राप्त रायल्टी पर कंटेनर प्रहस्तन आय के अंतर्गत विचार किया है। जैसाकि इस प्राधिकरण द्वारा, अपने सीएफएस / बफर यार्ड में प्रचालनों के लिए दरों में संशोधन हेतु जेएनपीटी द्वारा दाखिल किए गए प्रस्ताव के मामले में दिनांक 30 दिसंबर 2009 को पारित अपने आदेश में पहले ही स्पष्ट किया जा चुका है जेएनपीटी स्थित निजी सीएफएस प्रचालक (मेसर्स मल्टी मोड्स लिमि.) कोई बीओटी प्रचालक नहीं है। किन्तु, मार्च 2005 के प्रशुल्क मार्गदर्शियों की धारा 2.8.3 जो रायल्टी / राजस्व भाग प्राप्तियों के एस्क्रो एकाउन्ट में, अन्तरण का प्रावधान करता है, केवल बीओटी प्रचालकों से ऐसी प्राप्तियों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि सामान्यता सबके लिए है। इसलिए, इस मद को कंटेनर प्रहस्तन आय से अलग रखा गया है और पत्तन की रायल्टी / राजस्व भाग प्राप्ति माना गया है जिसे एस्क्रो एकाउन्ट के अधीन लिया गया है।

(ii) मार्च 2005 के प्रशुल्क मार्गदर्शियों की धारा 2.8.3 के अनुसार पत्तन द्वारा प्राप्त की जाने वाली रायल्टी / राजस्व भाव, पहले अधिशेष श्रम की लागत के

भुगतान के लिए उपयोग की जानी चाहिए, यदि कोई हो। शेष का कम से कम 50% एक एस्क्रो एकाउन्ट में रखा जाना चाहिए और पांच वर्ष की अवधि के भीतर पत्तन की बुनियादी / संरचनात्क सुविधाओं के सृजन और /अथवा आधुनिकीकरण के लिए उपयोग किया जाना चाहिए। जैसाकि जेएनपीटी द्वारा बताया गया है, पत्तन में कोई अधिशेष (अतिरिक्त / फालतू) श्रम (श्रमिक) नहीं है। इसके अलावा, जेएनपीटी ने समस्त रायल्टी / राजस्व भाग प्राप्तियां, कथित वर्षों में, एस्क्रो एकाउंट में अंतरित कर दी हैं। सितंबर 2006 में जेएनपीटी स्थित प्रशुल्क की पिछली समीक्षा के दौरान जेएनपीटी को 100% रायल्टी / राजस्व भाग प्राप्तियां एस्क्रो एकाउंट में अंतरित करने की अनुमति दी गई थी, क्योंकि मार्गदर्शियों में ऐसे अन्तरण के लिए कोई अधिकतम सीमा अनुबंधित नहीं है। वर्ष 2008-09 के अंत में एस्क्रो एकाउंट में जमाधन रू. 102639.37 लाख होता है। उपयोग किए जाने के लिए 5 वर्ष के समय पर विचार करते हुए वर्ष 2005-06 में जमा हुआ धन वर्ष 2009-10 के भीतर इस्तेमाल हो जाना चाहिए। इसलिए वर्ष 2006-07 से वर्ष 2008-09 तक की रायल्टी / राजस्व भाग प्राप्तियां, विभिन्न वर्षों में आय के शीर्ष के तहत सम्मिलित नहीं की गई हैं।

(iii) जेएनपीटी ने रायल्टी / राजस्व भाग से इतर, बीओटी प्रचालकों से प्राप्त आय पर लागत-विवरणी में विचार नहीं किया है। इस बारे में, पत्तन ने सूचित किया है कि ऐसी अन्य आय का अधिकांश भाग बीओटी प्रचालकों से विद्युत एवं जल प्रभारों तथा सीआईएसएफ संबंधी व्ययों की वसूली से सम्बद्ध है और उसने इस कारण से आय और व्यय दोनों पर विचार नहीं किया है। समूचे पत्तन की वित्तीय / लागत स्थिति पर विचार करने की दृष्टि से इस मद में आय और व्यय दोनो को विगत अवधि विश्लेषण में शामिल किया गया है।

(ग) प्रशुल्क की पिछली समीक्षा के दौरान जेएनपीटी ने वर्ष 2005-06 और उसके बाद कंपनी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार मूल्य ह्रास की गणना की थी, जैसाकि प्रशुल्क मार्गदर्शियों में अनुबंधित है। जेएनपीटी ने इस प्रशुल्क संशोधन में भी यही स्थिति बनाए रखी है और उसने कंपनी अधिनियम के अनुसार वर्ष 2005-06 से मूल्य ह्रास के लिए गणनाएं प्रस्तुत की हैं। कंपनी अधिनियम के अनुसार वर्ष 2005-06 के लिए मूल्यह्रास जैसा जेएनपीटी द्वारा सूचित किया गया और जिस पर पिछली समीक्षा के दौरान विचार किया गया रू. 75.92 करोड़ था।

किन्तु अब जेएनपीटी द्वारा प्रस्तुत गणनाओं से यह दिखायी देता है कि उसी वर्ष के लिए सूचित मूल्यह्रास रू. 82.32 करोड़ है जिसके परिणामस्वरूप वर्ष 2006-07 के लिए परिसंपत्तियों का शुद्ध खंड की शुरूआत रू. 6.40 करोड़ कम होती है। पहले दावा किए गए वास्तविक मूल्यह्रास और अब प्रस्तुत मूल्यह्रास में अंतर का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं किया गया है।

जेएनपीटी द्वारा प्रस्तुत गणनाओं से आगे देखा गया है कि सभी वर्षों के दौरान (2005-06 से 2012-13 तक) सकल खंड में सभी अभिवृद्धियाँ और लोप पूरे वर्ष के लिए संगणित किए गए थे ऐसा करते समय विभिन्न परिसम्पत्तियों की अभिवृद्धि अथवा लोप की वास्तविक तिथि पर गौर नहीं किया गया। कंपनी अधिनियम के अनुसार

अभिवृद्धियों और लोपों पर मूल्यहास, ऐसी अभिवृद्धि की तिथि से और लोप के मामले में उस तिथि तक जिसको परिसम्पत्ति बेची जाती है, गिरायी जाती है अथवा नष्ट की जाती है, जैसा भी मामला हो, समानुपातिक रूप से संगणित किया जायेगा । यदि किसी परिसम्पत्ति विशेष की अभिवृद्धि अथवा लोप की वास्तविक तिथि उपलब्ध नहीं है तो जेएनपीटी द्वारा बताई गई स्थिति पर ही 2006-07 और बाद के लिए विश्वास किया गया है ।

(घ) जेएनपीटी ने लागत-विवरणी में वित्त और विविध आय की केवल दो मदों, यथा, ''लांच पास'' से आय और नीलामी बिक्री से आय पर ही विचार किया है । जेएनपीटी के वार्षिक लेखा में बताई गई वित्त एवं विविध आय की नियमित अन्य मदें हैं । माल ढुलाई में कमी के लिए अर्थदण्ड, परिसंपत्तियों की बिक्री पर लाभ, गैस एजैंसी से आय, नीलामी बिक्री से आय और बेकार सामग्री की बिक्री । पिछली समीक्षा में अपनाई गई स्थिति के साथ निरंतरता बनाए रखते हुए, वार्षिक लेखा के अनुसार वित्त एवं विविध आय की सभी मदों, निवेश और ऋण पर ब्याज तथा कर्मचारी-अग्रिमों पर ब्याज को छोड़कर, पर विचार किया गया है । एमजीटी में कमी के लिए अर्थदंड की मद में गिनी गई आय पर पिछली समीक्षा में अपनायी गई स्थिति के अनुरूप विचार किया गया है ।

(ड.) इसी तरह, जेएनपीटी ने लागत विवरणी में वित्त एवं विविध व्ययों की केवल दो ही मदों पर, यथा बीमांककीय मूल्य निर्धारण के अनुसार पेंशन और उपादान अंशदान तथा, लाँच किराये पर व्यय, विचार किया है । वित्त एवं विविध व्ययों की अन्य मदों में गैस एजेन्सी व्यय, बैंक प्रभार, अतिथि गृह व्यय इत्यादि शामिल हैं । वित्त एवं विविध आय के लिए अपनायी गई प्रक्रिया के अनुरूप / समान सभी व्यय जैसे वे कथित तीन वर्षों के वार्षिक लेखा में प्रतिबिम्बित किए गए हैं, कर्जों पर ब्याज को छोड़कर, विगत अवधि विश्लेषण में लिए गए हैं ।

(च) जेएनपीटी ने वर्ष 2005-06 से 2012-13 तक सभी वर्षों के लिए, मूल्य ह्रास की गणना के साथ गतिविधिवार नियोजित पूंजी की गणना प्रस्तुत की है । जेएनपीटी द्वारा प्रस्तुत गणनाओं से यह दिखता है कि इसने, 2005-06 से 2010-11 तक सभी वर्षों में अंत संचयी मूल्यहास की गणना करने के लिए हटाई / निकाली गई परिसंपत्तियों का संचयित मूल्यहास समयोजित नहीं किया है, जिसके परिणामस्वरूप प्रत्येक वर्ष के अंत में परिसंपत्तियों का अंत शुद्ध खंड कम बताया गया है । हालांकि एक अधिकारी स्तर की बैठक में अपने संशोधित प्रस्ताव में पाए गए अंतरों पर स्पष्टीकरण / अतिरिक्त सूचना प्रस्तुत करने की सलाह के साथ जेएनपीटी के अधिकारियों के समक्ष यह उल्लेख किया गया था, पत्तन से अपेक्षित ब्यौरा, इस विषय में अभी तक नहीं मिला था । अपेक्षित ब्यौरे के अभाव में अंत शुद्ध खंड स्थिति पर जैसी जेएनपीटी द्वारा सूचित की गई है, अपेक्षित ब्यौरे वर्ष 2006-07 और इसके बाद से मानी गई है ।

मार्च 2005 के प्रशुल्क मार्गदर्शी की धारा 2.9.7 और 2.9.8 में अनुबंध किया गया है कि परिसंपत्तियों के शुद्ध खंड को व्यापारिक परिसंपत्तियों / सुविधाओं, व्यापार संबंधी परिसंपत्तियों / सुविधाओं एवं सामाजिक दायित्व परिसंपत्तियों / सुविधाओं में अलग-अलग किया जाना चाहिए और परिसम्पत्तियों / सुविधाओं के प्रत्येक वर्ग के लिए प्रतिलाभ की एक विभेदीय दर प्रदान करनी चाहिए । जेनएपीटी ने एक स्टैंड लिया है कि पत्तन सभी परिसम्पत्तियों को व्यापारिक परिसंपत्ति मानता है किन्तु इस संबंध में पूछे

गए एक विशेष प्रश्न के उत्तर में, जिसमें उल्लेख किया गया था कि जेएनपीटी के परिसंपत्ति रजिस्टर में क्वार्टर्स (आवास), विद्यालय, अस्पताल, कैंटीन, विश्राम कक्ष, शापिंग सेंटर्स इत्यादि ऐसी अनेक मदें हैं जिन्हें व्यापारिक परिसंपत्तियों से अलग किए जाने की जरूरत है । जेएनपीटी ने अपने रूख (स्टैंड) पर बल देकर कहा है कि आवासों (क्वार्टरों) अस्पताल, विद्यालय, कैंटीन, दुकानें इत्यादि आस-पड़ोस की सामान्य जनता पत्तन उपयोगकर्त्ताओं, सीमा शुल्क अधिकारियों, अनुबंधित मजदूरों इत्यादी द्वारा उपयोग किए जाते हैं । पत्तन के आसपास 15 किलोमीटर के दायरे में कोई होटल, स्कूल अथवा केन्द्रीय अस्पताल नहीं है और ये सुविधाएँ श्रमिक वर्ग की दक्षता सुधारने के लिए तथा व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए प्रदान की गई हैं । यद्यपि पत्तन ने पत्तन के आस-पड़ोस में बुनियादी सुविधाएँ प्रदान करने की आवश्यकता का औचित्य बता दिया है, प्रशुल्क मार्गदर्शियों का अक्षरश: पालन अपेक्षा करता है कि इस परिसंपत्तियों को व्यापार संबंधी परिसंपत्ति एवं सामाजिक दायित्व परिसंपत्ति में, जैसा भी मामला हो, वर्गीकृत किया जाये । इसके अलावा, प्रशुल्क के पिछले संशोधन के दौरान जेएनपीटी ने कहा था कि विद्यालय-भवन और अस्पताल के उपकरणों पर व्यापार संबंधी परिसंपत्तियों के अंतर्गत विचार किया जा सकता है और उसने 31 मार्च 2005 को रू. 668.42 लाख इन परिसंपत्तियों के शुद्ध खंड के मूल्य के रूप में प्रस्तुत किए ।

सितंबर 2006 में जेएनपीटी स्थित प्रशुल्क की पिछली समीक्षा में अस्पताल भवन का मूल्य तदर्थ आधार पर रू. 1000.00 लाख माना गया था और जोखिम मुक्त प्रतिलाभ अनुमत करने के प्रयोजन से उसको व्यापार संबंधी परिसम्पत्ति के रूप में शामिल किया गया था । इस प्रशुल्क संशोधन कवायद में भी, सकल खंड, संचयित मूल्यहास और इन परिसंपत्तियों के अंत-शुद्ध खंड जैसी अपेक्षित सूचनाओं के अभाव में, विभिन्न वर्षों के अंत में, हमने व्यापार संबंधी परिसंपत्तियों की मात्रा रू. 1668.42 लाख रखी है जैसी जेएनपीटी में प्रशुल्क की पिछली समीक्षा में अपनायी गई थी । फिर भी, जेएनपीटी को एक बार पुन: सलाह दी जाती है कि वह परिसंपत्तियों को मार्गदर्शियों में प्रदत्त तीन श्रेणियों में वर्गीकृत करे ।

नियोजित पूंजी के प्रयोजन से कार्यकारी पूंजी पर प्रशुल्क मार्गदर्शियों में प्रदत्त मानदंडों के अनुसार विचार किया गया है । मार्च 2005 के प्रशुल्क मार्गदर्शियों की धारा 2.9.9 कार्यकारी पूंजी की स्वीकार्यता के लिए मानदंड प्रदान करती है । विचारित कार्यकारी पूंजी का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

(i) मानदंडों के अनुसार, दो महिने की संपदा आय और भारतीय रेल द्वारा देय दो महिने के टर्मिनल प्रभार विविध देनदारों के लिए अनुमेय सीमा है । भारतीय रेल द्वारा देय टर्मिनल प्रभार जेएनपीटी के मामले में प्रासंगिक नहीं हैं । वार्षिक लेखा के आधार पर दो माह की संपदा आय विविध देनदारों का मूल्य-निर्धारण विचार किया गया है ।

(ii) पूंजीगत अतिरिक्त पुर्जों के लिए इन्वेंटरी पर प्रशुल्क मार्गदर्शियों में प्रदत्त सीमा एक वर्ष की औसत खपत है और इन्वेंटरी की अन्य मदों पर सीमा भंडार का 6 माह की औसत खपत है । इसमें ईंधन शामिल नहीं है जैसा मार्च 2005 की प्रशुल्क मार्गदर्शियों में अनुबंधित है । जेएनपीटी पूंजीगत अतिरिक्त पुर्जों को अचल परिसंपत्तियों का भाग मानता है । वर्ष 2006-07 से 2009-10 तक पूंजीगत अतिरिक्त पुर्जों की खपत शून्य बतायी गई है । उक्त वर्षों के

दौरान अन्य भंडार की 6 महिने की वास्तविक खपत इन्वेंटरी का मूल्य मानी गई है ।

(iii) नकद जमा शेष पर प्रशुल्क मार्गदर्शियों में प्रदत्त सीमा एक माह का नकद व्यय है । नकद जमा शेष एक महिने के वास्तविक प्रचालन व्ययों और वर्ष 2006-07 से 2008-09 के दौरान मूल्यहास को छोड़कर, प्रबंधन एवं सामान्य व्यय माना गया है ।

(iv) वर्तमान देनदारियों की मदें, वर्तमान परिसंपत्तियों से प्रासंगिक, वर्ष 2006-07 से 2008-09 तक के वार्षिक खातों में दिखाई गई है ।

(v) वर्तमान परिसंपत्तियों और वर्तमान देनदारियों का स्वीकार्य स्तर मानते हुए, इन तीन वर्षों के लिए कार्यकारी पूंजी को ऋणात्मक /नकारात्मक पाया गया है और इसलिए शून्य समझा जाता है ।

(छ) कन्टेनर गतिविधि और बल्क गतिविधि के लिए पत्तन की संस्थापित क्षमता पर विचार करते हुए, जैसी यह वर्ष 2006-07 से 2008-09 के लिए वार्षिक लेखा में सूचित की गई है, कथित वर्षों 2006-07 से 2008-09 के लिए क्षमता उपयोगिता क्रमशः 105.49% 93.95% और 79.92% संगणित होता है। तदनुसार, उक्त तीनों वर्षों के लिए नियोजित पूंजी पर प्रतिलाभ विभिन्न वर्षों में लगने वाली व्यापारिक परिसंपत्तियों पर अधिकतम दर पर और व्यापार संबंधी परिसंपत्तियों पर जोखिम मुक्त दर पर अनुमत किया जाता है।

(ज) उपर्युक्त समायोजनों के अधीन, वर्ष 2006-07 और 2007-08 के लिए प्रतिलाभ के बाद शुद्ध अधिशेष / (घाटा) स्थिति क्रमशः रू .16787.79 लाख और रू .7903.56 लाख का अधिशेष दिखाती है जबकि स्थिति वर्ष 2008-09 में रू .180.53 लाख के छोटे से घाटे के साथ लड़ खड़ाती है। वर्ष 2008-09 में घाटे की स्थिति का कारण पिछले दो वर्षों की तुलना में प्रहस्तित कंटेनर यातायात में गिरावट और प्रचालनीय खर्चों तथा प्रबंधन उपरिव्यय में वृद्धि मालूम पड़ता है। वर्ष 2006-07 से 2008-09 तक के लिए कुल शुद्ध अधिशेष रू .24510.82 लाख संगणित होता है।

(झ) प्रमुख परिमापकों के संबंध में अनुमानों की तुलना में जेएनपीटी की वास्तविक निष्पादनता में अंतर (विचलन) नीचे तालिका में दिया है :-

(रू . लाखों में)

विवरण	2006-07 से 2008-09 तक (कुल योग)		
	अनुमान	वास्तविक	अंतर/ विचलन
कंटेनर यातायात (टीईयू में)	27,53,400	36,29,420	+31.82%
बल्क कार्गो यातायात (टनों में)	15,04,000	21,99,166	+46.22%
प्रचालन आय	131,278.59	171,225.96	+30.43%
प्रचालन व्यय	49,324.72	68,576.14	+39.03%
प्रबंधन एवं सामान्य व्यय	14,139.99	20,060.29	+41.87%
नियोजित पूंजी	272,376.44	188,181.64	-30.91%
नियोजित पूंजी पर प्रतिलाभ की दर	23.96%	29.04%	+21.22%

मार्च 2005 के प्रशुल्क मार्गदर्शियों की धारा 2.13,विगत अधिशेष के समायोजन के लिए 20% (+)/(-) का निष्पादनता अंतर प्रदान करते समय भौतिक और वित्तीय दोनों निष्पादनताओं की समीक्षा का प्रावधान करती है। इस मामले में, सभी प्रमुख परिमापक 20% से अधिक का अंतर दिखा रहे हैं। जैसा कि पहले बताया गया है। सितंबर 2008 में पारित पिछला आदेश विनिर्दिष्ट करता है कि वास्तविक यातायात में अंतर के कारण जेएनपीटी को मिला लाभ अगली समीक्षा में पूरी तरह समायोजित किया जाएगा और उस पर संशोधित प्रशुल्क मार्गदर्शियों की धारा 2.13 के प्रावधानों के अनुसार विचार किया जाएगा। तद्नुसार, 2006-07 से 2008-09 तक की अवधि के लिए रू .24510.82 लाख का समस्त अधिशेष समायोजित किया जाना चाहिए।

(ञ) सितंबर 2006 में जेएनपीटी में प्रशुल्क की पिछली समीक्षा से संबंधित आदेश के पैरा 14 (xxii) में यह रिकार्ड किया गया है कि यद्यपि, लागत स्थिति ने वर्तमान पोत संबंधी प्रभारों में लगभग 60% की कटौती की मांग की थी और कंटेनर संबंधी प्रभारों में 15% की कटौती की मांग की थी, उस समय जेएनपीटी द्वारा आरंभ किए गए संरचनात्मक विकास प्रस्तावों पर विचार करते हुए तात्कालिक पोत संबंधी प्रभारों में 15% कटौती और तात्कालिक कंटेनर संबंधी प्रभारों में 30% की कटौती ही लागू की जा सकी। किन्तु, कथित आदेश में यह भी कहा गया था कि असमायोजित छोड़ा गया अतिरिक्त अधिशेष का प्रशुल्क वैधता अवधि के अंत में निर्धारित किया जाना है, और 2009-10 से आरंभ होने वाले अगले चक्र के लिए निर्धारित / तय किया जाना है। यह भी कहा गया था कि आदेश के क्रियान्वयन की प्रभावी तिथि तक पूर्व संशोधित दरों के प्रचालन के कारण वर्ष 2006-07 में अर्जित अतिरिक्त अधिशेष अगले प्रशुल्क चक्र में पूरी तरह समायोजित किया जाएगा। 2006-07 से 2008-09 तक के वर्षों के लिए कुल अनुमानित अधिशेष रू .45156.76 लाख था, जिसमें से अनुमान स्तर पर पिछले आदेश में लागू की गई कटौती का प्रभाव रू .21210.64 लाख तक ही था, अनुमान स्तर पर रू .23946.12 लाख का असमायोजित जमा शेष छोड़ते हुए। इस असमायोजित अधिशेष के लिए वर्षवार आंकड़े वर्ष 2006-07 से 2008-09 तक के लिए क्रमशः रू .11540.17 लाख, रू .5316.93 लाख और रू .7089.02 लाख संगणित होते हैं। इनमें संशोधित दरों के क्रियान्वयन तक उच्चतर पुरानी दरों के प्रचालन के कारण वर्ष 2006-07 में जेएनपीटी द्वारा अर्जित अतिरिक्त अधिशेष भी शामिल है वर्ष 2006-07 से 2008-09 के लिए वास्तविक अधिशेष रू .24510.82 लाख में रू .23946.12 लाख का कुल असमायोजित जमाशेष भी शामिल है और उसे प्रचलित प्रशुल्क चक्र में समायोजित किया जाना चाहिए।

यहां यह उल्लेख करना उपयुक्त होगा कि जेएनपीटी स्थित निजी कंटेनर टर्मिनल प्रचालकों, एनएसआईसीटी और जीटीआईपीएल के हाल ही के प्रशुल्क संशोधन के दौरान विगत अधिशेष पर पांच वर्ष की अवधि में समायोजन के लिए विचार किया गया था। किन्तु जेएनपीटी के प्रशुल्क की समीक्षा हेतु सितंबर 2006 में इस प्राधिकरण द्वारा पारित पिछले आदेश में अगली समीक्षा में संपूर्ण अधिशेष के समायोजन के लिए विशेष उल्लेख किए गए हैं। समस्त विगत अधिशेष के वर्तमान प्रशुल्क चक्र में पूर्ण समायोजन की तुलना में समायोजन को पांच वर्ष की अवधि में फैलाने के विकल्पों की जांच पड़ताल की गई है और यह महसूस किया गया है कि जेएनपीटी के लिए अलग मापदंड अपनाने की कोई आवश्यकता नहीं है। तद्नुसार, 2006-07 से 2008-09 तक

के वर्षों के लिए रू. 24510.82 लाख का अतिरिक्त अधिशेष पांच वर्ष की अवधि में विस्तारित किया जाता है।

(iv) जैसाकि पहले कहा गया है, वर्तमान दरमान की वैधता 31 मार्च 2009 को समाप्त हो गई और इस तिथि के आगे प्रदत्त विस्तार इस शर्त के अधीन था कि 1 अप्रैल 2009 के बाद की अवधि के लिए जेएनपीटी को प्राप्त होने वाले अनुमेय प्रतिलाभ और स्वीकार्य लागत से अधिक अतिरिक्त अधिशेष निर्धारित किए जाने वाले प्रशुल्क में पूरी तरह समायोजित किया जाएगा। इस प्रावधान को ध्यान में रखते हुए, वर्ष 2009-10 में पत्तन की वास्तविक निष्पादनता को निम्नलिखित अनुच्छेदों में विश्लेषित किया गया है :-

वर्ष 2009-10 के दौरान प्रहस्तित वास्तविक यातायात (कंटेनर) 776,222 (टीईयू) और बल्क कार्गो का यातायात 10,39,737 टन सूचित किया गया है। लेखा परीक्षा किए गए वार्षिक लेखा में प्रचालन आय, रायल्टी /राजस्व भाग प्रतियों को छोड़कर रू. 52152.00 लाख सूचित की गई है।

प्रत्यक्ष प्रचालन व्यय, मूल्यहास, प्रबंधन एवं प्रशासन उपरिव्यय, वित्त एवं विविध आय और वित्त एवं विविध व्यय पर वर्ष 2006-07 से 2008-09 के लिए अपनायी गई प्रक्रिया का अनुसरण करके विचार किया गया है, जैसाकि पहले बताया गया है। तद्नुसार, प्रत्यक्ष प्रचालन व्यय और प्रबंधन एवं सामान्य व्यय, जैसे वार्षिक लेखा में प्रदर्शित किए गए हैं, क्रमशः रू.27712.55 लाख और रू.8445.93 लाख विचार किए गए हैं। कंपनी अधिनियम के अनुसार मूल्यहास रू.9372.97 लाख लिया गया है। वित्त एवं विविध आय (निवेशों पर ब्याज और कर्मचारियों को अग्रिम पर ब्याज को छोड़कर तथा वित्त एवं विविध व्यय (कर्जों पर ब्याज को छोड़कर) क्रमशः रू.1847.92 लाख और रू.2576.03 लाख विचार किए गए हैं, जैसे वार्षिक लेखा में प्रदर्शित हैं। शुद्ध अचल परिसंपत्तियों का मूल्य, 31 मार्च 2010 को रू.57033.19 लाख के अंत-शुद्ध खंड में से एस्क्रो एकाउंट से सृजित परिसंपत्तियों के सकल मूल्य की मद में रू. 8576.40 लाख की राशि घटाने के बाद, जैसा कि जेएनपीटी द्वारा प्रस्तुत किया गया है, रू.48465.73 लाख विचार की गई है। जेएनपीटी द्वारा प्रस्तुत किए गए ब्यौरे से यह देखा गया है कि एस्क्रो एकाउंट से वित्त पोषित परिसंपत्तियों में पोतघाट, सड़कें और पुल (सेतु) सम्मिलित हैं। जेएनपीटी द्वारा प्रस्तुत ब्यौरे के अनुसार 2010-11 से 2012-13 तक बाद के वर्षों में इन परिसंपत्तियों का ह्रासित मूल्य, कंपनी अधिनियम के अनुसार मूल्यहास अनुमत करने के बाद, अंत-शुद्ध-खंड में से घटाया गया है।

वर्ष 2009-10 के लिए संगणित शुद्ध कार्यकारी पूंजी, मानदंडों के अनुसार नकारात्मक पाई गई और इसलिए निरंक समझी गई। वर्ष 2009-10 के दौरान जेएनपीटी में वास्तविक क्षमता उपयोगिता 60.91%पायी गई है। इसलिए, व्यापारिक परिसंपत्तियों पर अधिकतम 16% का प्रतिलाभ अनुमत किया गया है और वर्ष 2006-07 से 2008-09 तक के लिए अपनायी गई समान प्रक्रिया का अनुसरण करते हुए व्यापार संबंधी परिसंपत्तियों पर 6.10% की जोखिम-मुक्त दर अनुमत की गई है। वर्ष 2009-10 के लिए प्रतिलाभ के बाद शुद्ध स्थिति रू. 1696.90 लाख का घाटा परिगणित होती है जिसे वर्ष 2006-07 से 2008-09 तक के वर्षों के लिए रू. 24510.82 लाख के अतिरिक्त अधिशेष के समक्ष समायोजित किया जाएगा और रू.22813.92 लाख का शेष अधिशेष, इस प्रशुल्क चक्र से आरंभ होने वाली 5 वर्ष की अवधि में समायोजित / विस्तारित किया जाएगा, जैसा पहले स्पष्ट किया गया है। इस प्रकरण में उपयुक्त / संगत प्रशुल्क चक्र वर्ष 2010-11 से 2012-13 तक होगा। विगत अधिशेष का समायोजन केवल वर्ष 2011-12 और वर्ष 2012-13 के लिए लागत विवरणियों में ही दिखाया गया है, क्योंकि वर्ष 2010-11 तो पहले ही समाप्त हो चुका है।

(v) (क) जेएनपीटी ने, अक्तूबर 2008 में दाखिल अपने प्रस्ताव में वर्ष 2008-09 से 2011-12 तक के लिए कन्टेनर यातायात 12.25 टीईयू प्रतिवर्ष प्रोजैक्ट किया गया है। 2009-10 तक वास्तविकों के साथ और वर्ष 2012-13 के लिए अनुमानों को सम्मिलित करते हुए पत्तन द्वारा जुलाई 2010 में दाखिल किए गए संशोधित प्रस्ताव में इसने वर्ष 2010-11 से 2012-13 के लिए पिछले यातायात प्रोजैक्शनों को क्रमशः 7.80 टीईयू, 10.30लाख टीईयू और 10.30लाख टीईयू सुधार लिया है। यह देखा गया है कि वर्ष 2008-09 और 2009-10 के लिए यातायात का आरंभिक अनुमान 12.25 लाख टीईयू प्रतिवर्ष था। इस की तुलना में इन दो वर्षों में जेएनपीटी द्वारा वास्तव में क्रमशः 10.63 लाख टीईयू और 7.76 लाख टीईयू प्रहस्तित किया गया था। जब संशोधित प्रस्ताव परिकल्पित यातायात पूर्वानुमान का औचित्य पत्तन की व्यावसायिक योजना की तुलना में बताने के लिए कहा गया तो जेएनपीटी ने बताया कि वैश्विक मंदी को ध्यान में रखते हुए व्यावसायिक योजना में किए गए यातायात प्रोजैक्शनों की और अधिक समीक्षा की गई थी और उन्हें वर्ष 2010-11 से 2012-13 तक के लिए क्रमशः 42.00 लाख टीईयू, 43.90 लाख टीईयू और 46.00 लाख टीईयू पर संशोधित किया गया था देखा गया है कि जेएनपीटी द्वारा प्रस्तुत संशोधित यातायात प्रोजैक्शन ब्यौरे, एनएसआईसीटी और जीटीआईपीएल द्वारा प्रचालित टर्मिनलों समेत पूरे जेएनपीटी के लिए हैं। वर्ष 2010-11 से 2012-13 तक के लिए कुल प्रोजैक्शन में प्रत्येक टर्मिनल का भाग, जैसा जेएनपीटी द्वारा प्रस्तुत किया गया है, नीचे दिया गया है :-

टर्मिनल	2010-11	2011-12	2012-13
जेएनपीटी	7.80	10.30	10.30
एनएसआईसीटी	16.30	15.00	15.20
जीटीआईपीएल	17.90	18.60	20.50
कुल योग	**42.00**	**43.90**	**46.00**

(ख) जीटीआईपीएल ने बताया है कि, यद्यपि इसकी क्वेसाइड क्षमता 1.80 मिलियन टीईयू तक पहुंच गई है, बाजार की स्थिति, श्रम-उत्पादकता और कार्गो रवानगी जैसी अन्य विवशताओं पर विचार करते हुए टर्मिनल अगले दो वर्षों में 1.60 मिलियन टीईयू से 1.80 मिलियन टीईयू तक ही प्रहस्तित कर पाएगा और उसने, जेएनपीटी द्वारा प्रस्तावित क्षमता वृद्धियों की दृष्टि से कुछ यातायात टर्मिनल से जेएनपीटी की ओर मोड़ने का संकेत दिया है। बीसीसीआई ने जेएनपीटी द्वारा प्रोजैक्ट किए गए यातायात पर मत भिन्नता व्यक्त की है। इसका कहना है कि वर्ष 2005-06 से 2007-08 तक वृद्धि दर पर और वर्तमान आर्थिक उभार पर विचार करते हुए वर्ष 2010-11 से 2012-13 के लिए जेएनपीटी द्वारा प्रचलित टर्मिनल के विषय में यातायात अनुमान 10.47 लाख टीईयू, 12.61 लाख टीईयू एवं 14.00 लाख टीईयू होना चाहिए।

(ग) तत्पश्चात, जेएनपीटी ने वर्ष 2010-11 में इसके द्वारा अप्रैल 2010 से जन.2011 तक प्रहस्तित वास्तविक यातायात 713110 टीईयू प्रस्तुत किया है। वर्ष 2010-11 में अगले दो महिने का यातायात अप्रैल 2010 से जनवरी 2011 तक औसत वास्तविक यातायात के आधार पर अनुमानित किया गया है और पूरे 2010-11 वर्ष के लिए कुल अनुमानित यातायात, जेएनपीटी द्वारा अनुमानित 7,80,000 टीईयू की तुलना में 8,55,732 टीईयू माना गया है। ऐसी स्थिति में, अगले दो वर्षों के लिए जेएनपीटी द्वारा प्रस्तुत यातायात-अनुमान पर इस विश्लेषण में विचार किया गया है।

(घ) जेएनपीटी ने वर्ष 2010-11 के लिए बल्क कार्गो यातायात 10.20 लाख टन अनुमानित किया है और वर्ष 2011-12 तथा 2012-13 वर्षो में से प्रत्येक के लिए 8.00 लाख टन प्रत्येक वर्ष अनुमानित किया है। जेएनपीटी द्वारा अप्रैल 2010 से जनवरी 2011 तक वास्तव में प्रहस्तित बल्क कार्गो यातायात 10.12 लाख टन बताया गया है। इसलिए, वर्ष 2010-11 के लिए अनुमानित यातायात को जनवरी 2011 तक प्रहस्तित वास्तविक यातायात और अगले दो महिनों के लिए वास्तविक का बाह्यकलन कर के अनुसार संशोधित किया गया है और 12.14 लाख टन विचार किया गया है। वर्ष 2011-12 और 2012-13 के लिए 8.00 लाख टन प्रत्येक वर्ष की अनुमानित माल ढुलाई के घटे हुए स्तर के संबंध में जेएनपीटी ने बताया है कि शैलो ड्रॉट बर्थ (एसडीबी) जहां बल्क कार्गो प्रहस्तित किया जा रहा है, उसे आरएमक्यूसीज मुख्य कंटेनर बर्थ से एसडीबी अन्तरित करके मशीन युक्त करने का प्रस्ताव है और इसलिए बल्क कार्गो प्रहस्तन की संभावना भविष्य में कम हो जाएगी। इस वर्णित स्थिति पर विश्वास करते हुए वर्ष 2010-11 और 2012-13 के लिए यातायात अनुमानों के घटे स्तर पर किसी परिवर्तन के बिना विचार किया गया है।

(ङ) इस विश्लेषण में एनएसआईसीटी, जीटीआईपीएल और बीपीसीएल के बारे में जेएनपीटी के यातायात अनुमानों पर विश्वास किया गया है और उन पर जेएनपीटी के लिए पोत संबंधी आय के अनुमानन और इन टर्मिनल प्रचालकों से जेएनपीटी को रायल्टी / राजस्व भाग प्राप्तियों के अनुमानन के प्रयोजन से विचार किया गया है।

(vi) (क) वर्ष 2009-10 के दौरान विभिन्न गतिविधियों से अर्जित वास्तविक आय के आधार पर जेएनपीटी ने वर्ष 2010-11 से 2012-13 तक के लिए प्रचालन आय का अनुमान लगाया है। वर्ष 2010-11 से 2012-13 तक के लिए टीईयू में अनुमानित यातायात मात्रा के लिए समायोजित वर्ष 2009-10 के दौरान वसूल की गई वास्तविक कंटेनर प्रहस्तन आय के आधार पर प्रचलित प्रशुल्क पर वर्ष 2010-11 से 2012-13 तक के लिए कंटेनर प्रहस्तन से आय अनुमानित की गई है। जैसाकि पहले बताया गया है, जेएनपीटी ने, यह कहते हुए कि सीएफएस प्रचालक बीओटी प्रचालक नहीं है, जेएनपीटी ने निजी सीएफएस प्रचालकों से अनुमानित रायल्टी प्राप्तियों को कंटेनर प्रहस्तन आय के अंतर्गत माना है। पहले बताए गए कारणों से, निजी सीएफएस प्रचालक से अनुमानित रायल्टी प्राप्तियां प्रचालन आय के तहत नहीं मानी गई हैं। किन्तु, बीओटी प्रचालकों से रायल्टी राजस्व भाग प्राप्तियों के लिए जेएनपीटी द्वारा अपनायी गई प्रक्रिया का पालन करते हुए निजी सीएफएस प्रचालक से अनुमानित रायल्टी / राजस्व भाग प्राप्तियों का 100% भी एस्क्रोएकाउंट में लिया गया है।

(ख) वर्ष 2010-11 से 2012-13 तक के वर्षों के लिए अनुमानित यातायात के लिए समायोजित वर्ष 2009-10 के लिए वास्तविक यातायात और आय के आधार पर बल्क कार्गो प्रहस्तन गतिविधि से आय का भी अनुमान किया गया है। जबकि वर्ष 2010-11 के लिए संशोधित अनुमानित यातायात के आधार पर उक्त वर्ष के लिए बल्क कार्गो से आय बढ़ायी गई है, अगले दो वर्षों के लिए उन्हीं अनुमानों पर विश्वास किया गय है जो जेएनपीटी द्वारा प्रस्तुत किए गए हैं।

(ग) जेएनपीटी ने, वर्ष 2009-10 के दौरान अर्जित वास्तविक आय के आधार पर पोत संबंधी आय का भी अनुमान लगाया है। पांच प्रमुख श्रेणियों, यथा, जेएनपीसीटी कंटेनर पोत,

जेएनपीटी सीमेंट पोत, एनएसआईसीटी पोत, और जीटीआईपीएल पोत और बीपीसीएल पोतों के अंतर्गत पोतों का कुल जीआरटी वर्ष 2010-11 से 2012-13 के लिए, वर्ष 2009-10 में प्राप्त किए गए पोतों के विभिन्न समूहों के वास्तविक कुल जीआरटी के आधार पर अनुमानित किया गया है जिसे वर्ष 2010-11 से 2012-13 के लिए अनुमानित यातायात मात्रा के लिए समायोजित किया गया है।

वर्ष 2009-10 के लिए वास्तविक (औसत) दर रू.47.48 प्रति अम.डालर और वर्ष 2010-11 से 2012-13 तक के लिए अनुमानित विनिमय दर रू.44.63 प्रति अम.डालर पर विचार करते हुए जेएनपीटी ने विनिमय दर उतार-चढ़ाव के लिए अनुमानित पोत संबंधी आय को और आगे समायोजित किया है। जेएनपीटी ने बताया है कि प्रोजैक्शनों क लिए विचार की गई विनिमय दर तीन वित्तीय वर्षों, यथा, 2007-08, 2008-09 और 2009-10 के लिए वार्षिक अम.डालर औसत दर के औसत पर आधारित है जो रू.44.63 प्रति अम.डालर है। यह प्राधिकरण अनुमान लगाने के प्रयोजन से, अमरीकी डालर में अंकित दरों को भारतीय रूपयों में बदलने हेतु प्रशुल्क मामलों के फाइनलाइजेशन के समय प्रचलित विनिमय दर पर विचार करने की एक समान विधि का अनुसरण करता है। यद्यपि, औसत दर पर विचार करने लिए, जेएनपीटी द्वारा बाजार की उतार-चढ़ाव वाली स्थिति को एक कारण बताया गया है और इस तर्क को जीटीआईपीएल द्वारा भी समर्थन दिया गया है, महसूस किया जाता है कि भावी विनिमय दर अनुमानन के लिए पिछले तीन वर्षों की दरों की औसत पर एक संकेत के रूप में विचार नहीं किया जा सकता। इसलिए, पोत संबंधी आय के परिवर्तन के लिए विनिमय दर पर विचार करने में अपनायी गई प्रक्रिया इस मामले में बरकरार रखी गई है। तद्नुसार, वर्ष 2010-11 में जनवरी 2011 तक अनुमानित पोत संबंधी आय रू.45.65 प्रति अम.डालर पर अप्रैल 2010 से जनवरी 2011 तक की अवधि के दौरान, जेएनपीटी द्वारा प्रस्तुत दैनिक विनिमय दर ब्यौरे के आधार पर, प्रचलित वास्तविक दरों की औसत के साथ समायोजित की गई है। वर्ष 2010-11 में शेष दो महिनों की अनुमानित आय और वर्ष 2011-12 तथा 2012-13 के लिए अनुमानित आय, इस मामले के विश्लेषण के समय प्रचलित विनिमय दर रू.45.64 प्रति अम.डालर के साथ समायोजित की गई है।

(घ) जीटीआईपीएल से प्राप्त होने वाले पट्टेदारी किरायों के मामले को छोड़कर 2004 के भूमिनीति मार्गदर्शियों के अनुसार 2% वार्षिक (चक्रवृद्धिय) वार्षिक वृद्धि के साथ 2009-10 के दौरान अर्जित वास्तविक संपदा संबंध आय के आधार पर जेएनपीटी ने 2010-11 से 2012-13 तक के वर्षों के लिए संपदा संबंधी आय अनुमानित की है। वर्ष 2009-10 के लिए जेएनपीटी द्वारा खाते में लिए गए जीटीआईपीएल से वास्तविक पट्टा किराया जीटीआईपीएल के साथ निष्पादित लाइसैंस एग्रीमैंट के अनुसार 5% वार्षिक की दर से बढ़ाया गया है। विद्युत प्रभारों एवं जल प्रभारों की वसूली जेएनपीटी द्वारा संपदा संबंधी आय के तहत मानी गई है। वर्ष 2010-11 से 2012-13 तक के लिए ऐसी आय जेएनपीटी द्वारा विचारित वृद्धिकारी घटकों के परिवर्तन की शर्त पर विचार की गई है। वर्ष 2010-11 से 2012-13 तक के लिए विद्युत प्रभारों की वसूली की मद में आय अनुमानन के प्रयोजन से जेएनपीटी द्वारा 2009-10 के वास्तविको पर 10% वृद्धिकारी घटक का विचार किया गया है। अनुमानित विद्युत लागत में ली गई वर्ष 2010-11 की अपेक्षा वर्ष 2009-10 में विद्युत लागत में वृद्धि के आधार पर वर्ष 2010-11 के लिए 10% की वृद्धि पर विचार किया गया है। वर्ष 2010-11 को आधार मानते हुए वर्ष 2010-11 के अनुमान पर, अगले दो वर्ष के लिए 3.76% वार्षिक की लागू होने वाली (प्रयोज्य) वृद्धि दर पर विचार किया गया है।

2010-11 से 2012-13 तक तीन वर्षों के लिए जल-प्रभारों की अनुमानित वसूली को 2009-10 वर्ष को आधार मानते हुए 3.76% वार्षिक की दर से बढ़ाया गया है। उक्त तीन वर्षों के लिए अनुमानित विविध संपदा संबंधी आय को 2009-10 के उसी स्तर पर रखा गया है जो जेएनपीटी द्वारा पेश किया गया था।

संपदा किरायों की दरों को सरकार द्वारा घोषित भूमि नीति मार्गदर्शियों के अनुसार निर्धारित किया जाना है। हमारी ओर से बार-बार अनुस्मारकों और जेएनपीटी द्वारा समय-समय पर आश्वासनों के बावजूद, पत्तन ने जेएनपीटी पर संपदा किरायों के संशोधन के लिए अभी तक कोई प्रस्ताव दाखिल नहीं किया है। तथापि, संपदा किरायों से अनुमानित आय पर इस अभ्यास कर्म में, विचार केवल पत्तन की वित्तीय / लागत स्थिति सुनिश्चित करने और यह देखने के लिए किया गया है कि क्या इस गतिविधि से कोई अधिशेष उभरता है जिसका उपयोग अन्य घाटा देने वाली गतिविधि को अर्थ-सहायता देने के लिए किया जा सके, जैसा कि प्रशुल्क नीति मार्गदर्शियों की धारा 2.11.5 में प्रदत्त है।

(ङ) वर्ष 2010-11 से 2012-13 तक के वर्षों के लिए विभिन्न बीओटी प्रचालकों की अनुमानित मालढुलाई के लिए समायोजित वर्ष 2009-10 के लिए वास्तविक रायल्टी / राजस्व भाग प्राप्तियों पर आधारित, 2010-11 से 2012-13 तक के वर्षों के लिए जेएनपीटी द्वारा प्रस्तुत, बीओटी प्रचालकों से अनुमानित रायल्टी / राजस्व भाग प्राप्तियों एस्क्रो एकाउंट को लाभ के रूप में मानी गई हैं, जैसा जेएनपीटी ने प्रस्तावित किया है। एस्क्रो एकाउंट को प्रोद्भवन और एस्क्रो एकाउंट से राशि-व्यय, वर्ष 2006-07 से 2009-10 तक वर्षों के वास्तविक और 2010-11 से 2012-13 तक के वर्षों के लिए अनुमानों के साथ नीचे तालिका में दिए गए हैं :-

चौरा	वास्तव्यक				अनुमान		
	2006-07	2007-08	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13
अथ जमा शेष	7997.20	27529.48	61801.38	102639.37	146126.18	203689.34	261456.77
जोड़िए: रायल्टी / राजस्व भाग प्राप्तियां: वर्ष के दौरान	19532.28	84271.90	40837.99	52054.27	57563.16	57767.43	62732.04
उप-योग:	27529.48	61801.38	102639.37	154593.64	203689.34	261456.77	324179.87
घटाइए: वर्ष के दौरान धनराशि उपयोग	0.00	0.00	0.00	8567.46	0.00	0.00	0.00
अंत जमा शेष	**27529.48**	**4801.38**	**102539.37**	**146126.18**	**203689.34**	**261456.77**	**324179.81**

जैसाकि पहले बताया गया है, प्रशुल्क मार्गदर्शियों के अनुसार, किसी विशेष वर्ष में एस्क्रोएकाउंट में संचित धन पांच वर्ष के भीतर बुनियादी संरचना विकास में इस्तेमाल किया जाना चाहिए। तद्नुसार, 2008-09 तक रू. 102639.37 लाख की कुल अनुमानित जमा राशि 2012-13 तक उपयोग कर ली जानी चाहिए। वर्ष 2009-10 के दौरान वास्तव में उपयोग कर ली गई राशि रू.8567.46 लाख घटा लेने के बाद, वर्ष 2010-11 से 2012-13 तक खर्च किये जाने के लिए रू.94071.91लाख की राशि शेष बचती है। जेएनपीटी ने बताया है कि उसका प्रस्ताव रू. 1300.00 करोड़ की संशोधित

अनुमानित लागत पर पूंजीगत निकर्षण प्रोजैक्ट के लिए और रू.241.00 करोड़ प्रोजैक्ट से प्रभावित व्यक्तियों को भूमि के आबंटन के लिए एस्क्रो एकाउंट में जमा धन राशि का उपयोग करने का है। इसलिए, इस प्रशुल्क संशोधन कवायद में, 2008-09 तक एस्क्रो एकाउंट में जमा हुए धन को प्रचालन आय नहीं माना गया है। किन्तु, वर्ष 2010-11 से 2012-13 के दौरान एस्क्रो एकाउंट से वास्तव में खर्च की गई राशि का निर्धारण / आकलन अगली प्रशुल्क समीक्षा के दौरान किया जाएगा और अप्रयुक्त राशि यदि कोई होगी, तो वह प्रचालन आय के रू प में मानी जाएगी।

(च) जैसाकि पहले स्पष्ट किया गया है, जेएनपीटी ने 2006-07 से 2009-10 के दौरान बीओटी प्रचालकों से प्राप्त रायल्टी / राजस्व भाग से इतर आय को प्रशुल्क निर्धारण के प्रयोजन से नहीं लिया है। साथ ही वर्ष 2010-11 से 2012-13 के लिए इस संबंध में किसी अनुमानित आय पर विचार नही किया है। चूंकि हमने विगत अवधि में बीओटी प्रचालकों से प्राप्त इस प्रकार की अन्य आय को मान्य किया है और समूचे पत्तन की व्यापाक वित्तीय / लागत स्थिति पर विचार करने के लिए वर्ष 2010-11 से 2012-13 तक के लिए इस मद में अनुमानित आय को वर्ष 2009-10 के दौरान वास्तव में वसूल की गई आय के बराबर लिया गया है। ऐसी आय के अनुरू प व्यय भी वर्ष 2009-10 के वास्तविक के स्तर पर, कोई वृद्धि अनुमत किये बिना, 2010-11 से 2012-13 तक के लिए इस आधार पर अनुमत की गई है कि खर्चों में किसी भी वृद्धि की बीओटी प्रचालकों से तदनुरू प वसूली द्वारा पूरी तरह भरपायी की जाएगी।

(vii) संशोधित प्रशुल्क मार्गदर्शियों की धारा 2.5.1 मांग करती है कि महापत्तनों / टर्मिनल प्रचालकों के व्यय प्रोजैक्शन सभी वस्तुओं के लिए थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यू पीआई) की वर्तमान हलचल के संदर्भ से मूल्य उतार-चढ़ाव के लिए समायोजित यातायात के अनुरू प होने चाहिए। जेएनपीटी ने अक्तूबर 2008 के अपने प्रस्ताव में कहा था कि तात्कालिक रू प से प्रचलित 4.6.7 की स्फीति घटक यथार्थ-स्थितियों के अनुरू प नहीं था और प्राधिकरण को जेएनपीटी के प्रस्ताव पर कार्यवाही करते समय उच्चतर प्रतिशतता अनुमत करनी चाहिए। जुलाई 2010 के संशोधित प्रस्ताव में जेएनपीटी ने बताया है कि 2007-08 से 2009-10 तक वर्तमान स्फीति दर 6% से 12%तक है, हालांकि प्राधिकरण के मार्गदर्शियों के अनुसार प्रशुल्क संशोधन प्रस्ताव में, 16% के आरओसीई और केवल 3.76% के स्फीति घटक पर प्रोजैक्शन के लिए विचार किया गया है। किन्तु, उसने यह भी बताया है कि उसने, वेतन एवं दिहाड़ी, विद्युत एवं ईंधन प्रभार, पेंशन एवं उपादान इत्यादि जैसे व्ययों की कुछ मदों के लिए वृद्धि की उच्चतर दरों पर विचार किया गया है और उसने उसी के समर्थन में औचित्य प्रस्तुत किया है। प्रचालन व्यय के अनुमानों पर निम्नलिखित पैराग्राफों में विचार विमर्श किया गया है :-

(viii) कंटेनर प्रहस्तन गतिविधि

(क) जेएनपीटी ने वर्ष 2010-11 से 2012-13 तक के लिए व्यय की कथित मदों के व्यय का अनुमान लगाने के लिए वर्ष 2009-10 के लिए वास्तविक वेतन एवं दिहाड़ी पर 10% वार्षिक वृद्धि पर विचार किया है। उसके बाद, पत्तन ने समूचे पत्तन के लिए वर्ष 2010-11 के लिए वेतन एवं दिहाड़ी का संशोधित अनुमान रू.10892.96 लाख प्रस्तुत किया है जिसमें सरकार द्वारा अगस्त 2010 में घोषित अधिकारियों के वेतर संशोधन पर ज़ोर दिया गया और दिसंबर 2010 तक वास्तविक वेतन एवं दिहाड़ी पर विचार किया गया है। वर्ष 2010-11 के लिए जेएनपीटी द्वारा प्रस्तुत वेतन एवं दिहाड़ी के संशोधित अनुमान पर विश्वास किया गया है और अगले दो वर्षों के लिए जेएनपीटी द्वारा प्रस्तुत

अनुमानों को, वर्ष 2010-11 के अनुमान को आधार मानते हुए, 3.76% वार्षिक वृद्धि लागू करके परिष्कृत किया गया है।

(ख) जेएनपीटी ने वर्ष 2010-11 से 2012-13 तक के वर्षों के लिए वास्तविक विद्युत लागत का अनुमान लगाने के लिए वर्ष 2009-10 की वास्तविक विद्युत लागत पर 10% वार्षिक वृद्धि पर विचार किया है। बाद में, पत्तन ने अप्रैल 2010 से दिसंबर 2010 तक की अवधि के लिए वास्तविक विद्युत लागत प्रस्तुत की है। वर्ष 2010-11 के लिए जेएनपीटी द्वारा प्रस्तुत अनुमानित विद्युत लागत, दिसंबर 2010 तक जेएनपीटी द्वारा प्रस्तुत वास्तविक विद्युत लागत के आधार पर उसे अगले तीन महिनों के लिए बाह्य आकलित करके संशोधित की गई है। किन्तु अगले दो वर्षों, 2011-12 और 2012-13 के लिए अनुमानों को वर्ष 2010-11 का अनुमान आधार मानते हुए उस पर 3.76% का वृद्धिकारी घटक लागू करते हुए संशोधित किया गया है। जेएनपीटी ने खर्च किए गए यूनिटों और प्रति यूनिट की औसत लागत, लागत विवरणी में प्रदत्त प्रारूप में प्रस्तुत नहीं की है। इस प्रकार के विवरण के अभाव में हम, इस प्रकार के विवरण के अभाव में प्रति टीईयू खर्च हुए यूनिटों के रूप में कार्य क्षमता का मूल्यांकन करने में असमर्थ हैं। अपेक्षित विवरण प्रस्तुत न करने का कारण प्रस्तुत नहीं किया है, विशेषकर तब, जब जेएनपीटी निजी टर्मिनल प्रचालक इस प्रकार का विवरण प्रस्तुत करने में सक्षम हैं। इसलिए, जेएनपीटी को सलाह दी जाती है कि वह अपने प्रशुल्क की अगली समीक्षा में निर्धारित / प्रदत्त प्रारूप में संपूर्ण विवरण प्रस्तुत करे।

(ग) जेएनपीटी ने वर्ष 2010-11 से 2012-13 तक के वर्षों के लिए ईंधन लागत अनुमानित करने के लिए वर्ष 2009-10 के लिए वास्तविक ईंधन लागत पर 10% वार्षिक वृद्धि पर विचार किया है। जेएनपीटी ने, इसके द्वारा वृद्धि की उच्चतर दर पर विचार करने के समर्थन में जनवरी 2009 से जून 2010 तक ईंधन मूल्य में वास्तविक वृद्धि का संदर्भ दिया है। किन्तु, चूंकि जेएनपीटी ने प्रासंगिक वर्षों के लिए ईंधन की खपत और औसत यूनिट लागत प्रस्तुत नहीं की है, हम इस प्रकरण के विश्लेषण के समय के समय प्रचलित वास्तविक यूनिट ईंधन लागत पर विचार करते हुए अनुमानित ईंधन लागत को संशोधित करने की स्थिति में नहीं हैं। ऐसी स्थिति में, हमने, इस संबंध में वर्ष 2010-11 से 2012-13 के लिए जेएनपीटी द्वारा प्रस्तुत अनुमानों को, वर्ष 2009-10 को आधार मानते हुए, वर्ष 2009-10 के लिए वास्तविक ईंधन लागत पर 3.76% वार्षिक का वृद्धिकारी घटक लगाते हुए, संशोधित किया है।

(घ) मरम्मत और अनुरक्षण व्यय, जेएनपीटी द्वारा 2009-10 के लिए वास्तविकों के आधार पर अनुमानित किया गया है। पत्तन ने खर्चों के 50% पर परिवर्ती (वेरियेब्ल) के रूप में विचार किया है और उसे 2009-10 के वास्तविक यातायात 2010-11 से 2012-13 तक के अनुमानित यातायात के संदर्भ से समायोजित किया है और 2009-10 को आधार मानते हुए, 2009-10 के वास्तविक खर्च का शेष 50%, 3.76% की वार्षिक वृद्धि के साथ (अनुमानित यातायात के लिए समायोजित किए बिना) सीधे-सीधे बढ़ाया गया है। यद्यपि, 50% को परिवर्तनशील और 50% को स्थिर मानने का जेएनपीटी ने कोई कारण नहीं प्रस्तुत किया है, जेएनपीटी द्वारा अपनाए गए नजरिए पर विश्वास किया गया है।

(ङ) **अन्य व्यय**

जेएनपीटी ने कंटेनर प्रहस्तन गतिविधि के अंतर्गत अन्य सभी प्रत्यक्ष खर्चे, "अन्य व्यय" के अंतर्गत माने हैं। अन्य व्यय के अंतर्गत मानी गई प्रमुख मदों में सामग्री की खपत, जल प्रभार, छोटे-मोटे कार्य, कर्मचारी कल्याण, कर्मचारी प्रोत्साहन, उपकरण किराये पर लेना, बीमा, अभियांत्रिकी सेवाएं, भंडार, पीपीडी एवं अन्य शेष सामान्य कार्यालय व्यय जैसे डाक व्यय, छपाई और लेखन पठन सामग्री, यात्रा-व्यय, कानूनी और व्यावसायिक प्रभार इत्यादि शामिल हैं। इन खर्चों का निम्नानुसार विश्लेषण किया गया है :

(i) "सामग्री की खपत" के अनुमान के लिए जेएनपीटी द्वारा अपनाया गया दृष्टिकोण "मरम्मत और अनुरक्षण" के समान है और विश्वास किया गया है।

(ii) जेएनपीटी ने 90 ट्रैक्टर ट्रेलरों और 7 रीच स्टेकर्स के बेड़े के लिए किराया प्रभार का अनुमान लगाया है। रीच स्टेकर्स के बारे में जेएनपीटी ने जनवरी 2011 तक प्रचलित किरायों पर विचार किया है और फरवरी 2011 से आगे के लिए किराया प्रभारों के अनुमान के लिए विभागीय अनुमानों पर विचार किया है, जैसा इसके द्वारा सूचित किया गया है। किन्तु जेएनपीटी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजी साक्ष्यों से यह दिखायी देता है कि वर्तमान अनुबंध (ढेका) जूलाई 2011 तक विस्तारित किया गया है। इसलिए वर्तमान दरों पर जुलाई 2011 तक विचार किया गया है और जेएनपीटी द्वारा प्रस्तुत विभागीय अनुमानों पर भरोसा किया गया है और उन पर अगस्त 2011 और उसके बाद के लिए विचार किया गया है।

ट्रैक्टर ट्रेलरों के विषय में, जेएनपीटी ने अप्रैल 2011 तक प्रचलित दरों पर विचार किया है और मई 2011 तथा बाद के लिए अनुमानित विभागीय दर पर विचार किया है। किन्तु, दस्तावेजी साक्ष्य दर्शाते हैं कि प्रचलित दरें केवल मार्च 2011 तक ही वैध हैं और जेएनपीटी द्वारा प्रस्तुत विभागीय दरों पर विश्वास करते हुए अप्रैल 2011 से विभागीय दरों पर विचार किया गया है। यह भी देखा गया है कि भावी अनुबंध के लिए विभागीय अनुमान में, वर्तमान अनुबंध के 90 ट्रैक्टर ट्रेलरों की बजाय 80 ट्रैक्टर ट्रेलरों पर ही विचार किया गया है। अप्रैल 2011 से अनुमानित किराया प्रभारों को तद्नुसार समायोजित किया गया है।

ट्रैक्टर ट्रेलरों और रीच स्टेकर्स की मद में किराया प्रभारों का अनुमान प्रति टीईयू दर से जुड़ा हुआ नहीं है जैसाकि कार्य आदेश और अनुमानित माल ढुलाई में उल्लेख किया गया है। जेएनपीटी द्वारा सूचित किया गया है कि ठेकेदार को देय प्रभार उनके द्वारा प्रचालित प्रभावी दौरों पर आधारित है और जेएनपीटी को न्यूनतम भुगतान बाध्यता का भी अनुपालन करना है। इसलिए, पत्तन ने वर्ष 2009-10 के वास्तविकों (अनुमानित माल ढुलाई के लिए समायोजित) के आधार पर अनुमानों की गणना की है। जेएनपीटी द्वारा सूचित की गई स्थिति पर भरोसा किया गया है।

(iii) कर्मचारी प्रोत्साहन का अनुमान, वृद्धि अनुमत किए बिना अनुमानित माल ढुलाई के लिए समायोजित, वर्ष 2009-10 के लिए वास्तविक खर्चों के आधार

पर किया गया जै । जेएनपीटी द्वारा अपनायी गई प्रक्रिया (दृष्टिकोण) पर विश्वास किया गया है।

(iv) जेएनपीटी ने अपने संशोधित प्रस्ताव में, 2009-10 के वास्तविक के आधार पर बीमा लागत का अनुमान 3.76 वार्षिक के अनुप्रयोज्य वृद्धिकारी घटक के साथ, अनुमानित किया है । जेएनपीटी ने बाद में, वर्ष 2010-11 के लिए इसके द्वारा भुगतान किए गए वास्तविक बीमा प्रीमियम, दस्तावेजी सबूतों के साथ प्रस्तुत किया है । हमने, जेएनपीटी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर वर्ष 2010-11 के अनुमानों को संशोधित किया है । अगले दो वर्षों के अनुमानों को, कोई भी वृद्धि अनुमत किए बिना वर्ष 2010-11 के स्तर पर ही रखा गया है । देखा गया है कि वर्ष 2010-11 से 2012-13 तक तीन वर्षों की अनुमानित बीमा लागत परिसंपत्तियों के सकल खंड के मूल्य की सीमा के 1% के भीतर ही है ।

(v) जेएनपीटी द्वारा अन्य सभी खर्चों का अनुमान, वर्ष 2009-10 को आधार वर्ष मानकर, वर्ष 2009-10 के वास्तविक व्यय के आधार पर, 3.76% वार्षिक वृद्धि के साथ किया गया है । इसलिए इन मदों के लिए जेएनपीटी द्वारा प्रस्तुत अनुमान बिना किसी परिवर्तन माने (स्वीकार किए) गए हैं ।

(ix) <u>बल्क प्रहस्तन गतिविधि</u>

वेतन एवं दिहाड़ी, विद्युत लागत एवं मरम्मत तथा अनुरक्षण (लागत) का जेएनपीटी द्वारा अनुमान, कंटेनर प्रहस्तन गतिविधि के लिए अपनायी गई प्रक्रिया (दृष्टिकोण) का अनुसरण करके लगाया गया है । बल्क प्रहस्तन गतिविधि के लिए अन्य व्ययों में सामग्री की खपत, जल-प्रभार, कर्मचारी कल्याण, अन्य सामान्य कार्यालय व्यय सम्मिलित हैं । इन खर्चों का अनुमान लगाने के लिए हमने वही नजरिया अपनाया है जो कंटेनर प्रहस्तन गतिविधि के अंतर्गत स्पष्ट किया गया है ।

(x) समुद्री गतिविधि

(क) वर्ष 2010-11 से 2012-13 के लिए वेतन एवं दिहाड़ी, विद्युत, ईंधन एवं मरम्मत तथा अनुरक्षण की मद में खर्चों के जेएनपीटी द्वारा प्रस्तुत अनुमानों को उसी नजरिये का अनुसरण करके, जो कंटेनर प्रहस्तन गतिविधि के अंतर्गत अपनाया गया था, सुधारा गया है, जैसा पिछले पैरग्राफों में स्पष्ट किया गया है ।

(ख) जेएनपीटी ने अनुरक्षण निकर्षण खर्चों का वर्ष 2009-2010 को आधार मानते हुए वर्ष 2009-10 के वास्तविक के आधार पर, 3.76% वृद्धि के साथ अनुमान लगाया है ।

(ग) समुद्री गतिविधि के अन्तर्गत अन्य व्ययों में सामग्री की खपत, पत्तन के जहाजों / पोतों के लिए श्रमिक उपलब्ध करवाना, टग्स एवं लॉंचों को किराये पर लेना, बीमा, जल प्रभार, छोटे मोटे कार्य, कर्मचारी कल्याण और अन्य सामान्य कार्यालय व्यय सम्मिलित हैं । पत्तन के पोतों को श्रमिक उपलब्ध करवाने और टग्स तथा लॉंचों के किराये की मद में अनुमानित व्यय का नीचे विश्लेषण किया गया है:

(i) वर्ष 2009-10 के लिए पत्तन पोतों को श्रमिक उपलब्ध करवाने की मद में वास्तविक व्यय जो एक आउट-सोर्सड मद हैं, वार्षिक लेखा (हिसाब किताब)

में रू. 653.83 लाख सूचित किया गया है । जेएनपीटी ने बताया है कि चूंकि पत्तन के 3 वर्तमान पोत अप्रैल 2010 से हटा दिए गए हैं, इन पोतों के संबंध में श्रमिक उपलब्ध करवाने वाले अनुबंध रद्द कर दिए गए हैं और व्यय की इस मद में वर्ष 2010-11 से 2012-13 तक रू. 107.61 लाख प्रति वर्ष की राशि समान रूप से अनुमानित की गई है । जेएनपीटी द्वारा प्रस्तुत अनुमान पर विचार किया गया है । तथापि, जेएनपीटी द्वारा प्रस्तुत गणनाओं से देखा गया है कि इसके द्वारा प्रस्तुत अनुमानों में सेवाकर भी शामिल है । सेनवाट क्रेडिट रूल्स, 2004 के नियम 3 के अनुसार कर योग्य सेवा के प्रदाता को आउटपुट सेवाओं के प्रदाता द्वारा प्राप्त किसी इन्पुट सेवा पर भुगतान किए गए सेवाकर का उधार लेना अनुमत किया जाएगा और उधार का उपयोग आउट पुट सेवाओं पर सेवाकर के भुगतान के लिए किया जाए । पत्तन कानून में उपलब्ध लाभ का उपयोग कर सकता है और इसका बोझ उपयोगकर्त्ताओं पर डालने से बच सकता है । इसलिए, जेएनपीटी के अनुमान में शामिल किये गये सेवाकर अवयव को बाहर रखा गया है ।

(ii) जेएनपीटी ने टग्स एवं लांचों के किराया की मद में वर्ष 2010-11 से 2012-13 तक के लिए क्रमश: रू. 5248.27 लाख रू. 6022.70 लाख और रू. 6091.80 लाख की राशि का अनुमान किया है । जेएनपीटी द्वारा प्रस्तुत गणनाएं दर्शाती हैं कि टग्स और लांचों के वर्तमान बेड़े में 5 टग्स और 3 पाइलट लाँचें शामिल हैं । अपने अनुमानों के समर्थन में जेएनपीटी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजी साक्ष्यों से यह देखा गया है कि दैनिक किराया दर में किसी वृद्धि के बिना और दो वर्षों के विस्तार के प्रावधान के साथ अनुबंध की अवधि 5 वर्ष है, किन्तु टग पूर्णिमा के बारे में दैनिक किराया दर में 5% वार्षिक की वृद्धि के प्रावधान के साथ 2 वर्ष के विस्तार के साथ अनुबंध की अवधि 10 वर्ष है । जेएनपीटी द्वारा प्रस्तुत गणनाएं दर्शाती हैं कि दैनिक किराया दर वर्ष में सभी 365 दिनों के लिए देय हैं । जेएनपीटी द्वारा टग पूर्णिमा के लिए, विचार की गई दैनिक किराया दर में देखी गई अंकगणितीय त्रुटि ठीक की गई है और जेएनपीटी द्वारा प्रस्तुत अनुमान, पिछले पैराग्राफों में वर्णित कारणों से, जेएनपीटी द्वारा विचार किए (शामिल किए) गए सेवाकर अवयव को बाहर रखते हुए, सुधारा गया है ।

जेएनपीटी ने अप्रैल 2010 और उसके बाद टग पूर्णिमा के स्थान पर कोई अन्य टग किराये पर लेने के लिए रू.25000/- प्रतिदिन का अतिरिक्त किराया प्रभार पर विचार किया है । किन्तु, इसने अतिरिक्त किराया प्रभार के समर्थन में कोई दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया है । इसलिए, टग पूर्णिमा के लिए माने गए अतिरिक्त किराया प्रभार पर विचार नहीं किया गया है।

उपरोक्त के अलावा, जेएनपीटी ने 3 टग, 3 पाइलट लांच, एक सुरक्षा लांच और एक बहुउद्देशीय नौका किराए पर लेना विचार किया है। बताया गया है कि 3 नए टग्स किराये पर लेना, अप्रैल 2010 से हटाए गए पत्तन के स्वामित्व वाले तीन पोतों के बदले हैं। जेएनपीटी ने 3 टग्स और 1 पायलट लांच किराये पर लेने के समर्थन में दस्तावेज भी प्रस्तुत किए हैं। ये टग और लांच वर्ष 2010-11 के दौरान पहले ही किराये पर लिए गए हैं। शेष पोतों के बारे में, पत्तन ने बताया है कि उसने विभागीय अनुमानों पर विचार किया है क्योंकि

अनुबंधों को अभी अंतिम रूप दिया जाना है। इस बारे में जेएनपीटी द्वारा प्रस्तुत अनुमानों पर, सेवा कर अवयव को बाहर निकाले जाने की शर्त पर जैसाकि पहले बताया गया है, विचार किया गया है। टग्स और लान्चों के किराए की मद में कुल व्यय, वर्ष 2010-11 से 2012-13 के लिए क्रमशः रू. 4084.64 लाख, रू.4712.76 लाख और रू.4755.16 लाख परिगणित होता है। यद्यपि, पत्तन ने 3 नए पाइलट लांच, एक सिक्यूरिटी लांच और एक मल्टीपर्पज लांच किराए पर लेने का कोई औचित्य प्रस्तुत नहीं किया है, हमने यह मानते हुए कि ये पत्तन की प्रचालनीय आवश्यकताओं के अनुसार है, इन अतिरिक्त पोतों के लिए अनुमानित किराया प्रभार पर विचार किया है।

(iii) अन्य व्यय की शेष मदों पर, उसी प्रक्रिया का अनुसरण करके विचार किया गया है जो कंटेनर प्रहस्तन गतिविधि के अंतर्गत अपनायी गई थी, जैसा पिछले पैराग्राफों में स्पष्ट किया गया है।

(iv) जेएनपीटी ने समुद्री गतिविधि के अन्तर्गत खर्चों की एक नई मद, वीटीएमएस टावर के अनुरक्षण से संबंधित व्यय के जेएनपीटी के भाग के रूप में, वर्ष 2010-11 से 2012-13 तक प्रत्येक वर्ष के लिए रू.136.21 लाख पर विचार किया है। जेएनपीटी की ओर से वीटीएमएस टावर के निर्माण (खड़ा करने) की पूंजीगत लागत वर्ष 2010-11 के लिए सकल खंड में अभिवृद्धियों के तहत शामिल की गई हैं जिस पर इस विश्लेषण के उत्तरार्ध में विचार विमर्श किया गया है। इसलिए, इस संबंध में जेएनपीटी द्वारा प्रस्तुत किए गये अनुमान पर अगली प्रशुल्क समीक्षा में वास्तविक के सत्यापन के अधीन विचार किया गया है।

(xi) <u>संपदा गतिविधि</u>

(क) वेतन एवं दिहाड़ी की मद में वर्ष 2010-11 से 2012-13 के लिए जेएनपीटी द्वारा प्रस्तुत खर्चों के अनुमान, जैसाकि पिछले पैराग्राफों में व्यक्त किया गया है, उसी प्रक्रिया को अपनाते हुए संशोधित किए गए हैं जो कंटेनर प्रहस्तन गतिविधि के मामले में अपनायी गई थी।

(ख) जेएनपीटी ने वर्ष 2009-10 को आधार मानते हुए वर्ष 2009-10 के वास्तविक खर्चों के आधार पर, 10% वार्षिक वृद्धि के साथ, वर्ष 2010-11 से 2012-13 के लिए विद्युत लागत अनुमानित की है। जैसाकि पहले बताया गया है, जेएनपीटी ने बाद में, अप्रैल 2010 से दिसंबर 2010 तक की वास्तविक विद्युत लागत प्रस्तुत की थी। अप्रैल 2010 से दिसंबर 2010 तक वास्तविक लेते हुए और अगले तीन माह के लिए उसका बाह्याकलन करते हुए वर्ष 2010-11 के लिए विद्युत लागत के अनुमान को संशोधित किया गया था। वर्ष 2010-11 को आधार लेते हुए, वर्ष 2010-11 के लिए अनुमान पर 3.76% वार्षिक वृद्धि लागू करते हुए अगले दो वर्षों 2011-12 और 2012-13 के लिए अनुमानों पर विचार किया गया है।

(ग) संपदा गतिविधि के अंतर्गत अन्य सभी खर्चे यथा, मरम्मत एवं अनुरक्षण सामग्री खपत, जल प्रभार, छोटे-मोटे काम, सामान्य किस्म के कार्यालयीन

खर्चे इत्यादि का जेएनपीटी द्वारा, वर्ष 2009-10 को आधार मानते हुए और वर्ष 2009-10 के लिए विभिन्न वास्तविक खर्चों के आधार पर, 3.76% वार्षिक वृद्धि के साथ, वर्ष 2010-11 से 2012-13 तक के लिए अनुमान किया गया है। इस संबंध में जेएनपीटी द्वारा प्रस्तुत अनुमानों पर बिना किसी फेरबदल विचार किया गया है।

(xii) जैसाकि पहले स्पष्ट किया गया है, कंपनी अधिनियम के अनुसार, जेएनपीटी द्वारा वर्ष 2006-07 से 2008-09 तक के वर्षों के लिए प्रस्तुत मूल्यहास की राशि पर बिना किसी परिवर्तन विचार किया गया है। इसी प्रकार, वर्ष 2010-11 से 2012-13 के लिए वर्तमान परिसंपत्तियों के अनुमानित मूल्यहास भी बिना किसी संशोधन विचार किया गया है। जेएनपीटी द्वारा प्रस्तुत सकल खंड में अभिवृद्धियों पर इस विश्लेषण के उत्तरार्ध में चर्चा की गई है। जैसा पहले बताया गया है जेएनपीटी ने, विभिन्न परिसंपत्तियों के प्रचालन में आने की तिथि का विचार किए बिना मूल्यहास की गणना पूरे वर्ष के लिए की है और उसने 2010-11 से 2012-13 तक के वर्षों के दौरान सकल खंड में प्रस्तावित अभिवृद्धियों के लिए प्रचालन की निर्धारित / अपेक्षित तिथियों का विवरण प्रस्तुत नहीं किया है। इसको देखते हुए हमने वर्ष 2010-11 से 2012-13 के दौरान सकल खंड में ली गई सभी अभिवृद्धियों पर मूल्यहास को औसतन वार्षिक मूल्यहास के 50% तक संशोधित कर दिया है।

वर्ष 2010-11 से 2012-13 के लिए अनुमानित मूल्यहास, प्रत्येक लागत केन्द्र के तहत चिह्नित अलग-अलग परिसंपत्तियों के आधार पर विभिन्न लागत केन्द्रों, यथा, कंटेनर प्रहस्तन रेलवे, बल्क, समुद्री गतिविधि, बीओटी और सामान्य प्रशासन परिसंपत्तियों को आबंटित किया गया है। रेलवे परिसंपत्तियों पर मूल्यहास कंटेनर प्रहस्तन गतिविधि के अन्तर्गत और बीओटी परिसंपत्तियों पर मूल्यहास संपदा गतिविधि के अंतर्गत शामिल किया गया है। सामान्य प्रशासन परिसंपत्तियों पर मूल्यहास प्रबंधन एवं सामान्य उपरिव्यय को जोड़ा गया है और, अलग-अलग वर्षों के लिए विभिन्न मुख्य गतिविधियों के मूल्यहास समेत प्रत्यक्ष प्रचालन व्ययों के आधार पर मुख्य गतिविधियों को आबंटित किया गया है। इस विश्लेषण में, जेएनपीटी द्वारा विचार किए गए प्रोद्भाजन के आधार पर विश्वास किया गया है।

(xiii) जेएनपीटी ने, वर्ष 2010-11 से 2012-13 के लिए उपरिव्यय के अनुमानन के प्रयोजन से, वर्ष 2009-10 को आधार मानते हुए, वर्ष 2009-10 के वास्तविक प्रबंधन एवं सामान्य उपरिव्यय पर 3.76% वार्षिक वृद्धि का विचार किया है। जेएनपीटी द्वारा वर्ष 2010-11 से 2012-13 के लिए अनुमानित प्रबंधन एवं सामान्य उपरिव्यय पर बिना किसी परिवर्तन विचार किया गया है। जेएनपीटी ने प्रत्यक्ष प्रचालन लागत के आधार पर जिस पर भी विचार किया गया है, विभिन्न गतिविधियों में अनुमानित प्रबंधन उपरिव्यय का प्रोद्भाजन किया है।

(xiv) वर्ष 2010-11 से 2012-13 तक के वर्षों के लिए अनुमानित वित्त एवं विविध आय वर्ष 2009-10 के लिए बतायी गई वास्तविक वित्त एवं विविध आय के स्तर पर माल ढुलाई में कमी के लिए अर्थदंड को छोड़कर, यथावत रखा गया है। वर्ष 2010-11 से 2012-13 के लिए अनुमानित वित्त एवं विविध आय, जेएनपीटी द्वारा अपनायी गई प्रक्रिया के अनुसार, अलग-अलग वर्षों के लिए अलग-अलग गतिविधियों की प्रचालन आय के आधार पर चार गतिविधियों को प्रोद्भाजित कर दी गई है।

(xv) जैसाकि पहले बताया गया है, जेएनपीटी के वित्त एवं विविध व्ययों में बीमांककी मूल्यांकन के अनुसार पेंशन एवं उपादान और अन्य मदें आती हैं। जेएनपीटी ने, वर्ष 2010-11 में क्रियान्वित अधिकारियों के वेतन संशोधन के प्रभाव को देखते हुए, वर्ष 2009-10 में वास्तविक अंशदान के ऊपर वर्ष 2010-11 के लिए पेंशन एवं उपादान अंशदान में 50% की वृद्धि पर विचार किया है। जेएनपीटी द्वारा सूचित स्थिति पर विश्वास किया गया है और वर्ष 2010-11 के लिए 50% वृद्धि पर विचार किया गया है। किन्तु, वर्ष 2010-11 के लिए वित्त एवं विविध व्ययों की अन्य मदों के बारे में अनुमान पर 2009-10 के वास्तविकों पर 3.76% वृद्धि अनुमत करके जैसा जेएनपीटी द्वारा प्रस्तुत किया गया है, विचार किया गया है। पेंशन संबंधी अंशदान समेत अगले दो वर्षों के लिए अनुमान, वर्ष 2010-11 को आधार मानते हुए, वर्ष 2010-11 के अनुमानों पर 3.76% वार्षिक की वृद्धि के साथ अनुमानित किए गए हैं।

(xvi) (क) जेएनपीटी ने इसके द्वारा प्रस्तुत संशोधित लागत विवरणी (फार्म 4 ए) में वर्ष 2010-11 से 2012-13 के दौरान सकल खंड में क्रमशः रू.30609 लाख, रू.65485 लाख और रू.56200 लाख की अनुमानित वृद्धियों पर विचार किया है। जेएनपीटी ने उक्त वर्षों के दौरान सकल खंड में जोड़े जाने वाली अलग-अलग परिसंपत्तियों का विवरण भी प्रस्तुत किया है (फार्म 4 बी)

फार्म 4 बी में इसके द्वारा प्रस्तुत विवरण के अनुसार, जेएनपीटी द्वारा प्रस्तावित वर्ष वार अभिवृद्धियां नीचे तालिका में दी गई हैं :-

(रू. लाखों में)

क्र.सं.	अभिवृद्धियों का ब्यौरा	2010-11	2011-12	2012-13	कुल
(i)	वापिस खरीद व्यवस्था पर 3 पुरानी आरएमक्यूसी के बदले 3 नई आरएमक्यूसी अर्जित करना	6400.00	2100.00	0.00	8500.00
(ii)	एक वर्तमान पुरानी आरएमक्यूसी एमसीबी से एसडी बो अंतरित करना और एक नई आरएमक्यूसी अर्जित करना	3200.00	0.00	200.00	3400.00
(iii)	2 वर्तमान आरएमक्यूसी एमसीबी से एसडीबी अंतरित करना और 3 नयी आरएमक्यूसी अर्जित करना	1800.00	7000.00	2200.00	11000.00
(iv)	1 वर्तमान आरएमजीसी के बदले 1 नई आरएमजीसी प्राप्त करना	1935.00	0.00	0.00	1935.00
(v)	पत्तन आधारित उद्योगों के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चरल विकास हेतु पर्यावरणीय उपाय	325.00	200.00	200.00	725.00
(vi)	वर्तमान सड़कों और यार्डों का अपग्रेडेशन	1500.00	1000.00	300.00	2800.00
(vii)	पत्तन आधारित उद्योगों के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर सुविधाएं -जोन-II	500.00	50.00	50.00	600.00
(viii)	वर्तमान संरचनाओं का पुनर्वास (आरओबी, करांल में)	100.00	200.00	100.00	400.00
(ix)	कंप्यूटर प्रणाली / डाटा सेंटर का अपग्रेडेशन	85.00	450.00	0.00	535.00

(x)	वीटीएस टावर का अपग्रेडेशन	51.00	0.00	0.00	51.00
(xi)	अर्थ फिलिंग जोन V	2542.00	0.00	0.00	2542.00
(xii)	अर्थ फिलिंग जोन II	3002.00	0.00	0.00	3002.00
(xiii)	अर्थ फिलिंग जोन V	4480.00	0.00	0.00	4480.00
(xiv)	जोन I में क्षेत्र का विकास	4714.00	0.00	0.00	4714.00
(xv)	करज जंक्शन स्थित आरओबी का संरचनात्मक पुनर्वास	0.00	1335.00	0.00	1335.00
(xvi)	पत्तन आधारित औद्योगिक जोन V के लिए आधारिक संरचनात्मक सुविधाएं	10.00	500.00	500.00	1010.00
(xvii)	मल-व्ययन प्रणाली का विकास	90.00	50.00	50.00	190.00
	फार्म4बी के अनुसार प्रस्तुत रकया गया कुल योग	**30734.00**	**12885.00**	**3600.00**	**47219.00**
	कुल योग जैसा फार्म 4 ए में प्रस्तुत किया गया है	**30509.00**	**12785.00**	**3500.00**	**46794.00**

लागत विवरणी (फार्म 4 ए) में वर्णित स्थिति तथा फार्म 4बी में प्रस्तुत विवरणों के बीच अंतर का कारण अभी तक अस्पष्ट ही रहा है। चूंकि फार्म 4ए प्रस्तावित निवेशों का ब्यौरा प्रदान नहीं करता है हमने फार्म 4बी में वर्णित स्थिति पर विश्वास किया है जो प्रस्तावित निवेशों का विवरण प्रदान करता है। सकल खंड को प्रस्तावित अभिवृद्धियों के विवरण पर नीचे चर्चा की गई है :-

(i) जेएनपीटी ने वापिस खरीद व्यवस्था पर वर्तमान 3 आरएमक्यूसी के बदले तीन नई आरएमक्यूसी अर्जित करने के लिए इसके द्वारा प्रस्तुत कार्य आदेश की एक प्रति प्रस्तुत की है। इस कार्य के लिए कार्य आदेश के अनुसार निर्धारित पूर्णता अवधि मई 2011 है। मार्च 2005 के प्रशुल्क मार्गदर्शियों के अनुसार प्रतिलाभ अनुमत करने के प्रयोजन से नियोजित पूंजी के अन्तर्गत केवल संपूर्ण की गई और प्रचालित की गई परिसंपत्तियों पर विचार किया जाना है। चूंकि इस परिसंपत्ति का परिचालन में आना 2011-12 में ही अपेक्षित है, वर्ष 2010-11 में जेएनपीटी द्वारा विचार किया गया रू .64.00 करोड़ का अनुमान वर्ष 2011-12 को अंतरित किया जाता है अर्थात वर्ष 2011-12 में कुल रू .85.00 करोड़ के अनुमान पर विचार किया गया है।

(ii) उपरोक्त तालिका में क्रम सं.(ii) के बारे में जेएनपीटी ने एक नया आरएमक्यूसी अर्जित करने के लिए कार्य-आदेश की एक प्रति प्रस्तुत की हैं। कार्य आदेश के अनुसार कार्य की निर्धारित पूर्णता अवधि नवंबर 2010 है, जेएनपीटी ने यह नहीं बताया है कि कार्य कार्यक्रम के अनुसार पूरा हो गया है। ऐसा लगता है कि काम अभी पूरा किया जाना है। इस प्रकार, रू .32.00 करोड़ का अनुमान वर्ष 2011-12 में लिया गया है। इसी कार्य के लिए वर्ष 2012-13 में लिये गये रु .2.00 करोड़ के अनुमान के समर्थन में जेएनपीटी ने कोई दस्तावेज नहीं प्रस्तुत किया है। ऐसा लगता है कि यह अनुमान वर्तमान एक आरएमक्यूसी मुख्य कंटेनर बर्थ से शैलो ड्रॉट बर्थ पर अन्तरित करने के लिए है। हमने पत्तन द्वारा प्रस्तुत किए गए अनुमान पर विश्वास किया है औ उसी पर विचार किया है।

(iii) उपरोक्त के अलावा, जेएनपीटी ने 3 नए आरएमक्यूसी अर्जित करने और 2 वर्तमान आरएमक्यूसी एसडीबी पर अंतरित करने का प्रस्ताव किया है और कुल रू.110.00 करोड़ के अनुमानित पूंजीगत परिव्यय को 2010-11 से 2012-13 तक के वर्षों में बांट दिया है। जहां तक कार्य के स्तर का संबंध है, जेएनपीटी ने बताया है कि वैश्विक निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। अनुमान की किसी दस्तावेजी साक्ष्य के साथ पुष्टि नहीं की गई है। यह सोचते हुए कि निविदाओं पर अंतिम निर्णय लेने में कुछ समय लग सकता है और उसके बाद, काम के पूरा होने में कम से कम 15 से 18 माह के समय की आवश्यकता पड़े, जैसाकि इसी प्रकार के कार्य के लिए जेएनपीटी द्वारा प्रस्तुत कार्य-आदेश की प्रतियों से देखा जा सकता है, सभी संभावनाओं में कार्य इस प्रशुल्क चक्र के शेष बचे भाग में अथवा अगले प्रशुल्क चक्र के आरंभिक भाग में संपन्न हो सकता है। इसलिए, इस संबंध में रू.110.00 करोड़ के जेएनपीटी के अनुमान पर विचार नहीं किया गया है।

(iv) क्रम सं. (iv) के अन्तर्गत कार्य प्रतिस्थापन / विनिमय आधार पर एक नई आरएमजीसी के अर्जन से संबंधित है। इस संबंध में, जेएनपीटी द्वारा प्रस्तुत की गई कार्य आदेश की प्रति से इसके द्वारा प्रस्तुत अनुमान की पुष्टि होती है। यद्यपि, कार्य आदेश के अनुसार निर्धारित पूर्णता समय फरवरी 2011 दिया गया है, जेएनपीटी ने कार्य की वर्तमान स्थिति पर कोई ब्यौरा प्रस्तुत नहीं किया है। इसलिए, इस कार्य की अनुमानित लागत पर वर्ष 2011-12 में विचार किया गया है।

